हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 24.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 152 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को सौंपा नियुक्ति पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को वर्चुअली नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक-डेढ़ साल में लगभग 10 लाख युवाओं को पक्की सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।

प्रधानमंत्री नवनियुक्त अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को उनकी जयंती पर नमन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि हमें इसी साल चौधरी साहब को भारत रत्न से सम्मानित करने का अवसर मिला। आज के दिन को हम किसान दिवस के रूप में मनाते हैं। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए युवा प्रतिभा को और निखारने की जरूरत बताते हुए कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। देश में सही मायने में विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें युवा प्रतिभा को और निखारना होगा। यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा व्यवस्था पर है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए देश अब उस दिशा में आगे बढ़ चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग सरकार की प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के जरिए लगातार इस दिशा में काम किया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थानों में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। सोमवार को भी 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। बीते एक डेढ़ साल में करीब 10 लाख युवाओं को हमारी सरकार ने पक्की सरकारी नौकरी दी है और ये अपने आप में बहुत बड़ा रिकॉर्ड है। पहले की किसी भी सरकार के समय इस तरह मिशन मोड में युवाओं को भारत सरकार में पक्की नौकरी नहीं मिली है लेकिन आज देश में न केवल लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं बल्कि ये नौकरियां पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह कल देररात ही कुवैत से लौटे है और वहां उनकी भारत के युवाओं और प्रोफेशनल्स से काफी बातें हुईं। अब यहां आने के बाद पहला कार्यक्रम देश के नौजवानों के साथ



हो रहा है। उन्होंने इसे एक सुखद संयोग बताया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी क्षमता को उजागर कर रहे हैं। आज देश के हजारों युवाओं के लिए जीवन की एक नई शुरूआत हो रही है। आपका वर्षों का सपना पूरा हुआ है, वर्षों की मेहनत सफल हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का गुजरता साल आपको और आपके परिवार को नई खुशियां देता हुआ जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले दशक की नीतियों को देखें। मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, हर योजना युवाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई है। भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी नीतियों में बदलाव किया। भारत ने अपने रक्षा क्षेत्र में मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया और इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को हुआ। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। आज जब कोई युवा अपना स्टार्टअप शुरू करने का फैसला करता है, तो उसे समर्थन देने के लिए पूरा इकोसिस्टम मिल जाता है। आज जब कोई युवा खेलों में अपना करियर बनाने की योजना बनाता है, तो उसे विश्वास होता है कि वह असफल नहीं होगा। आज खेलों में प्रशिक्षण से लेकर टूर्नामेंट तक हर कदम पर युवाओं के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आज हम कितने ही क्षेत्रों में आमूलचूल परिवर्तन देख रहे हैं। आज भारत मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। आज अक्षय ऊर्जा से लेकर जैविक खेती तक, अंतरिक्ष क्षेत्र से लेकर रक्षा क्षेत्र तक, पर्यटन से लेकर वेलनेस तक, हर क्षेत्र में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

उल्लेखनीय है कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्मसशक्तीकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करता है। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थलों पर आयोजित किया गया। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के लिए भर्तियां हो रही हैं। देशभर से चयनित नए कर्मचारी गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल होंगे।

## 28 को डीबीटी के माध्यम से जायेगा मंईयां सम्मान का ₹2500, सीएम ने की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि व्यवस्था ऐसी हो, जिससे बेहतर परिणाम सामने आ सके। मुख्यमंत्री आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राजस्व संग्रहण, 28 दिसंबर- को आयोजित होने वाले झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम की तैयारियों एवं जेएसएससी की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा -2023 के विषय पर वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यवासियों की समस्याओं और शिकायतों की निवारण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए और पूरी निष्पक्षता के साथ जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी करें।



### राजस्व संग्रहण में तेजी लाएं

मुख्यमंत्री ने राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण का जो लक्ष्य निर्धारित है, उसे हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए। इसके साथ राजस्व बढ़ोतरी को लेकर नए स्रोत की संभावनाएं तलाशें। उन्होंने यह भी कहा कि कर संग्रहण में आ रहे व्यवधानों का त्वरित समाधान होना चाहिए। इस दिशा में राजस्व से संबंधित विभागों के बीच समन्वय को लेकर एक सिस्टम तैयार करें। मुख्यमंत्री ने वाणिज्य कर विभाग के तहत फर्जी निबंधन और इनवॉइस के चिन्हित करने के साथ उसे रोकने की दिशा में एनफोर्समेंट सिस्टम बनाने की दिशा में पहल करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इस दौरान अधिकारियों में अब तक राजस्व वसूली से संबंधित जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

### मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिला लाभुकों की सहूलियत का पूरा ख्याल रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 दिसंबर को रांची के नामकुम में आयोजित होने वाले झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में राज्यभर की महिला लाभुक सम्मिलित होगी। ऐसे में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। विदित हो कि इस कार्यक्रम के माध्यम से इस योजना के सभी लाभुकों को प्रति माह अब 2500 रुपये की सम्मान राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।

### जेएसएससी- सीजीएल परीक्षा से जुड़े विवादों और शिकायतों की जांच जल्द पूरी करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जेएसएससी की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा -2023 से जुड़े विवादों को लेकर दर्ज मामले में जो निर्देश दिए गए हैं, उसके अनुरूप पूरी निष्पक्षता के साथ जांच पूरी कर रिपोर्ट सुपुर्द करें। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान परीक्षा आयोजन के दौरान हुई गड़बड़ियों तथा मिली शिकायतों और परीक्षा परिणाम के बाद हुए विवाद एवं हंगामें की भी जांच हो और इसमें जो भी दोषी हों, उनके खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए।

### ऑनलाइन मोड में प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित करने की दिशा में आगे बढ़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में नियुक्तियों को लेकर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं में गड़बड़ियों की गुंजाइश न हो, इस दिशा में ऑनलाइन मोड में परीक्षा आयोजित करने की दिशा में आगे बढ़ाने की जरूरत है उन्होंने कहा कि कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) माध्यम से परीक्षा लेने पर काफी हद तक पेपर लीक जैसे मामलों को नियंत्रित किया जा सकता है। वहीं, ऑफलाइन परीक्षा आयोजन को लेकर होने वाली परेशानियों के साथ समय की भी बचत होगी।

### महिला हिंसा और अत्याचार ह्यूमन ट्रैफिकिंग, पलायन एवं पोक्सो एक्ट को लेकर भी अधिकारियों को अहम निर्देश

मुख्यमंत्री ने पोक्सो एक्ट, महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा अत्याचार एवं यौन उत्पीड़न, ह्यूमन ट्रैफिकिंग और पलायन जैसे मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए। स्कूल कॉलेज में अवेयरनेस कैंपेन चलाये जाएं। शहरों के साथ ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस की सघन पेट्रोलिंग होनी चाहिए। वहीं, इस तरह के मामलों में जो भी शिकायतें और प्राथमिकी दर्ज होती है , उसकी पूरी निष्पक्षता के जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। राज्य से होने वाले पलायन के मॉनिटरिंग की भी व्यवस्था होनी चाहिए। एक ऐसी व्यवस्था हो, जहां पलायन करने वाले स्वेच्छा से अपने को निबंधित करा सकें और उन्हें सरकार की योजनाओं का भी लाभ देना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सर्विसेज और हेल्पलाइन नंबर के लिए राज्य स्तर पर इंटीग्रेटेड एप्प बनाया जाए। इस एप्प का व्यापक प्रचार प्रसार भी हो ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिले और वे इसका लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि महिला हिंसा से जुड़े मामलों में दर्ज शिकायतों और उसपर हुई कार्रवाई की हर महीने रिपोर्ट तैयार होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जमीन विवाद से जुड़ी कई शिकायत लगातार सामने आ रही है। विशेष कर अंचल कार्यालयों में दाखिल- खारिज के नाम पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस पर नियंत्रण करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल का 90 वर्ष की उम्र में निधन




**मुंबई :** बॉलीवुड को मंथन, अंकुर जैसी शानदार फिल्में देने वाले जाने–माने फिल्म निर्देशक श्याम बेनेगल का निधन हो गया है। लम्बे अर्से से बीमार चल रहे मगर फिर भी अलग अलग परियोजनाओं पर काम कर रहे श्याम बेनेगल की उम्र 90 साल थी। श्याम बेनेगल का निधन शाम 6:39 बजे हुआ। श्याम बेनेगल की बेटी पिया बेनेगल ने श्याम बाबू की मौत की पुष्टि की। बताया कि आज शाम 6:38 बजे उनका निधन मुम्बई सेंट्रेल स्थित वोकार्ट अस्पताल में हुआ। पिया बेनेगल ने बताया कि उनके पिता क्रनिक किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे और वो इस बीमारी के अंतिम चरण में पहुंच गये थे। श्याम बेनेगल की उम्र 90 साल थी। अंतिम संस्कार के बारे में बात में निर्णय लिया जाएगा। श्याम बेनेगल ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनकी दोनों किडनी फेल हो गई हैं और घर पर ही उनका डायलिसिस चल रहा है। श्याम बेनेगल की फिल्मों ने 8 नेशनल अवॉर्ड जीते थे। उन्होंने जुबैदा, द मेकिंग ऑफ द महात्मा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस: द फॉरगोटन हीरो, मंडी, आरोहन, वेलकम टु सज्जनपुर जैसी दर्जनों बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। उनकी फिल्मों ने 8 नेशनल अवॉर्ड जीते हैं।

## एसटी, एससी के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य सरकार कटिबद्ध : चमरा लिंडा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिण्डा ने आज मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक कर विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान माननीय मंत्री ने आनेवाले समय के लिए एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश आदिवासी कल्याण आयुक्त को दिया। मंत्री ने कहा कि आदिवासियों, दलितो और पिछड़ों के कल्याण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ टीम वर्क में काम करते हुए हम उस लक्ष्य को हासिल करें, जो हमें सुकून दे सके।

### योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पात्र लाभुक तक पहुंचाएं

बैठक में मंत्री चमरा लिण्डा ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे कई महत्वकांक्षी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। माननीय मंत्री ने कहा कि एसटी, एससी के कल्याणार्थ राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की स्थिति का गंभीरता पूर्वक आकलन कर सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लाभुकों को मिले, इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जाएं। मंत्री चमरा लिण्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार राज्य में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु कटिबद्ध है।

### लापरवाही बरतने वाले संवेदकों का भुगतान रोकें तथा काली सूची में डालें

मंत्री ने विगत दिनों गुमला जिला के विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर जिला कल्याण कार्यालय द्वारा निष्पादित निविदा के तय मानकों के अनुरूप राशन एवं बैग-जूता आदि की आपूर्ति को गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाये जाने पर दोषी संवेदकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए भुगतान पर रोक और संवेदक को काली सूची में डालने का निदेश गुमला जिला प्रशासन को दिया है।

### एक नजर

#### बिहार के पूर्णिया में पिकअप ने 13 को रौंदा, पांच की मौत

**पटना :** बिहार में पूर्णिया जिले के धमदाहा में रविवार रात 10 से 11 बजे के बीच एक पिकअप ने 13 लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गयी जबकि दो ने सोमवार की सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों में एक छह साल का बच्चा भी है। यह घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धोकवा की है। पुलिस के मुताबिक, सभी घायलों को पहले अनुमंडलीय अस्पताल धमदाहा में भर्ती करवाया गया, जहां से सभी को पूर्णिया रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची।

## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, 'नो डिटेंशन पॉलिसी' खत्म अब कक्षा 5 और 8वीं की परीक्षा में असफल छात्र होंगे फेल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बड़ा फैसला करते हुए 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया। अब कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों को पास नहीं किया जाएगा। पहले फेल होने वाले छात्रों को पास कर अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। फेल होने वाले छात्रों को दो महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। अगर कोई छात्र दोबारा फेल होता है तो उसे प्रमोट नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय ने प्रारंभिक शिक्षा में पढ़ाई के स्तर



में सुधार करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कक्षा 5वीं और 8वीं के लिए 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को खत्म कर दिया है, जिसके तहत स्कूलों को साल के अंत में होने वाली परीक्षा में सफल नहीं होने वाले छात्रों को अगली कक्षा में प्रमोट करने की अनुमति दी गई थी। वहीं 8वीं कक्षा तक किसी भी छात्र को स्कूल से बाहर नहीं किया जाएगा। वहीं 2019 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) में संशोधन के बाद कबीर 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही इन दोनों कक्षाओं के लिए 'नो डिटेंशन पॉलिसी' को समाप्त कर दिया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से अब पॉलिसी खत्म करने के बाद यदि कोई छात्र 5वीं और 8वीं में फेल होता है, तो उसे दो माह के अंदर एग्जाम को पास करना होगा। अगर छात्र परीक्षा में सफल नहीं होता है तो उसे आगे की कक्षा में प्रमोट नहीं किया जाएगा।

जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बच्चे को रोके रखने के दौरान शिक्षक बच्चे के साथ-साथ यदि आवश्यक हो तो अभिभावक का भी मार्गदर्शन करेंगे। वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी भी बच्चे को किसी भी स्कूल से नहीं निकाला जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह नियम केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित केंद्र सरकार द्वारा संचालित 3,000 से अधिक स्कूलों पर लागू होगा। वहीं मंत्रालय के मुताबिक स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है। इसलिए राज्य इस संबंध में अपना निर्णय ले सकते हैं। पहले ही 16 राज्यों और दिल्ली सहित 2 केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दो कक्षाओं के लिए नो-डिटेंशन पॉलिसी को खत्म कर दिया है।

## थाना पर हमला करने वाले खालिस्तान समर्थक तीन आतंकवादी मुठभेड़ में ढेर

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में सोमवार को पंजाब पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस की सयुंक्त कार्रवाई में खालिस्तान समर्थक तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने दी। मारे गए तीनों आतंकियों पर गुरदासपुर की पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले में संलिप्तता का भी आरोप है।

प्रशांत कुमार ने पत्रकारों से कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस ने बहादुरी और शौर्य का कार्य किया हैं, जिनकी प्रशंसा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बारे में हमारी टीमें गहन जांच कर रही हैं कि ये लोग कहा रुके थे। किन लोगों से इनकी मुलाकात हुई है। आखिर ये आतंकी किस मकदस से पीलीभीत आए थे। कहीं इनका कोई नेटवर्क तो यहां पर नहीं है। ऐसे कई सवालों को लेकर टीमें जांच कर रही हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार ने बताया कि आतंकियों के पास से बरामद किए गए दस्तावेजों से उनकी पहचान पंजाब के गुरुदासपुर जिले के रहने वाले गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि और जसनप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह के रूप में की गई है। इनके पास से बरामद मोटरसाइकिल एक दिन पहले ही पुरनपुर इलाके से चोरी की गयी थी। उनके पास से दो एके-47, दो विदेशी ग्लॉक पिस्तौल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद हुआ है।

# रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है : अन्नपूर्णा देवी

**झारखंड के युवाओं को केंद्रीय संगठनों में सेवा देने का अवसर गर्व की बात है : प्रदीप प्रसाद**

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** देश के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेला कार्यक्रम के 14वें चरण के अंतर्गत आज सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरू कैंप, हजारीबाग में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखंड राज्य के विभिन्न केन्द्रीय संगठनों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव, तथा चतरा विधायक जनार्दन पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के स्वागत में के. एस. बन्याल, महानिरीक्षक, बीएसएफ प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र प्रमुख राजेश कुमार, एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरूआत चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक वीडियो संदेश से हुई। प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले के महत्व पर प्रकाश डाला और



युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला, जो 22 अक्टूबर 2022 को प्रारंभ हुआ था, अब तक लाखों युवाओं को सरकारी और केन्द्रीय संगठनों में रोजगार प्रदान कर चुका है। कार्यक्रम के दौरान सीमा सुरक्षा बल सशस्त्र सीमा बल, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस, असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, रेलवे, पोस्ट ऑफिस, और वित्तीय सेवा विभाग जैसे संगठनों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। अन्नपूर्णा देवी ने इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा देश के विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपके समर्पण और मेहनत से हमारा देश नई ऊंचाइयों को छूएगा। रोजगार मेला इस दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र प्राप्त कर खुशी व्यक्त की और देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देकर राष्ट्रीय विकास में योगदान का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके बाद अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। यह कार्यक्रम झारखंड समेत पूरे देश में रोजगार के अवसर सृजित करने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## एक नजर

### पोक्सो मामले के अभियुक्त को मिली 20 साल की सजा व एक लाख जुर्माना

**हजारीबाग :** प्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक कुमार पे० तुलसी मेहता सा0-लुपूंग थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग, के विरूद्ध कटकमसांडी थाना कांड सं0-37/20 दिनांक 03.03.2020 धारा-417/376 भा0द0वि0 एवं 04 पोक्सो एक्ट दर्ज किया गया था। काण्ड अनुसन्धान के क्रम में प्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक कुमार पे० तुलसी मेहता सा0-लुपूंग थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग गिरफ्तार किया गया एवं कांड अनुसंधान उपरांत आरोप पत्र सं0-123/20 दिनांक 06.08.2020 माननीय न्यायालय में समर्पित किया गया था। प्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक कुमार के विरुद्ध न्यायलय द्वारा ट्रायल प्रारंभ किया गया। उक्त कांड में ट्रायल के पश्चात प्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक कुमार पे० तुलसी मेहता सा०-लुपूंग थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग को न्यायालय के द्वारा 20 वर्ष का सजा एवं 1,00000/- रू0 का जुर्माना से दण्डित किया गया है।

### चेकपोस्ट से बालू लदा ट्रैक्टर किया गया जब्त

**चौपारण :** प्रखण्ड में बालू की तस्करी रात के अंधेरे के साथ-साथ दिन के उजाले में भी धड़ल्ले से हो रही है। बालू का कीमत भी जरूरतमन्दों से तीन का तेरह वसूला जाता है। कहा जाता है पुलिस से लेकर अन्य जगह मैनेज करना पड़ता है। खैर वास्तविकता क्या है ये तो ट्रैक्टर मालिक को ही पता होगा। पर इस बीच चौपारण सीओ सजंय यादव द्वारा सोमवार को चोरदाहा चेकपोस्ट से एक बालू लदा ट्रैक्टर को जप्त कर चौपारण थाना को सुपुर्द कर खनन विभाग को अग्रेतर कारवाई के लिए प्रेषित किया गया है। सीओ सजंय यादव ने बताया कि प्रखण्ड के किसी भी नदी घाटों से बालू का उठाव बिल्कुल अवैध है। ऐसे में बालू का उठाव कर सप्लाई करने वालो पर नियम संगत सख्त कारवाई होगी।

### नया सिंघरावा में प्रिमियर लीग मैच का हुआ उद्घाटन

**चौपारण :** सिंघरावा पंचायत के सिमरिया मे नया सिंघरावा प्रीमियर लीग मैच का उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा ने फीता काटकर किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि ने संबोधित करते हुए एवं आयोजन कमिटी के सदस्यों का सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के मैच के आयोजन करने से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का प्रति लगाव बढता है। खेल से मानसिक और शरीरिक स्थिति मजबूत होती है।

### राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शैक्षणिक परिभ्रमण आयोजित

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा रविवार को शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभाग अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा तथा विभागीय शिक्षक डॉ प्रमोद कुमार एवं डॉ अजय बहादुर सिंह ने विभाग के शोधार्थियों तथा तृतीय समसत्र के विद्यार्थियों को जोन्हा जलप्रपात का भ्रमण कराया। परिभ्रमण का विषय था 'अपने झारखंड को जानो।' इससे पूर्व विभाग द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक परिभ्रमण के विषय में जानकारी दी गई। यह भी सिखाया गया कि किसी आयोजन को किन-किन बिंदुओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। तत्पश्चात आयोजन का दायित्व विद्यार्थियों को दिया गया। विद्यार्थियों ने भी खूब उत्साह के साथ इसे निभाया।

## बिना फीस दिये परीक्षा फार्म भरने का दवाब बनाया जा रहा है : कालेज सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** पटेल इन्टर महाविद्यालय मे सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कालेज सचिव डॉ सच्चिदानंद ने बताया कि उनके कालेज मे सत्र 2023-25 मे 11 वी और 12 वी मे छात्र बिना कॉलेज फीस जमा किये हुए कॉलेज प्रशासन पर 12 वी का परीक्षा फार्म भरवाने का दबाव बनाने का काम कर रहे है। कॉलेज सचिव सच्चिदानंद ने बताया कि महाविद्यालय में कुल 128 सीट इंटर कला और विज्ञान संकाय में विद्यार्थियों के नामांकन के लिए हैं। सत्र 2023-25 में छात्रों ने नामांकन लिया, लेकिन 58 छात्रों ने सिर्फ पंजीयन शुल्क 1750 रुपए प्रति छात्र करके जमा किया और कॉलेज की कला और विज्ञान संकाय की फीस नहीं जमा की। कला संकाय की फीस 14500, विज्ञान संकाय की फीस 17000 रुपए है जो छात्रो ने नही जमा किया है। जैक रांची के द्वारा परीक्षा नोटिस निकलने पर छात्र अभिभावक आकर कॉलेज परीसर



मे हंगामा करने लगे। परीक्षा फार्म भरवाने का कालेज प्रशासन पर दबाव बनाने लगे। 21 दिसंबर को कॉलेज परिसर में आकर असमाजिक तत्व शाहिद और हजारीबाग हाईस्कूल के शिक्षक मंसूर आलम ने हंगामा किया। उन्होंने पेपर फाड़े और अभद्र व्यवहार किया। मुझे जान से मारने की धमकी देने लगे। कॉलेज सचिव ने इस मामले की सूचना पुलिस प्रशासन को दी, जिसके बाद पुलिस ने आकर मामला शांत करवाया। कॉलेज प्रशासन ने निर्णय लिया है कि जब तक छात्र 11वीं और 12वीं कक्षा अपनी कॉलेज फीस जमा नहीं करेंगे, उन्हें परीक्षा फार्म भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## अवैध बालू उठाव व परिचालन पर सख्ती से रोक लगाने का उपायुक्त का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने गुड गवर्नेंस वीक (सुशासन सप्ताह 19 से 24 दिसंबर) के तहत एजेन्डावार विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन की समीक्षा की। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त अवैध बालू के उठाव तथा परिचालन की सूचना पर उपायुक्त पुलिस तथा प्रखंड स्तर बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ कारवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलास्तर के सभी चेक पोस्ट का सुचारू व गंभीरता से बालू से लदे वाहनों की जांच एवं परिचालन पर रोक लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बड़कागाँव/ कटकमदाग / सदर/ बरकट्ठा/ कटकमसांडी /




पेलावल आदि से अवैध परिवहन की सूचनाएँ दैनिक समाचार पत्रों, स्थानीय प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तर से लगातार प्राप्त हो रही है जिसकी रोकथाम जरूरी है। विशेष शाखा, झारखण्ड, रॉची से प्राप्त पत्र के अनुसार बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से बालू उठाव कर कटकमदाग होते हुए बालू परिवहन का मामला प्रतिवेदित किया है तथा चौपारण थानान्तर्गत क्षेत्रों से भी नदियों से स्थानीय मिलीभगत कर बालू के अवैध परिवहन का मामला की जानकारी के आधार पर स्थानीय प्रशासन व पुलिस को टीम गठित कर नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे गतिविधियों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। खनन विभाग द्वारा बड़कागाँव/ चुरचू/विष्णुगढ़/चरही आदि क्षेत्रों से कोयला के अवैध खनन, परिवहन के संदर्भ में की गई कार्रवाई एवं रोकथाम की समीक्षा। आगे उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी खनिज से लदे वाहनों को ओभरलोड के मामले में पकड़े गये वाहनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की।

## ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक की जन सुनवाई रद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक के लिए हजारीबाग भू अर्जन के द्वारा अंबाजीत मध्य विद्यालय प्रांगण में आयोजित जनसुनवाई ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण रद्द हो गया। इस बाबत अंचलाधिकारी मनोज कुमार को ग्रामीणों को हस्ताक्षर युक्त मुहर लगाकर लिखित पेपर देना पड़ा। सुबह 10:00 से ही गोंदलपुरा बाबूपारा, रावतपारा, गाली, बालोदर, हाहे, बादम, अंबाजीत, रूदी, आदि कई गांव के हजारों लोगों एनटीपीसी बादम कोल कंपनी के खिलाफ तख्ती लिए कंपनी वापस जाओ जनसुनवाई रद्द करने की मांग को लेकर इकट्ठा हुए थे। इस दौरान ग्रामीणों ने जमीन नहीं देने व कोल ब्लॉक को रद्द करने को लेकर सोमवार सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 4:00 तक एसडीओ अशोक कुमार और सीओ को तकरीबन 6 घंटे तक घेरे रखा। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन के द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। ग्रामीणों का कहना था कि जब हम लोग किसी भी कोल कंपनी को अपनी जमीन को देना ही नहीं चाहते हैं तो यह जनसुनवाई क्यों हो रही है। हम किसी भी हालत में जमीन नहीं देंगे। हम अपनी तीन फसलीय जमीन से अपने परिवार का जीविकापार्जन करते हैं। अपने बच्चों की भविष्य के लिए हमें अपनी जान की कुबार्नी क्यों ना देना पड़े हम लोग पीछे नहीं हटेंगे। जनसुनवाई के दौरान पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा के वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञानेश्वर शर्मा, जीप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, गोपी सिंह, श्रीकांत निराला, देवनाथ महतो, दीपक दास व अन्य प्रबुद्ध जनो ने एसडीओ और सीओ को घंटो तक समझाने बुझाने और ग्रामीणों की भारी विरोध के कारण अंततः 4:00 बजे शाम सीओ ने जनसुनवाई रद्द करने से संबंधित पेपर बनाकर ग्रामीणों को सुपुर्द किया गया।

## आईसेक्ट विवि में राष्ट्रीय गणित दिवस पर सेमिनार का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में राष्ट्रीय गणित दिवस पर सोमवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ साथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, विज्ञान विभाग एचओडी सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद सभी अतिथियों को बुके भेंट कर कार्यक्रम में स्वागत किया गया। इस मौके पर इस दिवस की अहमियत का जिक्र करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके नायक ने कहा कि हकीकत में देखा जाए तो गणित की आवश्यकता प्रत्येक विषय में पड़ती है। उन्होंने कहा कि दरअसल श्रीनिवास रामानुजन जैसे महान गणितज्ञों के योगदान ने दुनिया को एक नई दिशा दी। उनके जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाना ही हमारे लिए गर्व की बात है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि गणित ना केवल एक शैक्षिक विषय है, बल्कि यह हमारे जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## जब तक गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा नही देंगे विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा : राजीव रंजन प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के उपर अपमानजनक टिप्पणी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध गलत एफ आइ आर के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि 18 वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान और संविधान निमार्ता डॉ.भीमराव अंबेडकर के असमान के लिए देश के संसदीय




इतिहास में दर्ज हो गया है। भाजपा हमेशा लोकतंत्र और संवैधानिक मुल्यों के प्रति तिरस्कार दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। इस बार तो हद पार कर दी। संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के दलों ने संसद में सरकार से संविधान पर चर्चा की मांग रखी। अडानी, मणिपुर, संभल जैसे मामलों पर सदन में बहस की मांग लगातार ठुकराए जाने के बाद प्रतिपक्ष की संविधान पर चर्चा की मांग ली गई। इस मौके पर कांग्रेस समेत सभी दलों ने सरकार को लोकतांत्रिक और संवैधानिक मुल्यों की प्रतिबध्दता दिलाई। समता समानता और न्याय के डॉ.भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलने की सलाह भाजपा को कतई रास नही आई। सत्तापक्ष ने लगातार विपक्ष को बोलने से रोकने की कोशिश की। यही नही केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने डॉ.भीमराव अंबेडकर का अपमान कर संघ और भाजपा के मनुवादी मानसिकता उजागर कर दी। अमित शाह ने कहा अभी एक फैशन हो गया है अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। आरक्षण खत्म करने की साजिश के तहत भाजपा की संविधान बदलने की कोशिश को 2024 के आम चुनाव में जनता ने नाकाम कर दिया था और बैसाखी सरकार बनाकर लोकतांत्रिक मुल्यों का पाठ पढ़ाया था। लेकिन भाजपा ये खीज अब संविधान निमार्ता पर निकाल रही है और बाबासाहेब का अपमान किया गया है। लेकिन दुख की बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमित शाह को सीख देने के बजाय आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति तेज कर दी। कांग्रेस समेत प्रतिपक्ष पीएम मोदी से अमित शाह के इस्तीफे की मांग की है। लेकिन मोदी सरकार डॉ.भीमराव के अपमान को अपराध मानने को तैयार नही है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त ने एनटीपीसी के साथ की समीक्षा बैठक



**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोमवार को अपने कार्यालय सभागार में एनटीपीसी के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने एनटीपीसी के अंतर्गत संचालित चट्टीबरियातू कोल माइनिंग परियोजना, केरेडारी कोल माइनिंग परियोजना, बादम कोल माइनिंग परियोजना और पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग परियोजना के प्रतिनिधियों से ट्रांसपोर्टिंग सड़क, स्कूल टैगिंग, ट्रांसपोर्टिंग,ओबी डंप, पेमेंट, जीएम लैंड का सत्यापन आदि से संबंधित कार्य, स्टैटमेंट 6, बिरहोर परिवारों के विस्थापन संबंधित मामलें आदि की जानकारी ली। बैठक में उपायुक्त ने चट्टी बरियातू कोल माइनिंग परियोजना के अधिकारी को जोरदाग गांव में बने 2.2 किमी ट्रांसपोर्टिंग सड़क की निर्माण प्रक्रिया को पूर्ण कर जल्द शुरूआत करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने जोरदाग स्कूल के बच्चों को मुंडाटोली स्कूल में शिफ्ट करने, स्कूल के लिए नए लैंड को चिन्हित करने और बिरहोर परिवारों को बसाने के लिए लैंड चिन्हित करने का निदेश संबंधित अंचलाधिकारी व संबंधित माइनिंग परियोजना के अधिकारी को दिया। बैठक में उपायुक्त ने नवाखाप जाने के लिए वैकल्पिक सड़क बनाने और संबंधित पदाधिकारी को पगार स्कूल को शिफ्ट करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने केरेडारी कोल माइंस के पदाधिकारी से भूमि हस्तांतरण, म्यूटेशन, स्टेटमेंट 6, कन्वेयर कॉरिडोर,शिफ्टिंग ऑफ हाउस की जानकारी ली और अवैध रूप से बना रहे मकानों को ध्वस्त करने से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के अधिकारी ने उपायुक्त को स्टेटमेंट 6 की पेंडिग, जीएम और जेजे लैंड से संबंधित परेशानी, आर एन्ड आर कॉलोनी, चेपाकला स्कूल को शिफ्ट करने आदि मामलों से अवगत कराया। जिस पर उपायुक्त ने संबंधित सीओ से समन्वय बनाकर पेंडिंग आदि मामलों को दूर करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय, अपर समाहर्ता संतोष सिंह, सदर डीसीएलआर सहित एनटीपीसी के कई प्रतिनिधि व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### 15वें वित्त से जनाजा शेड का होगा निर्माण जिप सदस्य ने किया शिलान्यास



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के सिरमा पंचायत अंतर्गत 15 वे वित्त आयोग योजना जिला परिषद मद से लगभग 10 लाख की लागत से जनाजा शेड का निर्माण किया जाएगा।जनाजा शेड का शिलान्यास बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने किया। इस मौके पर जिप सदस्य यासमीन निशा ने कहा कि यहाँ कब्रिस्तान और कर्बला सामने होने की वजह से खास कर के बरसात के दिनों में जनाजा शेड नहीं रहने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब जनाजा शेड बनने से परेशानियो से निजात पाया जाएगा। ग्रामीणों की पूल निर्माण को लेकर मांग करने पर जिप सदस्य यासमीन निशा ने कहा कि लेकिन यहाँ एक और बहुत बड़ी समस्या है जिस सड़क से होकर लोग जनाजा लेकर कब्रिस्तान जाते हैं इस सडक पर कब्रिस्तान जाने में नदी पड़ती है जिससे बरसात के दिनों में जनाजा लेकर जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।इसके लिए भी मैं प्रयास रत हूं और बहुत जल्द पुल का निर्माण हो जाएगा।इसके लिए आवेदन भी दिया जा चुका है। जनाजा शेड शीलान्यास कार्यक्रम के मौके पर सिरमा पंचायत मुखिया इसमत आरा, पंचायत समिति सदस्य शबनम प्रवीण, मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद साहब, जिप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, समाज सेवी सोनू इराकी, जानिसार आलम, मोहम्मद इंतेसार, सदर डॉक्टर मोहम्मद आवेश, हाजी मोहम्मद सफीउल्लाह, सदर पंडरिया मो सनाउल्लाह, वार्ड प्रतिनिधी मोहम्मद अमानत, मोहम्मद नईम, मोहम्मद सउद, मो तारीख, मो. अफसर, मो. हिसामुद्दीन, मो मुन्ना, के के अलावे सिरमा, छवनिया और पंडरिया के काफी ग्रामीण उपस्थित थे।

### श्रीनगर निवासी इशू कुमारी को मिला नियुक्ति पत्र, पोस्ट ऑफिस में हुई चयनित

**बरही :** रोजगार मेले के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में 71,000 से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरित किए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। झारखंड के हजारीबाग स्थित बीएसएफ मेरु कैंप में इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक मनोज कुमार यादव, विधायक प्रदीप प्रसाद, विधायक जनार्दन पासवान और बीएसएफ के डीजी बी. एन. सन्याल ने सम्मिलित रूप से झारखंड और हजारीबाग के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान हजारीबाग जिले के बरही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम श्रीनगर निवासी इशू कुमारी को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इशू कुमारी, विजय यादव की पुत्री हैं, जिन्हें भारतीय पोस्ट ऑफिस में नौकरी मिली है। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इशू कुमारी को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों और उनके परिजनों ने भाग लिया। रोजगार मेले के इस आयोजन ने युवाओं में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया, साथ ही देश के विकास में उनके योगदान की उम्मीद को और मजबूती दी।

### बरही खेल मैदान में लगे आरसीसी बेंच दर्शकों को बैठने में होगी सहूलियत

**बरही :** बरही प्रखंड परिसर स्थित खेल मैदान में दर्शकों और आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 10 आरसीसी बेंच स्थापित की गई हैं। यह पहल बरही पूर्वी की मुखिया मीना देवी और उनके प्रतिनिधि छोटन ठाकुर के प्रयासों से संभव हो सकी। इन बेंचों के लगने से खेल मैदान में आने वाले लोगों को अब बैठने की बेहतर सुविधा मिलेगी। खेल मैदान में प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के खेल और सामाजिक आयोजन होते रहते हैं। ऐसे में दर्शकों और प्रखंड कार्यालय में विभिन्न कार्यों से आने वाले लोगों को लंबे समय तक खड़े रहने की समस्या का सामना करना पड़ता था। अब इन बेंचों की स्थापना से उन्हें आराम से बैठने का स्थान मिलेगा। मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि खेल मैदान में बैठने की सुविधा का अभाव लंबे समय से महसूस किया जा रहा था। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं, और उन्हें खड़े रहकर खेल और कार्यक्रम देखने में असुविधा होती थी। इन बेंचों के लगने से उनकी सहूलियत बढ़ेगी और आरामदायक माहौल मिलेगा। अब खेल आयोजनों के दौरान लोग अधिक समय तक रुक सकते हैं और खेलों का आनंद ले सकते हैं। मुखिया मीना देवी ने बताया कि इस तरह के और भी विकास कार्यों की योजना बनाई जा रही है। उनके अनुसार, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर काम किया जाएगा। स्थानीय निवासियों और खेल प्रेमियों ने इस पहल की सराहना की है।

## एक नजर

### सदर एसडीओ ने जिला स्कूल का किया औचक निरीक्षण



**रांची :** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को जिला स्कूल, रांची का औचक निरीक्षण किया। एसडीओ ने शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रों की उपस्थिति, विभिन्न कक्षाओं के पठन-पाठन, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब एवं विभिन्न प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। एसडीओ ने प्रयोगशाला में छात्रों से कई सवाल भी पूछे। साथ ही उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। एसडीओ ने विद्यालय में विभिन्न कोषों की जानकारी ली। साथ ही इस कोष के माध्यम से विद्यालय में जिन चीजों कि आवश्यकता है, उसे पूरा कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय के शौचालय की मरम्मत कराने का भी निर्देश दिया। छात्रों की कम उपस्थिति पर एसडीओ ने ध्यान देने को कहा।

### रांची में 'मेरा टीवी' फिल्म फेस्टिवल का हुआ समापन


**रांची :** झारखंड में सिनेमा के क्षेत्र में प्रगति को समर्पित तीन दिवसीय मेरा टीवी फिल्म फेस्टिवल का शानदार समापन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न फिल्म विशेषज्ञों ने पैनल डिस्कशन के जरिए झारखंड में सिनेमा के भविष्य पर गहन विचार-विमर्श किया। पैनल में ट्राइबल रिसर्च इंस्टिट्यूट के पूर्व निदेशक रणेन्द्र कुमार, प्रोफेसर देवव्रत सिंह, झारखंड के वरिष्ठ डॉक्यूमेंट्री मेकर प्रबल महतो, फिल्म निर्देशक विशाल वर्मा, सतीश मुंडा, तथागत भट्टाचार्जी, अनिल दुबे और शेख दाऊद शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन पंचायत फेम अभिनेत्री कल्याणी खत्री ने किया।

### झारखंड में बालू माफियाओं की बढ़ी सक्रियता, सरकारी अफसरों को बना रहे बंधक

**रांची:** चुनाव खत्म होने ही झारखंड में बालू माफियाओं की सक्रियता बढ़ गयी है। साथ ही बालू का अवैध उत्खनन रोकने जा रहे अफसरों पर हमला करने के साथ-साथ बंधक बनाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हाल के कुछ दिनों में राज्य के अलग-अलग जिलों में इस तरह की कई ऐसी घटनाएं हो चुकी है। जहां अवैध बालू का उत्खनन रोकने गयी अफसरों की टीम पर बालू माफियाओं ने हमला कर दिया, तो कहीं उन्हें घंटों तक बंधक बनाये रखा। गोड्डा में बालू माफिया ने सीओ को बनाया बंधक गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के धमनी के निकट बालू घाट पर छापेमारी करने गये सीओ को बालू माफियाओं ने तीन घंटे तक बंधक बनाकर रखा।

# पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल और मंदिरों में नववर्ष को लेकर रहेंगे सुरक्षा के कड़े इंतजाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची में नए वर्ष के मद्देनजर पिकनिक स्पॉट, पर्यटन स्थल और मंदिरों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर लगभग दो हजार जवानों की तैनाती की गई है। साथ ही साथ क्रिसमस गैदरिंग को लेकर रांची पुलिस के जरिये सुरक्षा के पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए हैं। पर्यटन स्थलों पर पर्यटन मित्रों की भी सहायता ली जा रही है। खासकर होटलों और रेस्टोरेंट जहां पर न्यू ईयर की लेट नाईट पार्टी आयोजित होगी, वहां भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पैनी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अतिरक्त फोर्स थाने को भी मुहैया कराया गया है। भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया। नव वर्ष के आगमन को लेकर राजधानी और उसके आसपास के पर्यटन स्थलों पर लोगों की भीड़ उमड़ने का सिलसिला शुरू हो गया। सैलानियों की यह भीड़ नए साल के आगमन पर और बढ़ेगी। ऐसे में सैलानियों की सुरक्षा और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए रांची पुलिस के तरफ से बड़ी तैयारी की गई है। रांची एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस ने पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरे जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। महिलाओं के साथ होने वाली छेड़खानी की घटनाओं को लेकर रोकने के लिए राजधानी में 50 शक्ति कमांडो भी तैनात की गई है। 25 दिसम्बर से लेकर 15 जनवरी तक शक्ति कमांडों शहर में स्थित सभी पार्कों पर नजर रखेंगी। एसएसपी ने बताया कि रांची के आस-पास स्थित दशम और जोन्हा फॉल जैसे सभी पिकनिक स्पॉट्स पर पुलिस सहायता केंद्र खोले जा रहे हैं। पर्यटन मित्रों के साथ भी इसमें मिलेगा। वहीं पुलिस के जरिये नशे में वाहन चलाने वालों की जांच करने के लिए कुछ स्थान को चिन्हित किया गया है, जहां पर रात में चेकिंग की जाएगी। नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने पर पुलिस उनसे सख्ती से निबटेगी और कार्रवाई करेगी। एसएसपी ने कहा कि पिकनिक स्पॉट की सुरक्षा में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जिले के थानेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। आम लोगों से भी सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की गई है। जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर एक सूचना बोर्ड और फ्लेक्स लगाकर सावधानी बरतने की अपील की गई है, उसमें स्थानीय थाना प्रभारी और डीएसपी का नंबर भी अंकित किया गया है, साथ ही इमरजेंसी की स्थिति में डायल 100 और 112 पर सूचना देने की अपील भी की गई है। एसएसपी ने बताया कि वैसे फॉल और झरनें जहां डूबने का खतरा बना रहता है, उन जगहों पर एनडीआरएफ टीम और गोताखोरों को अलर्ट पर रखा गया है। लोगों से अपील की गयी है कि खतरनाक स्थानों पर जाकर सेल्फी ना लें, डूबने वाले इलाके में स्नान के लिए न उतरे। उल्लेखनीय है कि नये वर्ष को लेकर रांची जिला प्रशासन की ओर से पिकनिक स्पॉट वाले स्थानों को चिन्हित किया गया है। जिले के विभिन्न स्थलों पर दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

## यूपी के मंत्री योगेंद्र पहुंचे रांची, जनता को महाकुंभ मेला में आने का दिया न्योता




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** योगी सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा योगेंद्र उपाध्याय राँची पहुंचे। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को भारत की विविधता में एकता का अद्वितीय उत्सव बताते हुए झारखंड के माननीय राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड की जनता को प्रयागराज महाकुंभ-2025 में आने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि महाकुंभ, भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। एक भारत-श्रेष्ठ भारत समावेशी भारत की दिव्य और जीवंत झांकी है।पत्रकार वार्ता के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि आप सबमें बहुत से ऐसे लोग होंगे, जिनके पास प्रयागराज कुम्भ-2019 का दिव्य एवं भव्यः अनुभव होगा, भारतीय सांस्कृतिक गौरव के रूप में जिसकी अविस्मरणीय छवि विश्व पटल पर अंकित हुई थी। यही नहीं, मेले के कुशल प्रबंधन को भी पूरी दुनिया ने मुक्त कंठ से सराहा था। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित हो रहा महाकुंभ पिछले कुंभ से और अधिक दिव्य एवं भव्य होगा।


## बाबा साहब आंबेडकर को नीचा दिखाने में कांग्रेस पार्टी ने नहीं छोड़ी कोई कसर : संजय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कांग्रेस पार्टी बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर को नीचा दिखाने में कांग्रेस पार्टी ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। यह कांग्रेस पार्टी का पुराना इतिहास है। पंडित नेहरू से लेकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक सभी ने एक ही परंपरा का निर्वहन किया है। सेठ सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। सेठ ने कहा कि विगत दिनों संसद सत्र के दौरान संसद भवन के मकर द्वार पर जो दृश्य भारत ही नहीं पूरी दुनिया के लोगों ने देखा वह लोकतंत्र को कलंकित और अपमानित करने वाला था। लोकतंत्र चलता है औरआगे बढ़ता है लोकलाज से लेकिन कांग्रेस ने सारे लोकलाज को ताक पर रख दिया है। अब कांग्रेस मसल पावर से देश को चलाना चाहती है। क्योंकि, कांग्रेस पार्टी को जनता लोकतांत्रिक तरीके से पराजित कर चुकी है। कांग्रेस पार्टी संसद में तीसरी बार सत्ता से बाहर हुई है। कांग्रेस सत्ता के बिना पानी की मछली की तरह छटपटा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस आज चोरी और सीनाजोरी की कहावत चरितार्थ कर रही है। सदन से सड़क तक विधि विरुद्ध आचरण करती है और हंगामा भी करती है। संसद परिसर में कांग्रेस पार्टी के सांसदों द्वारा भाजपा सांसद पर हमला होता है। महिला सांसद को अपमानित किया जाता है और कांग्रेस पार्टी के युवराज को घायलों के प्रति सहानुभूति के दो शब्द भी नहीं निकलते। अस्पताल में देखने जाने तक की फुर्सत नहीं।

## क्रिसमस के लिए चर्च सजकर तैयार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी के जीईएल चर्च, सीएनआई चर्च और संत मरिया महागिरजाघरों में क्रिससम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। क्रिसमस को लेकर चर्च के अलावा मदर हाउस, उर्सलाईन कान्वेंट व मनरेसा हाउस समेत मिशनरी संस्थाओं को लाइट और चमचमाती प्लास्टिक पेपर व क्रिसमस ट्री से संवारा गया है। 24 दिसम्बर की रात को सभी मिशनरी स्थानों पर विशेष मिस्सा आयोजित की जाएगी। संत मरिया **महागिरजा घर चर्च**

पुरूलिया रोड स्थित संत महागिरजाघर चर्च को क्रिसमस त्यौहार को लेकर पूरी तरह से सजाया गया है। चर्च के मुख्य गेट के सामने क्रिसमस ट्री रखा गया है। चर्च परिसर में बड़ा टेंट लगाया गया है। चर्च के पश्चिम छोर की और भव्य चरनी बनाया गया है। चर्च के अंदर बेदी को फूलों से संवारा जा चुका है। रंग बिरंगा गुब्बारा दीवालों पर टांगा जा चुका है। चर्च परिसर को सफेद पट्टी से सजाया गया है। जो शांति को प्रदर्शित किया है। बेदी के ठीक सामने भी एक छोटा चरनी बनाया गया है। इससे लोगों को प्रभु यीशु का आगमन का एहसास होगा। 24 दिसम्बर की रात 10.30 बजे आर्चबिशप विसेंट आइंद चरनी आशिष करेंगे। इसके बाद विशेष मिस्सा होगी। इसके बाद यीशु चुबंन कार्यक्रम होगा। **जीईएल चर्च**

मेनरोड स्थित जीईएल चर्च को बेहतरीन लाइटों से सजाया गया है। चर्च से लेकर हेडक्वार्टर कंग्रीगेशन तक रोड को लरी से सजाया गया है। विश्वासियों के स्वागत के लिए चर्च के मुख्य गेट के सामने क्रिसमस ट्री रखा गया है। बेदी के आसपास फूल और रंग बिरंगा लाइटों से चर्च परिसर को चमका दिया गया है। रात को दिन जैसा नजर आयेगा। पेड़ों में टिमटिमाते तारे और अलग-अलग प्रकार के लाइटों से संवारा जा चुका है। जो विश्वासियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा।

**संत पौल्स कथिड्रल चर्च**

बहुबाजार स्थित संत पौल्स कथिड्रल चर्च राजधानी के सबसे पुरानी चर्चों में से एक माना जाता है। इस चर्च मे पारंपरिक तरीके से आराधना होती आ रही है। 24 दिसम्बर शाम पांच बजे जागरण होगी। इसके बाद परमेश्वर आराधना होगी। इसके मुख्य अनुष्ठदाता बिशप बीबी बास्के शामिल होंगे।

## बढ़ती ठंड के बावजूद 10 हजार लोगों ने लिया मेले का आनंद


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी एवं सरस मेले में ठंड के बावजूद आज रांची एवं रांची के आसपास से भी लोग मेले में खरीदारी करने पहुंचे। मेले में तकरीबन 10 हजार लोगों ने लिया मेले का आनंद झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, के स्टॉल में कोकुन से सूत कताई से लेकर बुनाई तथा रेडिमेड कपड़ा बिक्री केंद्र तक कैसे पहुंचता है, के सफर का जीवंत प्रदर्शन किया गया है। खादी बोर्ड के स्टॉल में रेशमी सूती एवं तांत की साड़ियां, उनी वस्त्र, उनी, रेशमी, सूती बंडी, कंबल, डिजाईनर परिधान एवं ग्रामोद्योगी उत्पाद प्राप्त किये जा सकते है। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए हैं। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है लोग इन स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। मत्स्य निदेशालय के द्वारा लगाए गए स्टॉल पर एक्वेरियम निर्माण सह रंगीन मछली पालन के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है।सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के स्टॉल पर अबुआ साथी हेल्पलाइन नंबर 9430328080 के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही हैं। जन शिकायत हेतु रांची जिला प्रशासन इस व्हाट्सएप नंबर पर लोग मैसेज कर सकते हैं। सोमवार को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा मेले में श्री हरिशंकर प्रसाद सिंह, मखदुमपुर, जहानाबाद द्वारा भोजपुरी गीत की प्रस्तुती की गई।

# क्राइस्ट द्वारा बताये मार्ग और सनातन धर्म में उद्धृत संदेश में कोई असमानता नहीं : स्वामी श्रद्धानन्द

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** जीसस क्राइस्ट का जन्म ईश्वरीय योजना के तहत हुआ, जो वहां के लोगों को अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाने के लिए था। जीसस क्राइस्ट का जब जन्म हुआ था, तब उनके जन्म के समय भारत के तीन उच्च कोटि के आध्यात्मिक संत वहां विद्यमान थे। जीसस क्राइस्ट के जीवन के अतिमहत्वपूर्ण 13 प्रमुख साल भारत में बीते, इन बातों का रहस्योद्घाटन स्वामी श्रद्धानन्द गिरि ने रविवारीय सत्संग के दौरान योगदा सत्संग आश्रम में योगदा भक्तों के बीच की। उन्होंने प्रमाण स्वरूप पुरी में जगन्नाथपुरी से संबंधित पौराणिक अभिलेख का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां के अभिलेख में भी इस बात की चर्चा की गई है कि ईसा मसीह नाम से एक महान आध्यात्मिक संत का पुरी में आगमन हुआ था। जीसस क्राइस्ट ने दुनिया को प्रेम व अध्यात्म का वह उच्च कोटि का संदेश दिया, जो ईश्वर के प्रति सच्चे प्रेम को प्रदर्शित करता है। स्वामी श्रद्धानन्द गिरि ने कहा कि 1894 में जब कुम्भ का मेला लगा था तब महावतार बाबाजी ने युक्तेश्वर गिरि को कहा था कि वे जल्द ही उनके पास एक उच्चकोटि के साधक को भेजेंगे, जो पूर्व और पश्चिम को अध्यात्म के क्षेत्र में एकाकार करेगा, जो योग व ध्यान के माध्यम से पूर्व और पश्चिम को निकट लाकर रख देगा और ये बात आगे चलकर सत्य भी हुई। जब परमहंस योगानन्द जी युक्तेश्वर गिरि जी से मिले, शिष्य व गुरु दोनो को भी इसका आभास उसी वक्त हो गया। दोनों को पता लग गया कि दोनों का उद्देश्य क्या है युक्तेश्वर गिरि से मिलने के पूर्व परमहंस योगानन्द जी जो सद्गुरु की तलाश में थे, उनकी यह तलाश उसी वक्त खत्म हो गई। बाबाजी ने जो संदेश युक्तेश्वरजी को दिया था, उक्त संदेश को उसी वक्त युक्तेश्वर गिरि भांप गये, जब उन्होंने परमहंस योगानन्द जी को पहली बार देखा। चूंकि बाबाजी यानी महावतारबाबा जी ने पहले ही कह दिया था कि परमहंस योगानन्द जी को पश्चिम जाने के पूर्व, उन्हें उस लायक आप ही प्रशिक्षित करोगे। तो वह दिन आ चुका था। उस वक्त परमहंस योगानन्द जी इसी रांची में जहां पहले स्टोर रुम हुआ करता था, वहां वे ध्यान लगाया करते थे। एक दिन जब वे ध्यान में थे, तभी उन्हें आभास हुआ कि उन्हें पश्चिम जाने को कोई कह रहा हैं। वे 1920 में अपने गुरुदेव युक्तेश्वर गिरि से मिले और पश्चिम जाने का प्रबंध किया। इधर परमहंस योगानन्द अमरीका जा रहे थे और युक्तेश्वर गिरि को जो संदेश महावतार बाबा जी ने दिया था, उस संदेश को वे अपने प्रिय शिष्य में हृदयारोपित कर रहे थे। दरअसल सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों व आध्यात्मिक पुस्तकों में जो बातें उद्धृत थी, वहीं बातें पश्चिमों में चल रही बाइबल को लेकर भी थी। दोनों में एक समानता को देखते हुए, उन्होंने क्रियायोग व ध्यान की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि जो बातें सनातन धर्म में कही गई हैं, वहीं बातें बाइबल में भी हैं। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह के जन्म के समय सात परियों के हाथ में जो कैंडल हैं। वो सात चक्रों के प्रतीक हैं। बाइबल में जीसस क्राइस्ट ने जो कहा कि दोनों आंखों की दृष्टि जब एक हो जायेगी, तो तुम प्रकाश से भर जाओगे, यही बात हमारे यहां योग में कही गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएसएससी-सीजीएल में सफल अभ्यर्थी पहुंचे सीएम आवास, मुख्यमंत्री से की मुलाकात


**रांची :** जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों का एक डेलिगेशन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करने मुख्यमंत्री आवास पहुंचा है। बाकी सभी सफल अभ्यर्थी मोरहाबादी के बापू वाटिका में जमा हुए हैं। दरअसल जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा पर गड़बड़ी और धांधली के आरोप लगे हैं। इसी बीच हाईकोर्ट के तरफ से फाइनल रिजल्ट जारी करने पर रोक लगा दिया गया। अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन भी हो गया है। जिसके बाद आज जो सफल अभ्यर्थी हैं वो सीएम से मिलने पहुंचे हैं।

### सेल स्पोर्ट्स क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**रांची :** सेल स्पोर्ट्स क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट 2024-25: रोमांचक फाइनल में टीम 2 की जीत सेल यूनिट स्पोर्ट्स क्लब, रांची द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट 2024-25 का फाइनल मैच रविवार की सुबह हुआ। यह मैच सेल सैटेलाइट टाउनशिप फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया गया था। फाइनल मैच में उज्वल मंडल के नेतृत्व वाली टीम 2 और विजय कुमार के नेतृत्व वाली टीम 3 के बीच मुकाबला हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल तीन टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें लीग मैचों के जरिए अंकों के आधार पर फाइनलिस्ट का निर्धारण किया गया। फाइनल मैच में टीम 2 नियमित खेल समय में 1-0 के स्कोर से विजेता बनी। सीजीएम पीसी मिश्रा द्वारा व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें श्री कृष्णा टोप्पो को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, श्री उज्वल मंडल को सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड, प्रिंस करकेटा को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर और श्री एके झा को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। रेफरी नयन बारला, लाइनमैन नीरज बारला और अनमोल लिंडा ने टूर्नामेंट के सुचारू प्रबंधन को सुनिश्चित किया और इसकी सफलता में योगदान दिया। यह टूर्नामेंट खेल भावना और सौहार्द की भावना का प्रमाण था, जिसने टीमों और दर्शकों को फुटबॉल के जश्न में एक साथ ला खड़ा किया।

### जेसीआई रांची उड़ान का बी-टू-बी आयोजित



**रांची :** सामाजिक संस्था जेसीआई रांची उड़ान की ओर से सोमवार को कांके रोड विद्यापति नगर स्थित ए-स्क्वायर क्लब में बी-टू-बी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदधारियों एवं अन्य सदस्यों ने पिकनिक व खेलकूद का भी आनंद उठाया। मौके पर जेसीआई रांची उड़ान की पूर्व अध्यक्ष अनिता अग्रवाल ने कहा कि नए वर्ष 2025 के आगमन और पुराने साल 2024 की विदाई के अवसर पर संस्था द्वारा 2 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जेसीआई रांची उड़ान से जुड़ी महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। पिकनिक में लजीज व्यंजन का भी लुत्फ उठाया। तंबोला, क्रिकेट आदि खेल का आनन्द उठाया। इस अवसर पर पुराने साल के अनुभवों से सीख लेते हुए नए वर्ष में नई ऊर्जा के साथ कार्य करने की अपील की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेसीआई रांची उड़ान की अध्यक्ष ट्विंकल छावनिका, सचिव अदिति मेवाड़ा सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में काफी संख्या में जेसीआई रांची उड़ान से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं।

### केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने रोजगार मेले में 327 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र



**रांची:** राजधानी रांची के धुर्वा के सेम्बो स्थित सीआरपीएफ कैंप सेम्बो में सोमवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रोजगार मेले में 327 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों का चयन सीआरपीएफ, सीआईसीएफ, इंडियन पोस्ट ऑफिस, रेलवे और एसएसबी सहित अन्य कई संस्थानों में हुआ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं को रोजगार देने को संकल्पित हैं। इस मौके पर सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार सिंह, डीआईजी डीएन लाल, कमांडेंट मनीष कुमार और अमित कुमार सहित कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### पूर्व पार्षद वेद प्रकाश हत्याकांड का मुख्य आरोपी सत्यम पाठक गिरफ्तार



**रांची:** धुर्वा के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश हत्याकांड का मुख्य आरोपी सत्यम पाठक को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सत्यम पाठक को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया। जब वो पंडरा स्थित अपने घर आया है। हालांकि गिरफ्तारी की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पाई है।

गौरतलब है कि वेद प्रकाश सिंह पर अपराधियों ने उस वक्त हमला किया था, जब वे सात जुलाई की शाम धुर्वा बस स्टैंड के पास स्थित एक चाय दुकान में बैठे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधी वहां आये। एक अपराधी पैदल ही हाथ में देशी कट्टा लिए वेद सिंह के पीछे पहुंचा और उस पर गोली चलाना शुरू कर दी। गोलीबारी में वेद सिंह को तीन गोली लगी। जबकि दो अपराधी बाइक पर ही बैठे थे। गोलीबारी के समय चाय दुकान में भगदड़ मच गयी थी। इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी सत्यम पाठक और धीरज मिश्रा अभी भी फरार चल रहा था। पुलिस दोनों को गिरफ्तार नहीं कर पायी थी। हालांकि रांची पुलिस ने यूपी के गाजीपुर के रहने वाले राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। धीरज ने पुरानी रंजिश में कराई थी वेद प्रकाश की हत्या जानकारी के अनुसार, धीरज मिश्रा ने राहुल को बताया था कि साल 2018 में वो अपनी स्कॉर्पियो से दशहरा के समय रांची गया था, तो धुर्वा बस स्टैंड में दशहरा के जुलुस में स्कॉपियो घुसाने के कारण धुर्वा रांची के वार्ड पार्षद वेद प्रकाश सिंह से उसका झगड़ा हो गया था। धीरज मिश्रा ने बताया था कि वेद प्रकाश सिंह और उसके समर्थकों ने उसके साथ मारपीट की थी और स्कॉपियो को भी तोड़ दिया था। धीरज ने राहुल को कहा था कि बहन की शादी के बाद वेद प्रकाश सिंह को गोली मारकर बदला लेंगे।

## एक नजर

### आरपीएफ की सहायता से महिला को मिला सुरक्षा और सहारा



**बोकारो** : आरपीएफ पोस्ट बोकारो द्वारा ऑपरेशन डिग्निटी के तहत एक महिला की सहायता की गई। यह घटना लगभग 01.00 बजे हुई जब गोदावरी कोल प्राइवेट लिमिटेड के राजेश महतो स्टाफ ने महिला के बारे में सूचना दी। महिला बोकारो गुड्स शेड क्षेत्र में लक्ष्यहीन रूप से घूम रही थी। एसआई मीना कुमारी, एच/सी सहगल कुमार और आरपीएफ पोस्ट बोकारो के कांस्टेबल हेमराज मीना ने महिला को पाया और उसकी देखभाल की। महिला की पहचान दिव्या ए/ए-30 वर्ष, पुत्री सागर सिंह, निवासी सेक्टर 4, थाना सेक्टर 4, बोकारो, झारखंड के रूप में हुई। उसे बोकारो रेलवे स्टेशन लाया गया और ड्यूटी पर मौजूद महिला कांस्टेबल के संरक्षण में रखा गया। महिला को भोजन, पानी और देखभाल दी गई।

### राइट टू एजुकेशन के मामले में पारदर्शी तरीके से कार्य किया जाना चाहिए : श्वेता सिंह

**बोकारो** : सोमवार को सर्किट हाउस में बोकारो विधायक श्वेता सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी सरकारी पदाधिकारीयो के उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में श्रीमती सिंह ने कहा कि शिक्षा के संदर्भ में ऐसी बैठक लगातार होनी चाहिए,विधानसभा क्षेत्र में चाहे प्राथमिक विद्यालय हो या उच्च विद्यालय हो सभी स्थानों पर छात्रों के शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर सजग रहने की आवश्यकता है साथ ही साथ विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों के भवन को सुद्दढ़ बनाने की भी प्रयास होनी चाहिए। छात्रों को अत्याधुनिक तकनीक की शिक्षा,खेल,संगीत जैसे विभिन्न विषय की दिशा में सार्थक कार्य किया जाना चाहिए जिससे कि छात्र छात्राओं को अपने भविष्य के प्रति आत्मविश्वाश जगे।


## Notice

**I, SHIV SHANKER SANDIL,** aged about 42 years S/o Yugal Sandil, by faith-Hindu, R/o Qr. No.-1106, Sector- 8/A, Hostel, A-Block, P.O.- Sector-9, P.S.- Harla, B.S.City, Dist.- Bokaro, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare by affidavit no 2322 dated 19-10-2024 as follows:-

**1.** That, I am a Permanent Employee as OPTR (YARD PORT) of SAIL, Bokaro Steel Plant Vide Staff No.-768517.

**2.** That, my actual and correct name is **SHIV SHANKER SANDIL** as per my Aadhaar Card vide No.- 5474 6991 6054 and PAN Card vide No.- AVWPS7350J and Education documents and all relevant documents.

**3.** That, but my name has been mention in my aforesaid Personnel File/Service Record as **SHIO SHANKAR SANDIL** in place of **SHIV SHANKER SANDIL**.

**4.** That, **SHIV SHANKER SANDIL** and **SHIO SHANKAR SANDIL** both name are same and one person i.e. myself

**5.** That, I want to rectify my name as SHIV SHANKER SANDIL in place of SHIO SHANKAR SANDIL in my aforesaid Personnel File/Service Record.


# प्रेस क्लब के सदस्यों ने गिरिडीह में पत्रकार पर हुए हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : प्रेस क्लब के अध्यक्ष, महासचिव, महाउपाध्यक्ष, सभी पांचों उपाध्यक्ष, सभी पांचों सचिव सभी कार्यकारिणी सदस्यों समेत प्रेस क्लब के पत्रकारों ने सामाजिक तत्वों द्वारा गिरिडीह के पत्रकार अमरनाथ सिन्हा पर हुए हमले पर विरोध जताया। धनबाद प्रेस क्लब कमेटी ने सोमवार को क्लब के सभी सदस्यों के साथ रणधीर वर्मा चौक पर हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया रणधीर वर्मा चौक पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। धरना प्रदर्शन के उपरांत धनबाद प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री को उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौपा। धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने कहा मुख्यमंत्री शीघ्र पत्रकारों की सुरक्षा के हित में कानून बनाएं आज इस घटना के बाद पत्रकारों की चट्टानी एकजुटता दिखी है। आज धनबाद प्रेस क्लब के सभी सदस्यों समेत जिले के सभी पत्रकारों का असमाजित तत्वों के विरोध में जुटान हुआ अगर भविष्य में पत्रकारों पर हमला होती है विरोध प्रदर्शन तेज होगा। इस अवसर पर धनबाद प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद ने गिरिडीह में हुए पत्रकार पर हमला का निंदा करते हुए कहा कि पत्रकार समाज को आईना दिखाने का काम करती है। पत्रकार पर अगर इस तरह हमला होते रहा तो पत्रकार चुप नहीं बैठेगा पत्रकारों का धारदार कलम चलेगा तो गुंडों और माफिया को झारखंड से भागना पड़ेगा।महासचिव ने कहा कि झारखंड सरकार जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कनून लाए जिस पत्रकार निर्भीक होकर अपना काम कर सके। महासचिव ने कहा कि गिरिडीह के टोल प्लाज पर जिस तरह पत्रकार पर हमला किया गया इससे साफ पता चलता है कि गुंडो को पुलिस का भय नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द पुलिस कर्रवाई करें और घटना में संलिप्त बचे हुए गुंडो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे। इस दौरान कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने भी अपने सबोधन में कहां कि पत्रकार पर हमला करना सरासर निंदनीय कार्य है। सरकार को पत्रकार सुरक्षा कनून लाकर इस पर जल्द से जल्द लगाम लगाना चहिए। विरोध प्रदर्शन में प्रेस क्लब अध्यक्ष संजीव झा, महासचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट, बलवंत प्रसाद, अमर प्रसाद, शरद पांडे, सुरेंद्र यादव, सचिव मोहन गोप संजय चौरसिया नवीन राय,राम मूर्ति पाठक, चंदन पाल, कार्यकारिणी सदस्यों की प्रसाद विक्की प्रसाद, रौशन सिन्हा, गोपाल प्रसाद, विपिन रजक, कन्हैया पांडे, शंभवी सिंह, शिल्पा सिंह, कतरास प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान समेत सैकड़ों प्रेस प्रेस क्लब के सदस्य शामिल थे।

## लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी में पौष पार्बन उत्सव का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी के सौजन्य से हिरापुर में चल रहे पौष पार्बन उत्सव के तीसरे व अन्तिम दिन दर्शको ने जमकर मेला का आनन्द उठाया।हर एक व्यंजन के स्टॉल मे काफी भीड़ देखने को मिला, विशेष रूप से गुजराती स्टॉल स्पाशि वाइट में ढोकला, भेज रोल व दावेली पर लोगो ने अपनी रुचि दिखाई। इसके अलावा लोगो ने पौष हुल्लोर, पीठा घर, खाई खाई, ऐपार बंगला के खाने के स्टॉल मे भी जमकर खाने का लुप्त उठाया। सर्फ साईट के स्टॉल मे दर्शको ने निःशुल्क आँख कि जांच मे भी अपनी दिलचस्पी दिखाई । तनिष्क ने अपने स्टॉल से आये हुए दर्शको के लिए काफी आकर्षक ऑफर की घोषणा की। क्लब द्वारा परिचालित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारो द्वारा जबरदस्त संगीत, नृत्य प्रस्तुत किए। तत्पश्चात कोलकता से आये हुए मशहूर सौपर्ण सरकार के टीम द्वारा बंगला बैन्ड का मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिन्हे सुनकर धनबाद के कोने कोने से आये हुए दर्शक झुम उठे। मेला में अतिथि के रूप में आए निरसा के विधायक अरुप चटर्जी ने मेला प्रांगन में हर स्टाल का निरिक्षण किया व आयोजकों को मेला की सफलता की बधाई दी।क्लब के अध्यक्ष अमलेन्दु सिन्हा ने अपने भाषण में मेला में आये हुए सभी स्टाल के मालिको को,दर्शको को, विशिष्ट अतिथियों को व क्लब के सभी महिला व पुरुष सदस्यो को मेला के सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

## चोरी व लूट मामले का हुआ उद्भेदन पांच अपराधी सहित 4 बाइक बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार पुलिस उपाधीक्षक नौशाद आलम ने सोमवार को सरायढेला थाना में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक नौशाद आलम ने मीडिया को बताया कि सरायढेला थाना में दर्ज लूट, चोरी छिनतई के कांडों का उद्वेदन हुआ। गठित टीम के द्वारा छापामारी कर चोरी के तीन दर्ज कांड का उद्वेदन किया गया। जानकारी के अनुसार न्यू खुशबू अलंकार ज्वेलर्स दुकान से चोरी की गई भारी मात्रा में चांदी के जेवर, प्लाई संसार फर्नीचर दुकान से चोरी की गई। सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर एवं हीरापुर निवासी से लूटी गई बुलेट तथा हाउसिंग कॉलोनी निवासी रोशन गुप्ता से लूटी गई लाल रंग की टीवीएस विक्टर मोटरसाइकिल सहित अन्य दो बाइक को बरामद किया गया है। वहीं घटना में प्रयुक्त एक लोहे का मोटा रड भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार शेखर व राजीव पासवान ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पहले सरायढेला स्थित प्लाई संसार नामक दुकान से एक लाख बीस हजार रुपये चोरी की थी। दुकान का सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर लोहारकुल्ही तालाब के पास फेंक दिया था। पुलिस ने डीवीआर को बरामद कर लिया है। शेखर ने पुलिस को बताया कि दुकान से चुराये 1.20 लाख रुपया दोनों ने 60-60 हजार रुपये आपस में बांट लिया। राजीव ने उस पैसे से एक पलंग खरीदा तथा 20 हजार रुपये अपने भाई को दिया था। वहीं शेखर ने उस पैसे से एक मोबाइल खरीदा था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। बरामद सामानों में चांदी का लोटा तीन पीस, सिंदूर रखने की किया 03 पीस, कसैली 20 पीस, पायल एक जोड़ी, मछली चार पीस, चम्मच सात पीस, रिंग छह पीस, बाला आठ जोड़ा, गले का चीक दो पीस, पेन एक पीस, कजरौटा तीन पीस, मूर्ति 6, ब्रासलेट तीन, चूड़ी तीन बिछिया आदि बरामद किया गया है।

## एक थाली एक थैला अभियान के जरिये महाकुंभ में प्रदूषण रोकने की कवायद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ शुरू हो रहा है। वहां प्रदूषण रोकने के लिए झारखंड सहित पूरे देश में एक अनूठा अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 'एक थाली-एक थैला' अभियान के तहत प्रदूषण रोकने की कवायद शुरू किया है। यह बातें बेहतर झारखंड संस्था के संस्थापक विवेक सिंह ने चास स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में लोगों को संबोधित करते कही। उन्होंने कहा कि इस देशव्यापी अभियान में बेहतर झारखंड भी अपना सहयोग प्रदान कर रहा है। जिसके तहत 100 थैला और 100 थाली मुहैया कराए जा रहे हैं। श्री विवेक सिंह ने कहा कि 45 दिन के महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। ऐसे में वहां भोजन आदि से 40 हजार टन प्लास्टिक कचरा निकलने की भी संभावना है। संघ ने घर-घर से एक थाली-एक थैला इकट्ठा करने का अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों के पास तक एक थाली और थैला पहुंचाया जाएगा, तो महाकुंभ में कचरे को कम किया जा सकता है। इसी लक्ष्य के साथ यह सामग्री एकत्र कर उत्तर प्रदेश भेजा जाएगा। विवेक सिंह ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ को हरित कुंभ बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 'एक थाली-एक थैला' प्रारंभ किया है। घर-घर से सहयोग लेकर पवित्र नगरी प्रयागराज को स्वच्छ और कचरा मुक्त रखा जाएगा। बोकारो सहित झारखंड के सभी जिलों में यह अभियान तेज गति पकड़ चुका है। विवेक सिंह ने कहा कि संघ पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत प्लास्टिक मुक्त समाज का अभियान चला रहा है। इसी के तहत संघ का प्रयास है कि प्रयागराज महाकुंभ में भी प्लास्टिक का कम से कम उपयोग हो। वहां आने वाले भक्त भोजन-प्रसादी या पानी पीने के लिए पारंपरिक रीति अपनाएं ना की प्लास्टिक का उपयोग करें। एक थाली एक थैला अभियान चलाने के पीछे संघ की सोच है कि श्रद्धालुओं को डिस्पोजल बर्तनों में भोजन ना करना पड़े।

## रेलवे कर्मी ने रेलवे क्वार्टर में फंदे से झूल कर दी जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रेलवे डीजल कॉलोनी के क्वार्टर डीएस/II-121/सी में सोमवार सुबह रेल कर्मी अमर कुमार राय की शव फंदे से झूलता हुआ मिला। घटना की सूचना पर बालीडीह थाना पुलिस पहुंची। शव को फंदे से उतारा। मृतक के स्वजनों को सूचित किया गया। मौके पर मौजूद साथी रेल कर्मियों ने बताया कि मृतक बोकारो रेलवे टीआरएस विभाग में ररए के पद पर कार्यरत थे। मृतक अपने क्वार्टर में अकेले रहा करते थे। मृतक का भांजा हुगली से बोकारो के लिए रवाना हो चुका है। वहीं, प्रशासन कागजी कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करने में जुट गई है।

**ड्यूटी नहीं पहुंचा तो विभागीय साथी कर्मी पहुंचे क्वार्टर:-**

साथी रेल कर्मियों ने बताया कि रविवार को अमर कुमार राय की ड्यूटी ऑफ थी। सोमवार को 10 बजे तक ड्यूटी नहीं आने पर विभाग के एक कर्मी को उनका क्वार्टर भेजा गया। जहां क्वार्टर का दरवाजा सटा हुआ था। दरवाजा खोलने ही कमरे में अमर कुमार राय का शव फंदे से झूलता मिला।

**बेटी कर रही बी-टेक :-**

मृतक के साथी कर्मियों ने बताया कि मृतक पश्चिम बंगाल के हुगली अंतर्गत बंडेल का निवासी है। जो 2006 से बोकारो रेलवे में पोस्टेड थे। जबकि इससे पूर्व अनारा में पोस्टेड थे। अपने क्वार्टर में अकेले रहा करते थे। जबकि पत्नी और एकलौती बेटी हुगली में रह रही है। बेटी बी-टेक की पढ़ाई कर रही है। एक साथी कर्मी ने बताया कि मृतक कुछ तनाव में था, लेकिन कभी भी किसी को अपने परेशानी के बारे नहीं बताया।

# वेदांता ईएसएल, नाबार्ड और ग्रामीण सेवा संघ ने मनाया किसान दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : ई एस एल स्टील लिमिटेड की परियोजना वाड़ी, ग्रामीण सेवा संघ के सहयोग से, बोकारो जिले के चास और चंदनकियारी ब्लॉक के 8 गांवों में 500 से अधिक आदिवासी किसान परिवारों के जीवन को बदलने का लक्ष्य रखती है। भारत में 23 दिसंबर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय किसान दिवस, देश के किसानों के अमूल्य योगदान के लिए एक श्रद्धांजलि है। राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर, वेदांता ईएसएल, नाबार्ड और ग्रामीण सेवा संघ के सहयोग से, परियोजना वाड़ी के तहत अत्याधुनिक ड्रिप सिंचाई सुविधाओं का उद्घाटन फीता काटकर वेदांता ई एस एल के सीएसआर हेड कुणाल दरीपा ने किया जिस पर संस्था गर्व करता है। भारत के पांचवें प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित यह कार्यक्रम बोकारो जिले के चास और चंदनकियारी ब्लॉक के आठ गांवों में 500 आदिवासी किसान परिवारों के लिए सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है।

**प्रोजेक्ट वाड़ी: वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड की प्रमुख सतत कृषि परियोजना**

प्रोजेक्ट वाड़ी ईएसएल स्टील लिमिटेड की प्रमुख सतत कृषि परियोजना है, जिसे नाबार्ड के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। ईएसएल स्टील लिमिटेड का सीएसआर विभाग कार्यान्वयन एजेंसी ग्रामीण सेवा संघ के साथ साझेदारी में प्रोजेक्ट वाड़ी की देखरेख और सूक्ष्म प्रबंधन करता है। इस परियोजना का उद्देश्य आदिवासी और महिला किसानों को उनकी खेती में सतत कृषि और लिंग समावेशन को लागू करने में मदद करना है और यह बोकारो जिले के अंतर्गत चास और चंदनकियारी ब्लॉक के 8 गांवों में 500 से अधिक आदिवासी किसान परिवारों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगी। वर्तमान में, 450 एकड़ बंजर भूमि को बाग विकास और सब्जियों के साथ अंतर-फसल के माध्यम से खेती योग्य भूमि में परिवर्तित किया गया है। जिसके परिणामस्वरूप किसानों के लिए पूरे मौसम में आय सृजन हो रहा है। जिसमें मृदा संवर्धन, अंतर-फसल, फलों के बागान, शौर्य पंपहाउस और सिंचाई सुविधाएं बनाई गई हैं। पचास भूमिहीन किसानों को पोल्ट्री, जैविक खाद, बकरी पालन, बत्तख पालन और सुअर पालन और मत्स्य पालन के माइक्रो एंटरप्राइज समूहों में लगाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ एक गिरफ्तार

**धनबाद** : यदि कोई अंजान युवती चैट करे, तो हो जायें सावधान। क्योंकि धनबाद में अब नये तरीके से लूटपाट करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह चोरी के मोबाइल से युवकों की एक युवती से बात करवाता था। प्रेम जाल में फांसकर एक एकांत स्थान पर बुलाकर उसके साथ मारपीट व छिनतई की घटना को अंजाम देता है। उक्त गिरोह का सरायढेला थाना की पुलिस ने पदार्फाश किया है। मामले में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। उसके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मामले का खुलासा होने के बाद तीन पीड़ित पुलिस के सामने आये हैं और मामले की जानकारी दी। प्रिया के नाम से आता था कॉल : सरायढेला थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नूतन मोदी ने बताया कि धनबाद थाना क्षेत्र के हीरापुर चीरागोड़ा श्मशान रोड निवासी सरोज कुमार पंडित के पुत्र मनीष कुमार प्रजापति चोरी के मोबाइल से युवकों को अपना शिकार बनाता था। पहले वह कुछ युवकों की पूरी जानकारी इकट्ठा करता था। उसके बाद प्रिया नाम की युवती बनकर उससे चैट करता था। एक सप्ताह से 10 दिन से भीतर वह युवक को अपनी जाल में फंसाकर किसी युवती से उससे बात करवाता था। इसके बाद उसे मिलने के लिए सुनसान जगह बुलाता था।जब उक्त युवक अपनी बाइक से आता था, तो मनीष अपने साथियों के साथ उस पर हमला कर देता था। मारपीट कर बाइक, मोबाइल और रुपया छीन लेता था। पुलिस उसके साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस दौरान पुलिस नसार थाना क्षेत्र के बरमसिया खटाल निवासी संतोष यादव के घर से एक बाइक बरामद किया है। वहीं संतोष फरार हो गया है।

### हर महीने के पहले शुक्रवार को मनाया जाएगा किशोर स्वास्थ्य दिवस




**धनबाद** : नगर आयुक्त रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड मिनरल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के कॉन्फ्रेंस हॉल में नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से शहरी समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की प्रगति, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं की समीक्षा की गई। किशोर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए किशोर स्वास्थ्य दिवस हर महीने के पहले शुक्रवार को आयोजित करने और स्कूलों में आरबीएसके कैंप लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में परिवार नियोजन से जुड़े लंबित भुगतानों को शीघ्र निपटाने, बायोमेडिकल रिपोर्ट 10 दिनों के भीतर जमा करने, ओपीडी रिपोर्ट समय पर उपलब्ध न कराने पर दंड लगाने, विभागीय समन्वय को सुद्दढ़ करने, सेवाओं की निगरानी चेकलिस्ट के माध्यम से करने और लंबित दावों की प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर दिया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य धनबाद के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार सुनिश्चित करना है। बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, आईएमए अध्यक्ष डॉ. बी.एन. गुप्ता, डीआरसीएचओ डॉ. रोहित गौतम, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के एसएमओ डॉ अमित कुमार, यक्षमा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार, एमओआईसी धनबाद डॉ. अनीता चौधरी, शिक्षा विभाग के एपीओ श्री एस.डी. मिश्रा, सीडीपीओ बाघमारा कृष्णा देवी, सीडीपीओ झरिया अलका रानी के अलावा धनबाद, झरिया और बाघमारा के सभी शहरी चिकित्सा अधिकारी तथा प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि बिनय कुमार यादव, अनित कुमार चौबे, रूपेश कुमार, हरि गोपाल महतो, कुश कुमार और प्रेम कुमार मौजूद थे।

### किसानों की सात सूत्री मांगों की गारंटी नहीं करने के खिलाफ अमित शाह का किया पुतला दहन



**बोकारो** : संयुक्त किसान मोर्चा के देश व्यापी आह्वान पर चन्दनकियारी ईकाई कि और से किसानों की सात सुत्री मांगों कि गारंटी नहीं करने के खिलाफ व देश के गृहमंत्री अमित शाह ने लोकतंत्र कि मंदिर में लोकतंत्र की आत्मा संविधान के निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर को लेकर अपत्तिजनक टिप्पणी करने के आक्रोश में बिनोद चौक बिजुलिया में अमित शाह का पुतला दहन आक्रोश व्यक्त किया। मोर्चा के चन्दनकियारी संयोजक सह पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने दलित, वंचितों और अन्य उपेक्षित लोगों के आत्मसम्मान और मानवाधिकारों के लिए अतिमानवीय और कल्याणकारी संविधान रूपी मूल पुस्तक के रचयिता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर भगवान के समान पूजनीय हैं। अमित शाह द्वारा उनका अनादर कर लोगों के दिलों को ठेस पहुंचाया। जिसका कड़ी निन्दा करते हुए आमित शाह सार्वजनिक रुप से माफी मांगने का मांग। श्री रजवार ने आगे बताया कि ग्रेटर नोएडा में देश के किसान आमरण अनशन में बैठे किसानों की मांगों सरकार किसानों कि मांगे अभिलम्ब पुरी करें। किसान आन्दोलन के दौरान आन्दोनकारी किसानों के ऊपर किए गए मुकदमा वापस लें तथा किसानों व केन्द्र सरकार के बीच हुई समझौता को लागू करो। मौके पर राजु महतो, रुपेश कुमार महतो, राजु रजवार, सिमन्त रजक, मुकेश महतो, उमेश महतो, फनी रजक, राम विलास महतो, अर्जुन कुम्भकार आदि शामिल हुए।

### व्यवसायियों को मिलेगी राहत, चैंबर ऑफ कॉमर्स ने ट्रेड लाइसेंस कैंप का किया आयोजन



बोकारो : चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों के साथ चास नगर निगम की सिटी मैनेजर सुश्री फरहत अनीसी हुई बैठक के आलोक में चेंबर की कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया की व्यवसायियों की सुविधा एवं उन्हें परेशानियों से मुक्ति दिलाने हेतु चेंबर कार्यालय में तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया जाएगा जहां नगर निगम के संबंधित अधिकारी बैठकर ट्रेड लाइसेंस बनाएंगे। चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि व्यापारी एवं व्यवसाय हित में चेंबर द्वारा कैंप लगवाने में सहयोग किया जा रहा है। चेंबर के संरक्षक संजय बैद ने कहा व्यवसाईयों को मानसिक परेशानियों से निजात के लिए इस कैंप का आयोजन किया गया है। इसके पूर्व नगर निगम की सिटी मैनेजर सुश्री फरहत अनीसी ने चैंबर प्रतिनिधियों को बताया की निगम क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले प्रत्येक व्यवसायी को झारखंड म्युनिसिपल एक्ट 2011 के सेक्सन 455 अंतर्गत ट्रेड लाइसेंस लेना आवश्यक है। फरहत अनीसी ने यह भी बताया की समय पर ट्रेड लाइसेंस नहीं बनवाने वालों पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

एक नजर

## जागरूकता सह साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**सरिया(गिरिडीह) :** नालसा नई दिल्ली एवं माननीय झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह के आदेशानुसार 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउट रीच कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसके तहत ग्राम पंचायत सरिया उत्तरी के कोवड़िया, विजयपुर इत्यादि गांवों में कानूनी जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन कर ग्रामीण को जागरूक करने का काम किया गया। सरिया पीएलबी टीम द्वारा ग्रामीणों की मध्यस्थता के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गई। बताया गया कि अपने विवादों का निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से करें। छोटे-छोटे मामलों के निपटारे के लिए विधिक सहायता केंद्र में आवेदन देकर सुलहनीय मामलों का निपटारा विधिक सहायता केंद्र के माध्यम से करने का प्रयास करें। इससे समय और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है।

## खेलकूद से जीत का जज्बा आता है : आदित्य जौहरी

**बोकारो :** जैन पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन आज सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में ओएनजीसी के अधिशासी निदेशक, डॉ ऐसेट प्रबंधक आदित्य कुमार जौहरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जोहरी ने गुब्बारों का गुच्छा उड़ा कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय वैद ने स्वागत भाषण देते हुए कहा खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक विकास संभव है । मुख्य अतिथि आदित्य जौहरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की जीवन में बच्चों के लिए खेल बेहद महत्वपूर्ण है, यह हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

# बैंक के कैश काउंटर पर उचक्कों ने काट दिया ग्राहक का थैला, उड़ाये एक लाख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** बैंक से पैसे निकाल कर घर जाने वाले लोगों को अक्सर बाइकर्स गैंग और उचक्के अपना शिकार बनाते हैं। सोमवार को इन शातिर अपराधियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के अंदर ही एक ग्राहक का थैला ब्लेड से काट दिया। बैंक के कैश काउंटर पर पैसे जमा करने गई महिला से एक लाख रुपए उड़ा लिए। महिला को इसकी भनक तब लगी जब वह कैश काउंटर पर अपने थैले से रुपए निकालने लगी। उसने देखा कि थैला फटा हुआ है और 500 के दो बंडल गायब हैं। यह घटना एक ऐसी महिला के साथ घटी है जो रांची रोड मरार में जूते और चप्पल बेचती है। पीड़िता गुड़िया देवी सोमवार को अपने पति सुनील कुमार के साथ रामगढ़ थाना चौक के समीप बैंक ऑफ बड़ौदा के ब्रांच में पहुंची थी। यहां उसे एक कंपनी के खाते में 1.70 लाख रुपए जमा करने थे। बैंक में तीन कैश काउंटर मौजूद हैं। लेकिन एक ही काउंटर संचालित किया जा रहा था। इसकी वजह से वहां भीड़ हो गई थी। महिला नगद जमा पर्ची भरकर कतार में लग गई। इसी दौरान वहां तीन उचक्के पहुंचे। उन लोगों ने उसका ध्यान भटकाया और बैंक की पर्ची भी फाड़ दी। जब महिला ने अपने पति को दोबारा पर्ची भरने के लिए भेजा, इसी दौरान उचक्कों ने ब्लेड से उसका थैला काट दिया और एक लाख रुपए लेकर फरार हो गए। बैंक परिसर से उचक्के जितने आराम से ग्राहकों को लूट कर निकल जा रहे हैं, उससे यह साबित होता है कि बैंक कर्मचारी और उनके सुरक्षाकर्मी बेहद लापरवाह है। जब कैश काउंटर पर ग्राहकों का थैला काट कर पैसे निकाले जा रहे हैं तो बैंक के बाहर ग्राहकों की सुरक्षा असंभव है। कहीं ना कहीं इन उचक्कों को बैंक कर्मचारियों की सह मिल रही है। ब्रांच मैनजर आशुतोष कुमार आनंद ने बताया कि बैंक परिसर में सभी कर्मी ग्राहकों की सुरक्षा को तवज्जो देते हैं, लेकिन इस घटना ने सबको चौका दिया है। हालांकि वहां मौजूद अन्य ग्राहकों ने बैंक मैनेजर और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार बैंक ऑफ बड़ोदा परिसर पहुंचे। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अपराधियों की शिनाख्त करने का प्रयास शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि बैंक के सीसीटीवी कैमरे की क्वालिटी बहुत अच्छी नहीं है। इस वजह से स्पष्ट तस्वीर नहीं आ पा रही हैं। बैंक के मुख्य द्वार पर भी सिर्फ एक कैमरा है, जिसमें अपराधियों की तस्वीर साफ नहीं आ पाई है। उन्होंने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## चिराग नर्सरी स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन



**सिल्ली :** सोमवार को चिराग नर्सरी स्कुल मुरी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें कक्षा प्रिनर्सरी से लेकर स्टेनर्ड पाँच तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतू सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अथक प्रयास से कार्यक्रम सफल हुआ। शिक्षिकाओं द्वारा निर्देशित नन्हें बच्चों ने एक से बढ़कर एक डांस दिखाये और दर्शकों का मन मोह लिए। निर्देशक सह प्राचार्य दिनेश कुमार महतो ने क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डाले और कहा कि क्रिसमस ईसाइयों का प्रमुख त्यौहार है। यह त्यौहार प्रत्येक बर्ष 25 दिसम्बर को पूरे विश्व में बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन प्रभु ईसा मसीह का जन्म हुआ था। इनकी माता का नाम मरियम और पिता का नाम यूसुफ था जो पेशे में एक लकड़ी मिस्त्री था। ईसा मसीह जीसस क्राइस्ट एक महान व्यक्ति थे। उन्होंने समाज को प्यार और इंसानियत से रहने की शिक्षा दी। उन्होंने दुनिया के लोगों को प्रेम और भाईचारे के बिषय में संदेश दिया। इस दिन संता क्लाज आकर सभी को गिफ्ट देता है। सभी बच्चो एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने ध्यान पूर्वक सुना। इस कार्यक्रम कै सफर बनाने में शिक्षिकाएं सरस्वती, रोशनी, बबीता, बिनिता, सुनिता, रीता, सुष्मिता, रीतू, निधि, काजल, पुष्पा, मनीषा, कल्याणी, अंजू बाला, ज्योति एवं मून बनर्जी का योगदान सराहनीय रहा।

# उपायुक्त ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, दिये कई निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता मे सोमवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से डीजीइएस, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण, जेएसएलपीएस, शिक्षा, राजस्व, नगर पंचायत, अवैध अफीम की खेती सहित अन्य विषयों की उपायुक्त ने समीक्षा की। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने शत प्रतिशत बच्चों को पोशाक, पुस्तक, साइकिल सहित अन्य लाभ देने का निर्देश दिया। प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति को लेकर उपायुक्त ने शत प्रतिशत बच्चों को छात्रवृत्ति का लाभ देने का निर्देश दिया। जेएसएलपीएस के तहत स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने का निर्देश दिया गया। जाति एवं आवासीय सर्टिफिकेट के लिए प्राप्त आवेदनों का निष्पादन ससमय करने का निर्देश डीसी ने दिया। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत वैसे योग्य लाभुक जो अब तक इस योजना से किसी कारणवश नहीं जुड़ पाए हैं, उन्हें चिह्नित कर सम्मान योजना का लाभ देने का निर्देश दिया गया। अफीम की अवैध खेती को लेकर उपायुक्त ने जिले में व्यापक रूप से मुहिम चलाने का निर्देश दियाा। सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए इसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने और लोगों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने का निर्देश दिया गया।

## महिला समिति बोकारो का वार्षिकोत्सव आयोजित

**बोकारो :** महिला समिति बोकारो का वार्षिक उत्सव मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वल से हुआ तथा सभागार में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत पौधों से किया गया। अध्यक्ष महिला समिति अनीता तिवारी ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और समिति द्वारा किये गए समाज सेवा के कार्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक सचिव द्वारा किया गया। महिला समिति की सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी ने समिति की वार्षिक गतिविधियों का उल्लेख करते हुए वहां हो रहे विभिन्न कार्यों का विवरण दिया। कार्यक्रम को रोचक बनाते हुए महिला समिति की सदस्याओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं जिसमें नृत्य,गीत,स्किट आदि शामिल थी।

# बिरसा मुंडा रत्न सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा बिरसा मुंडा रत्न, सम्मान समारोह 2024 का आयोजन गुरुवार को रांची के होटल रेडिशन ब्लू में किया गया। इस अवसर पर झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ ही साथ दूसरे राज्यों से ऐसे लोग जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है उन सभी महानुभाव को मौके पर मौजूद सभी अतिथियों ने बिरसा मुंडा रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया। जिसमें सम्मान प्राप्त कर रहे लोगों को सर्टिफिकेट, मोमेंटो, साल और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड की प्रसिद्ध लोक गायिका सुषमा नाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया गया। इस दौरान चैनपुर प्रखंड के बुनयादी उच्च विद्यालय कुरुमगढ़ के प्रधानाध्यापक रवि बेक को भी स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए बच्चो की संख्या बढ़ाने आदि कार्यो को लेकर सम्मानित किया गया। एक समय कुरुमगढ़ मे नक्सलियों का बोलबाला चलता था पर अब उसी स्कूल में शिक्षा का अलख जग रहा है। दिनोदिन स्कूल में छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, रांची विधायक सीपी सिंह, रांची के पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शहदेव, पद्मश्री मधु मंसूरी, पूर्व डीआईजी सुबोध प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रदूषण फैलाने से परेशान ग्रामीणों ने डीसी से लगाई गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बालीडीह थाना क्षेत्र स्थित गोडावाली उत्तरी पंचायत के ग्रामीण बोकारो औद्योगिक क्षेत्र में संचालित कल-कारखानों द्वारा फैलाएं जा रहे, प्रदूषण की मार लगातार झेल रहे है। स्थानीय ग्रामीण तरह-तरह के बीमारियों से ग्रस्ति हो रहे हैं। यहां तक की पशु-पक्षी भी प्रदूषण का दंश झेलने को विवश है। न तो जलाशय का पानी पीने व नहाने योग्य रह गया है, और न ही हवाएं सांस लेने लायक रहने दी गई है। घर-बाहर दोनों ही जगह प्रदूषण काल बन कर मंडरा रहा है। ये बातें गोडावाली निवासी श्याम लोचन सिंह, गोपाल सिंह, जय नारायण मरांडी, साकिब अंसारी, सुनील सिंह, फिरोज अंसारी सहित अन्य ने कही। ये सभी, स्थानीय ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन लेकर बोकारो उपायुक्त कार्यालय पहुंचे थे। कहा कि बोकारो औद्योगिक क्षेत्र के आसपास गोडावाली उत्तरी, गोडावाली दक्षिणी तथा माराफारी पुनर्वास पंचायत के साथ बड़ी संख्या में कुमीर्डीह क्षेत्र के लोग प्रदूषण की विभिषिका झेलने को विवश हैं। वर्षों से इस समस्या का कोई हल नहीं निकला जा रहा है। कहा कि घर के बगल में टायर फैक्ट्री इंडक्शन फैक्ट्री सहित अन्य कंपनियों द्वारा पर्यावरण के तय मानक का पालन नहीं किया जा रहा है। फैक्ट्रियों संचालक खुलेआम तय मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए, मनमानी पर उतारू है। जिससे आमजन मानस की परेशानी दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। बोकारो डीसी विजया जाधव ने ग्रामीणों की बात को गंभीरता से सुना। इस जनहित मुद्दे पर उचित कार्रवाई करने की बात कहीं। ग्रामीणों ने बताया कि बोकारो डीसी ने 15 दिनों के अंदर ग्रामीणों की समस्याओं पर जांच कर, प्रभावी कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया है। कहा कि हम सभी को उम्मीद है कि डीसी द्वारा जल्द व त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# गृह मंत्री अमित शाह के बयान को तोड़मरोड़ कर किया गया वायरल : सांसद वीडी राम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** राज्य सभा में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जरिये डा. भीमराव अम्बेडकर पर दिए गए बयान पर सफाई देते हुए पलामू के सांसद वीडी राम ने सोमवार को कहा कि बयान के वीडियो क्लीप को तोड़मरोड़ कर मात्र 12 सेकेंड का दिखाया गया, ताकि उनकी छवि को धूमिल करके राजनीति की जाए। कांग्रेस की यह राजनीति जनता समझती है। सांसद डालटनगंज में अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। सांसद ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री के पूरे वीडियो बयान को देखा जाए तो वे कहीं से भी बाबा साहब का अपमान करते नजर नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास उठाकर देखा जाए तो स्पष्ट होगा कि बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर का सबसे ज्यादा तिरस्कार किसने किया है। भाजपा ने हमेशा से बाबा साहब को सम्मान दिया। भाजपा समर्थित सरकार बनने पर भारत रत्न की उपाधि दी। उनके पांच प्रमुख स्थलों को विकसित किया। सांसद ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में डा. भीमराव अम्बेडकर का सबसे ज्यादा अपमान हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समय उन्हें परेशान होकर कानून मंत्री पद से इस्तीफा तक देना पड़ा। बावजूद इसके कांग्रेस भाजपा पर बाबा साहब का अपमान करने का आरोप लगाकर अपनी राजनीति रोटी सेंक रही है, लेकिन यह ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि संसद में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भाजपा सांसदों के साथ धक्का मुक्की करते हैं और महिला आदिवासी सांसद के साथ असभ्य व्यवहार करते हैं। उसकी जितनी भी निन्दा की जाए कम है। कांग्रेस चाहती है कि देश में 2014 से पहले वाली स्थिति बन जाये और लूट खसोट की नीति प्रभावी हो जाए। राहुल गांधी सहित कांग्रेस सांसदों का व्यवहार अहंकारी और गुंडागर्दी की तरह है। संसद में मकर द्वार पर प्रदर्शन कर रहे भाजपा सांसद को राहुल गांधी ने टक्कर मारी। आज भाजपा के बुजुर्ग और गरीब परिवार से आने वाले सांसद प्रताप सारंगी को आइसीयू में भर्ती करना पड़ा। सांसद मुकेश राजपूत बेहोश हो गए और उनकी एमआरआई करायी गयी। इसी तरह नागालैंड की महिला सांसद के साथ अक्षम्य असभ्य व्यवहार किया गया। मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, शिवकुमार मिश्रा सहित अन्य नेता मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी
-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 07रा(वि0), दिनांक-19.06.2024 द्वारा स्वच्छ अवस्था में मछलियों तथा मछलियों के बीज परिवहन हेतु मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों को अनुदानित दर पर चार पहिया भार वाहक वैन तथा एक्वेरियम शॉप / रंगीन मछली दुकान सज्जा के लिए उपकरण हेतु अनुदान उपलब्ध कराना है।

| क0 | योजना का नाम | कोटि | लाभुकों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | सरकारी अनुदान (रू0 में) | लाभुक अंशदान (रू0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मछली परिवहन हेतु चार पहिया भार वाहक वैन | अनुसूचित जनजाति क्षेत्र(796) | 1 | 6,00,000/- | 60 प्रतिशत अथवा अधिकतम मो0 3,60,000/- रू0 मात्र (दोनों में से जो कम हो) | 40 प्रतिशत अथवा शेष राशि | |
| | | अहर्त्ता:- 1. लाभुक द्वारा कम-से-कम 6.00 लाख रुपये का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया गया हो। 2. आवेदक/आवेदक समिति मछली के विपणन कार्य अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो। 3. आवेदक/आवेदक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो। 4. आवेदक, मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। वाहन के निबंधन, बीमा आदि का व्यय लाभुक को स्वयं वहन करना हो गा। निबंधन अथवा नगरपालिका का कर आदि का भुगतान लाभुक द्वारा किया जाएगा। 5. वैसे लाभुक जिन्हें चार पहिया भार वाहक वैन अनुदान पर दिया जायेगा उन्हें अन्य उपकरणों के क्रय पर कोई अनुदान देय नही होगा। | | | | | |
| 2 | एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा-उपकरण हेतु अनुदान | अनुसूचित जनजाति क्षेत्र(796) | 1 | - | अधिकतम मो0 1,00,000/- रू0 | - | |
| | | अहर्त्ता:- 1. आवेदक रंगीन मछली पालन/एक्वेरियम शॉप संचालन हेतु विशेष रुप से प्रशिक्षित हो। 2. मत्स्य प्रसार, अनुसंधान तथा प्रशिक्षिण योजना में रंगीन मछली पालन के प्रशिक्षित महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। 3. आवेदक अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो। 4. दिव्यांग आवेदक जो (बिन्दु 2) में हों उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। 5. दिव्यांग होने की स्थिति में आवेदक को असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र समर्पित करना होगा। | | | | | |

योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुको का Escrow Account जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा खोला जाएगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account में हस्तांतरित की जायेगी।

उपरोक्त अहर्त्ता रखने वाले आवेदकों से दिनांक 02.01.2025 को कार्यालय अवधि तक जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 342668 Fish(24-25).D

**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, रामगढ़**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सं० :- *ZP/RAMGARH/10/2024-25*

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| क्र. | प्रखण्ड | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य (रु०) | कार्य पुर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पतरातू | सुन्दरनगर | ग्राम सुन्दरनगर गणेश मंदिर से संजय सोनी के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। (300 मी०) | 5170300 | 104000 | 10000.00 | 06 (छ:) माह |
| 2 | पतरातू | बारीडीह | पचायत बारीडीह ग्राम -जोबो से लोवाडीह करमाटोला राजेश बेदिया के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। (600 मी०) Phase- I | 9779500 | 196000 | 10000.00 | 06 (छ:) माह |
| 3 | पतरातू | तालाटॉड | पचायत तालाटॉड प्रा. वि. पलानी से गरेवाटॉड पक्की सड़क पी.सी.सी. पथ निर्माण।(800 मी०) | 7154500 | 144000 | 10000.00 | 06 (छ:) माह |
| 4 | पतरातू | बारीडीह | बारीडीह पंचायत के ग्राम जोबो करमाटोला अजुर्ण गडनू के घर से बजरंगबली मंदिर तक पथ निर्माण। (700 मी०) Phase- I | 9766100 | 196000 | 10000.00 | 06 (छ:) माह |
| 5 | पतरातू | बुधबाजार | बुधबाजार मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय तक दो किलोमीटर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। (1100 मी०) | 8193600 | 164000 | 10000.00 | 06 (छ:) माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि- दिनांक 27.012.2024
2. ई-निविदा डालने/प्राप्ति की तिथि एवं समय- दिनांक 28.12..2024 से दिनांक 02.01.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय- दिनांक - 03.01.2025 को अपराह्न 3:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता- जिला अभियंता, जिला परिशद, रामगढ़।
5. ई-निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं०- 9801557645
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल *Online mode* द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई- भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते मे अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है। तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
8. निविदा Double Bid पद्धति से होगा।
9. इस निविदा में जिला परिशद, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/-
जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़

PR 342659 District(24-25)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-32/2024-25

2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 03.01.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2025 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Installation to False Celling Laying Verandah North and South area in I.G Residence Building at Hazaribag | 245300/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 2 | Renovation of A-Type Qtr No -07 Anil kumar(NH) fourth Grade staff Quarter near Sarvoday colony Hazaribag | 242500/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 3 | Emergent of Ineer and Outer Painting of Building (Registrar Building) for the Dispensary facility situated in the premises of Civil Court at Hazaribag | 242950/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 4 | Emergent work of Installation of Curtain Hooks and Pipes in all the courts rooms of civil courts, Hazaribag | 245900/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 5 | Emergent work for Construction of Five DG Sets Bed in civil court Hazaribag, District- Hazaribagh | 249700/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 6 | Emergent work for Construction of Centralized Electrical System of Civil wok in civil court Hazaribag, District- Hazaribagh. | 249200/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 7 | Installation Deep Bore Well (8"x6") Dia to BCD Office in Campus at Hazaribag | 249850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 8 | Renovation of Sergeant Major Residence Near Jheel A.P.P Work ,Hazaribag | 248000/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 9 | Renovation of Sergeant Major Residence Near Jheel ,Hazaribag | 247000/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 342658 Building (24-25)_D

# उपभोक्ताओं को मिले त्वरित न्याय

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस



योगेश कुमार गोयल

पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।

देश में प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को उपभोक्ताओं के विभिन्न हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल ऑनलाइन खरीददारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हालांकि वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीददारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था, जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसीलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बार 24 दिसम्बर 1986 को देशभर में लागू किया गया।




पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें।

उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

अगर उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतों का उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण में क्या योगदान है। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हजार्ना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया।

ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है। हालांकि जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो हैरानी होती है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संपादकीय

# हिंसा का सिलसिला बेलगाम

बांग्लादेश में हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाने और हिन्दुओं के खिलाफहिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार को मैमन सिंह और दिनाजपुर जिलों में 8 देव मूर्तियों को खंड़ित कर दिया गया। इन घटनाओं की पुष्टि पुलिस ने की है। हिंसा इस कदर बढ़ गई है कि हिन्दूओं के श्मशान घाट तक सुरक्षित नहीं रह गए। शनिवार को नाटोर के काशिमपुर सेंट्रल श्मशान घाट स्थित मंदिर के पुजारी की हत्या किए जाने का समाचार मिला। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, बदमाशों ने पुजारी की नृशंस हत्या के साथही मंदिर में लूटपाट भी की। हालांकि पुलिस इस घटना को ड़कैती की वारदात बता रही है। बहरहाल, जिस तरह हिन्दू मंदिरों और हिन्दुओं को कट्टरपंथी तत्व निशाने पर ले रहे हैं, उससे पता चलता है कि पड़ोसी देश की अंतरिम सरकार धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा नहीं कर पा रही है। उन्हें शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से निरंतर यातना का सामना करना पड़.रहा है। अंतरिम सरकार न केवल अपनी जिम्मेदारी निभा पा रही है, बल्कि भारत पर अनर्गल और आधारहीन आरोप तक लगाए जा रहे हैं। अंतरिम सरकार द्वारा गठित एक जांच आयोग ने कहा है कि उसने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन के दौरान कथित रूप से 'जबरन गायब' करने की घटनाओं में भारत की 'संलिप्तता' पाईहै। सेवानिवृत्त न्यायाधीश मैनुल इस्लाम चौधरी के नेतृत्व वाले इस पांच सदस्यीय जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट 'अनफोल्डिंग द ट्रुथ' हाल में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रो. मुहम्मद यूनुस को सौंपी है। जांच आयोग अपनी अंतरिम रिपोर्ट में इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर आरोप लगा चुका है कि उन्होंने लोगों को जबरन गायब कराया। आयोग का अनुमान है कि जबरन गायब किए गए लोगों की संख्या तीन हजार से ज्यादा हो सकती है। भारत को कठघरे में लाने का कुत्सित प्रयास करते हुए आयोग ने यह निष्कर्ष भी निकाला है कि कुछ बांग्लादेशी कैदी अब भी भारतीय जेलों में हो सकते हैं। यह प्रयास इस जांच आयोग के अधिकार क्षेत्रसे बाहर है, फिर भी भारत की छवि मलिन करने की गरज से दुर्भावनापूर्ण निष्कर्ष निकाले जा रहे हैं। ऐसी हरकतों से दोनों पड़ोसी देशों के बीच अविश्वास की खाई और चौड़ी होगी। बांग्लोदश की अंतरिम सरकार को भान रहे कि आधारहीन दावों और निष्कर्षों से पनपे अविश्वास के दूरगामी परिणाम होंगे। उसे यह तथ्य भी अनदेखा नहीं करना चाहिए कि उसकी आर्थिकी अभी भी बहुत हद तक भारत पर निर्भर है।

## चिंतन-मनन

# धर्म की शरण

हर संसारी प्राणी अपनी सुरक्षा के लिए शरण की खोज करता है। प्राणी उपयुक्त शरण मिलने पर उसे स्वीकार भी कर लेता है। बहिर्दर्शी व्यक्ति अपने पारिवारिक जनों को शरण मानता है। परिवार के लोग किसी सक्षम सदस्य को शरण मानते हैं। किंतु वे तुम्हें त्राण और शरण देने में समर्थ नहीं हैं और तुम उनको त्राण या शरण देने में समर्थ नहीं हो। यह आगम-वाणी मनुष्य को अपनी सही स्थिति का बोध देती है। वह जब चारों ओर से अत्राण और अशरण होकर असहाय हो जाता है, उस समय उसकी अंतमरुखी चेतना में चार प्रकार की शरण आविर्भूत होती है- अर्हत्, सिद्ध, साधु और धर्म। ये चार तत्व ऐसे हैं, जो व्यक्ति को शात शरण दे सकते हैं। इन चारों शरणों में तीन तत्व किसी अपेक्षा से परे भी हो सकते हैं किंतु चौथा तत्व धर्म अपना निजी ही है। इसकी शरण में जाने के लिए कोई अपेक्षा नहीं केवल अपनी वृत्तियों को मोड़ने की जरूरत है।

धर्म क्या है? जो सबको समता और शांति का पाठ पढ़ाए, वह धर्म है। जिस धर्म के सहारे सुख-सुविधा के साधन जुटाए जाते हैं, प्रतिष्ठा की कृत्रिम भूख को शांत किया जाता है, प्रदर्शन और आडंबर को प्रोत्साहन दिया जाता है, उस धर्म की शरण स्वीकार करने से शांति नहीं मिल सकती। ऐसा धर्म समता का सूत्र नहीं दे सकता।

धर्म की व्याख्या में अब तक हजारों ग्रंथ लिखे जा चुके हैं, पर उनसे धर्म का सही रूप परिभाषित नहीं हो सका। क्योंकि अधिक व्याख्याकारों ने अपनी धारणा के परिवेश में उसे व्याख्यायित किया है। मेरे अभिमत से धर्म का अर्थ है स्वभाव। स्वभाव को उपलब्ध करने के लिए उसमें रमण करने की जरूरत है। जो व्यक्ति अपने स्वभाव में रमण कर लेता है, वह धर्म की शरण पा लेता है। उसे अपनी शरण उपलब्ध हो जाती है।

धर्म या स्वभाव- रमण का एक सूत्र है- पदार्थ प्रतिबद्धता का अभाव। कोई व्यक्ति अभाव या अतिभाव के कारण पदार्थ से प्रतिबद्ध नहीं होता है, यह वास्तव में धर्म नहीं है। अभाव में जो व्यक्ति संग्रह नहीं करता, वह त्यागी नहीं होता। इसी प्रकार अतिभाव में पदार्थ का विसर्जन करने वाला भी त्यागी नहीं हो सकता।

# गिग अर्थव्यवस्था की चुनौतियां



डा. जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में प्रकाशित फोरम फॉर प्रोग्रेसिव गिग वर्कर्स के द्वारा आयोजित एक वेबिनार में भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रकाशित किया गया है। इसमें जहां भारत में तेजी से बढ़ती हुई गिग अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ती हुई नौकरियों और चुनौतियों का उल्लेख किया गया है, वहीं कहा गया है कि भारत में गिग अर्थव्यवस्था इस वर्ष 2024 तक 17 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 455 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। श्वेत पत्र के अनुसार भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिग अर्थव्यवस्था का योगदान वर्ष 2030 तक 1.25 प्रतिशत के स्तर पर होगा। गौरतलब है कि देश में सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में कमी आ रही है, लेकिन गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। गिग अर्थव्यवस्था का मतलब है अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था। गिग अर्थव्यवस्था के तहत गिग वर्कर प्रोजेक्ट दर प्रोजेक्ट आधार पर काम करते हैं और अपनी सेवाएं देते हैं। व्यापक तौर पर कोविड-19 के बाद डिजिटलीकरण के प्रसार ने गिग अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। जहां शहरी क्षेत्रों में गिग वर्कर को अभी तक कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, डिलिवरीज जैसे श्रम आधारित और कम योग्यता आधारित कार्यों से जोड़कर देखा जाता रहा है, वहीं अब गिग वर्किंग के मौके व्हाइट कॉलर जॉब यानी ऐसे कामों में भी बढ़ रहे हैं, जहां उच्च स्तर के कौशल और शिक्षा की जरूरत होती है। उच्च स्तर के कौशल और शैक्षणिक योग्यता के साथ काम के ऐसे मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे हैं। खास बात यह है कि गिग अर्थव्यवस्था के तहत अब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। महिलाओं की भागीदारी गिग अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में दिख रही है। चाहे मार्केटिंग हो या फाइनेंस, महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। इसके साथ ही महिलाएं इस समय फ्रीलांसिंग में भी सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखा रही हैं। उल्लेखनीय है कि गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके बढ़? के संबंध में नीति आयोग के आंकड़े भी महत्वपूर्ण हैं। नीति आयोग के मुताबिक देश में इस समय 77 लाख गिग कर्मी हैं। ऐसे कर्मियों की संख्या तेजी से बढ़? की उम्मीद जताई जा रही है। इसका कारण यह है कि गिग कर्मियों की व्यवस्था फिलहाल केवल शहरी क्षेत्र में ही है और मुख्य रूप से ये सेवा क्षेत्र में सक्रिय हैं। मगर अब इनका दायरा बढ़ेगा तो गिग कर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। नीति आयोग के आकलन के अनुसार भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक बढ़कर 2.3 करोड़ के लगभग हो जाएगी। देश में टियर-2 और टियर-3 शहरों में गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और चेन्नई सहित देश के छोटे-बड़े शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष गिग नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई दे रही हैं। वहां यह भी उल्लेखनीय है कि इन दिनों देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि देश में गिग अर्थव्यवस्था के कारण विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर में तेजी से कमी आ रही है और रोजगार के नए मौके बढ़ रहे हैं। चूंकि गिग कर्मचारी अक्सर संगठित और असंगठित श्रम के बीच ग्रे जोन में आते हैं, जिससे लाभ और संसाधन प्रभावित होते हैं, इसलिए बड़ी प्लेटफॉर्म कंपनियां तेजी से गिग श्रमिकों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियों को प्राथमिकता दे रही हैं। इसके तहत मानसून के दौरान टिकाऊ रेनकोट प्रदान करने से लेकर आराम करने के क्षेत्र की स्थापना और गर्मी के मौसम के दौरान पानी की सुविधा शामिल हैं। खास तौर से अमेजन, फ्लिपकार्ट, जोमैटो और स्विगी जैसी कंपनियां अपने कर्मचारियों के कल्याण के परिप्रेक्ष्य में सक्रिय रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए दिखाई दे रही हैं। फिर भी अभी देश में गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा पर पूर्ण रूप से ध्यान दिया जाना होगा। खास तौर से हमें गिग वर्कर्स के लिए भविष्य निधि और पेंशन और बीमा संबंधी कवरेज और लाभों के बारे में सोचना होगा।

इस परिप्रेक्ष्य में नीति आयोग ने ह्यइंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमीह्न शीर्षक से जो रिपोर्ट लॉन्च की है, उसके तहत अन्य बातों के साथ ही गिग वर्कर्स और उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों का विस्तार करने की सिफारिश की गई, जिसमें बीमा और पेंशन जैसी योजनाएं शामिल हैं। यद्यपि देश में गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 अधिनियमित हो चुकी है, लेकिन अभी तक प्रभावी नहीं है। यह संहिता सरकार को जीवन और विकलांगता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा और क्रेच लाभ प्रदान करने के लिए गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं तैयार करने में सक्षम बनाती है। अब देश में गिग वर्कर्स के लिए ऐसी योजनाएं और नीतियां बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी में आगे बढ़ाना होगी, जिसमें एक फर्म या सरकार के सहयोग द्वारा विशिष्ट रूप से ऐसी डिजाइन हो, जैसी कि सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 के तहत परिकल्पित है। दुनिया के कई देशों में गिग वर्कर्स को ह्यवर्कर्सह्न के रूप में वर्गीकृत करके जो मॉडल स्थापित किया गया है, उस पर ध्यान दिया जाना होगा। यह वर्गीकरण गिग वर्करों के लिए न्यूनतम वेतन, सवेतन अवकाश, सेवानिवृत्ति लाभ योजना और स्वास्थ्य बीमा सुरक्षित करता है। गिग वर्करों को राजकोषीय प्रोत्साहन जैसे टैक्स-ब्रेक या स्टार्टअप अनुदान प्रदान किए जा सकते हैं। गिग-प्लेटफॉर्म क्षेत्र की क्षमता का दोहन करने के लिए विशेष रूप से प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए डिजाइन किए गए उत्पादों के माध्यम से क्षेत्रीय और ग्रामीण व्यंजन, स्ट्रीट फूड, स्व-रोजगार व्यक्तियों को कस्बों और शहरों के व्यापक बाजारों में अपनी उपज बेचने के लिए प्लेटफार्म्स से जोड़ा जा सकता है। देश में गिग वर्कर्स को केवल कुछ ही फर्म ऑन-वर्क दुर्घटना बीमा प्रदान करती हैं। इसे सभी नियोक्ताओं द्वारा प्रदान किया जा सकता है।

कामगारों को संकटपूर्ण समय या सेवानिवृत्ति के लिए बचत करने में मदद करना भी कंपनियों द्वारा गंभीरता से लिया जाना होगा। ऐसा करने का एक तरीका यह हो सकता है कि इनके द्वारा न्यूनतम स्वैच्छिक योगदान किया जाए जो एक कॉर्पस फंड में जमा हो। सरकार के द्वारा शिक्षा, वित्तीय सलाह, विधिक कार्य, चिकित्सा या ग्राहक प्रबंधन क्षेत्रों जैसे उच्च-कौशल गिग वर्कर्स के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी होगी, जिससे भारतीय गिग वर्कर्स के लिए वैश्विक बाजारों तक पहुंच को सुगम बनाया जा सके। इसके साथ ही, सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने की जिम्मेदारी साझा करने हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शी तंत्र स्थापित करने के लिए सरकारों, गिग प्लेटफॉर्म और श्रम संगठनों के बीच सहयोग की भी आवश्यकता होगी। निश्चित रूप से देश में गिग वर्कर्स को यदि सामाजिक सुरक्षा की छतरी प्रदान की जाएगी, तो गिग वर्कर्स के रूप में काम कर रही देश की नई पीढ़ी के चेहरे पर मुस्कुराहट आ सकेगी और देश गिग वर्कर्स के अधिकतम योगदान से तेज विकास की डगर पर आगे बढ़ेगा। हम उम्मीद करें कि गिग अर्थव्यवस्था भारत के भविष्य के कार्यबल और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी व ऐसे रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी, जिससे आय असमानताओं को कम करने और विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने में सहायता मिलेगी।

(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)

# बिजली विभाग : तय हो महकमे की जवाबदेही



ड़ॉ. दिलीप चौबे

इस समय उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर बिजली विभाग किसी भी रूप से बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। अतिक्रमण करने और अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई कर अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। निश्चित रूप से समाज में संदेश जाना चाहिए कि जो भी गलत काम करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसा संदेश जाएगा तो लोग अवैध काम करने से डरेंगे और बेहतर व्यवस्था और अच्छा समाज बनाने में मदद मिलेगी। लेकिन क्या ऐसी कार्रवाई करने की बात इतनी सरल है?


अनेक लोग इस तरह की कार्रवाई को गलत बता रहेहैं। कुछ लोगों का आरोप है कि राजनीतिक द्वेष के कारण भी इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या नियमित रूप से इस तरह की कार्रवाई की जाती है? क्या नियमित रूप से देखा जाता है कि कहां बिजली चोरी हो रही है, और कहां लोगों ने अवैध रूप से मकान बनाए हुए हैं, या कब्जे किए हुए हैं? हो सकता है कि अपवाद के तौर पर कहीं ऐसा होता हो लेकिन सामान्य तौर पर ऐसा नहीं होता। ज्यादातर मामलों में इस तरह की कार्रवाई किसी शिकायत या फिर अन्य कारणों से होती है।

सवाल है कि सामान्य तौर पर ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं होती? सामान्य तौर पर संबंधित कर्मचारी और अधिकारी क्या कर रहे होते हैं? कई मामलों में कर्मचारी और अधिकारी रित लेकर चुप हो जाते हैं, और अवैध काम की तरफ से मुंह मोड़ लेते हैं। निश्चित रूप से भारत लगातार विकास की राह पर अग्रसर है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देश में रित का खात्मा नहीं हो सका है। भरे बाजार में बिना नक्शा पास हुए बड़ी-बड़ी बिल्डिंग कैसे बन जाती हैं? किसी सुनसान जगह पर ऐसी बिल्डिंग बने तो बात समझ में आती है कि उस बिल्डिंग पर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी होगी। लेकिन ऐसे मुख्य बाजार और ऐसी मुख्य सड़क, जहां से अधिकारी रोज गुजरते हैं, पर भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से होते हैं।

समझ से परे है कि ऐसे निर्माण पर अधिकारियों का ध्यान क्यों नहीं जाता। जब ऐसी अवैध इमारतों में कोई हादसा हो जाता है, या इनकी शिकायत की जाती है तो अधिकारी तुरंत हरकत में आ जाते हैं। विपक्ष से जुड़े नेता की बिल्डिंग पर कार्रवाई होने में देर नहीं लगती। इसका सीधा सा अर्थ है कि संबंधित विभाग के कर्मचारी और अधिकारी जानबूझ कर अवैध निर्माण को प्रश्रय देते हैं, और जब अवैध निर्माण हो जाते हैं तो उन्हें ध्वस्त करने का डर दिखा कर उगाही की जाती है। आम तौर पर अवैध इमारतों के मालिकों को पहले नोटिस दिया जाता है। नोटिस देने के बाद ही अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाता है। लेकिन अक्सर नोटिस देने की प्रक्रिया में भी धांधली होती देखी गई है। कई लोगों ने आरोप लगाए हैं कि इमारत गिराने से पहले उन्हें नोटिस नहीं दिया गया। किसी भी रूप से बिजली की चोरी की जाएगी या फिर अवैध निर्माण किए जाएंगे तो इसका असर समाज और अंततः देश पर ही पड़ेगा। ज्यों-ज्यों देश विकसित हो रहा है, त्यों-त्यों देश में बिजली की खपत भी बढ़ रही है। हालांकि पहले की अपेक्षा देश में बिजली उत्पादन बढ़ा है, लेकिन किसी भी तरह से बिजली चोरी होती है तो इसका असर बिजली की कुल क्षमता पर पड़ता है। भले सरकार बिजली निर्माण के लिए कितने भी नये बिजलीघर लगा ले लेकिन बड़े पैमाने पर हो रही बिजली चोरी नहीं रोकी गई तो इन बिजलीघरों का पूरा लाभ देश को नहीं मिल पाएगा। ऐसा नहीं है कि गरीबी के कारण ही लोग बिजली चोरी करते हैं, बड़ी-बड़ी औद्योगिक इकाइयां भी बिजली चोरी करती पकड़ी जाती हैं।

पहले से ज्यादा शिक्षित समाज के कुछ लोगों को अवैध काम करने में न ही शर्म आती है, और न किसी तरह का डर होता है। अवैध काम करने के पीछे सारा दोष हमारी मानसिकता का है। इसी मानसिकता के चलते पहले हम गलत काम करते हैं, और बाद में रित देकर गलत काम को वैधता प्रदान करने की कोशिश करते हैं। कोढ़ में खाज यह कि प्रशासन और संबंधित कार्यालय पहले हाथ पर हाथ रख कर बैठा रहता है, और बाद में खुद को ईमानदार साबित करने की कोशिश करता है।

यही कारण है कि इस सारी व्यवस्था में दोनों पक्ष यानी जिन पर कार्रवाई होती है, और जो कार्रवाई करते हैं, कहीं न कहीं भ्रष्टाचार के सागर में गोते लगाते नजर



आते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि बिजली चोरी और अवैध निर्माण करने वालों पर तो कार्रवाई हो जाती है, लेकिन संबंधित विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। बेहतर तो यह होगा कि ऐसे मामलों में विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों की भी जवाबदेही तय हो। उनसे पूछा जाए कि जब इस तरह के अवैध काम हो रहे थे तो वे कहां थे। निश्चित रूप से इस प्रक्रिया से एक बेहतर व्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी।

## एक नजर

### चोरी मामले में मिर्जाचौकी थाना में प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज/मंडरो:** शनिवार के देर रात्रि शटर कटवा गिरोह के द्वारा शटर काट कर मिजाचौकी बाजार स्थित शांति ज्वैलर्स के दुकान में एक आभूषण ज्वेलर्स की दुकान में बीते रात्रि हुई लाखों रुपए की जेवरात व हजारों रुपए की चोरी को लेकर सोमवार को मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव के द्वारा कांड संख्या 95/2024 के तहत अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन जांच में जुट गई है।

### अनुमंडल अस्पताल सभागार में हुई समीक्षा बैठक

**साहिबगंज/राजमहल:** सोमवार को राजमहल अनुमंडल अस्पताल सभागार कक्ष में उपाधीक्षक उदय टुडू की अध्यक्षता में राजमहल एवं उधवा प्रखंड के सभी सहिया साथी एवं बीटीटी का समीक्षात्मक बैठक की गई साथ ही निर्देशित किया गया कि अभिलंब 5 जनवरी 2025 तक घर-घर सर्वे करना सुनिश्चित करेंगे ताकि नियमित टीकाकरण की सत प्रतिशत उपलब्धि को प्राप्त किया जा सके। उक्त बैठक में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक मधुसूदन महतो, विश्व स्वास्थ्य संगठन के बासुकीनाथ यादव, बीटीटी धीरेन मंडल, शीला गोस्वामी, स्नेहा मरांडी एवं सभी सहिया साथी उपस्थित रहे।

### टीबी उन्मूलन को लेकर डीसी ने की समीक्षा, दिए निर्देश

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में टीबी उन्मूलन के लिए 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने इस अभियान की समीक्षा की और सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद को कई निर्देश दिए। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद और जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज के जरिये डीसी को जानकारी गई की सात दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक संचालित 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत पूरे जिले में संभावित टीवी मरीजों की पहचान एवं उनके उपचार के लिए कार्य किया जा रहा है।अभियान के तहत टीबी रोग के लक्षण अथवा संभावित टीबी मरीजों का नि:शुल्क चेस्ट एक्स-रे सहित अन्य स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। इस दौरान डीसी ने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए अभियान के तहत कार्य करने और सीएसआर के माध्यम से भी अभियान को उद्देश्यों को पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### तेज रफ्तार बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त, तीन घायल

**खूंटी :** शहर के भगत सिंह चौक के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार महिंद्रा बोलेरो वाहन (जेएच 01ईजेड-4179) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पथ निर्माण विभाग के जरिये लगाए गए दिशा सूचक बोर्ड के मजबूत पिलर और पोल से टकराते हुए एक दुकान के शेड में जा घुसा। इस दुर्घटना में वाहन पर सवार तीन लोग घायल हो गए, जबकि वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल खूंटी कटहल टोली के साहिल बोदरा (21) को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। मामूली रूप से घायल सौरव गुड़िया (22 ) तथा जेकब भेंगरा (23 ) का इलाज सदर अस्पताल में ही किया गया।

## नीमडीह में कुकड़ू प्रखंड की सात सड़कों का विधायक ने किया शिलान्यास

# 13 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से होगा 25 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य : सविता महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत नीमडीह व कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में 7 सड़को का किया शीलान्यास। सोमवार को विधायक सविता महतो नें विधिवत रुप से शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सविता महतो नें कहा कि 13 करोड़ 69 लाख 20 हाजार 2 सौ रुपये कि लागत से 25 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य होगा। उन्होंने कहा नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के पितकी रेलवे गेट से कुशपुतुल तक 5.3 किमी, जामडीह रेलवे क्रॉसिंग से सिरका तक 2. 7 किमी, एन एच 32 बारेदा रोड से माकुला तक 3.9 किमी, हुंडरु पाथरडीह पीडब्लूडी रोड से लाकड़ी तक 6.2 किमी, रामनगर बांदु रोड से पुरियारा मोड़ पीडब्लूडी रोड तक 2.4 किमी, बांदु से पाड़कीडीह तक 0.8 किमी व कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के हेंसालोंग से ओड़ीया तक 2.62 किमी सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों को यातायात में सुविधा होगी। उन्होंने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य चारुचांद किस्कु, काबलु महतो, धरमु गोप, बिशाल गोप, प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो, हरे कृष्ण सिंह सरदार, सचिन गोप,शंकर सिंह सरदार, टिंकू महतो, पोद्दो सिंह, पतित दास, बनमाली सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष व झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा पाना बच्चों के मौलिक अधिकार में शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देशन में साहिबगंज जिला में विधिक जागरूकता कार्यक्रम पूरे जिला के सभी प्रखंडों सहित पंचायत में विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ज्ञात हो यह विधिक जागरूकता कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज (डीएलएसए) के तहत 90 दिनों तक विशेष कार्यक्रम के तहत की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य जगहों पर पीएलवी के द्वारा सरल ,सुलभ निःशुल्क विधिक सेवा को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला के सभी प्रखंडों में भी डोर टू डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। इस क्रम में आज पीएलवी ने नगर परिषद अंतर्गत स्थित राजकीतकृत मध्य विद्यालय तालाब में पहुंच कर छात्रों एवं शिक्षकों को शिक्षा का अधिकार 2009, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा एवं अन्य चीजों की जानकारी दी गई। वही टोल फ्री नंबर 15100 विधिक सेवा के बारे में बतलाया गया। इस मौके पर पीएलवी बच्चन कुमार पाठक, विजय कुमार भगत, अमित कुमार तोदी, सुदर्शन ठाकुर, मनोज कुमार,प्रभारी प्रधान शिक्षिका रूबी देवी, शिक्षक जितेन्द्र हरि, शिक्षिका सुचिता कुमारी व अन्य उपस्थित रहें।

## साहिबगंज उपायुक्त ने की फेरी संचालन संबंधी कार्यों की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय में फेरी संचालन संबंधी कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज से फेरी संचालन हेतु अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा हेतु जानकारी प्राप्त की। अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा बताया गया कि साहेबगंज-मनिहारी अंतर-राज्यीय फेरी घाट के संचालन हेतु तैयारियों के क्रम में निम्न कार्रवाईयों की गई है। बताया गया कि आम सूचना निर्गत करके इच्छुक जहाज मालिकों से अपने जहाजों को फेरी के परिचालन हेतु भाड़े पर देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस प्रकार कुल चार प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इन प्रस्तावों की संवीक्षा हेतु समिति की बैठक प्रस्तावित थी। परन्तु वांछित संख्या में समिति सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण इस संविक्षा को स्थगित करना पड़ा। इन प्रस्तावों की जाँच उपरांत नियोजित की जाने वाली जहाजों का चयन किया जाना शेष है।इसके आलोक में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि पारदर्शिता एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से श्रेयस्कर होगा कि प्राप्त प्रस्तावों की संवीक्षा एवं तदुपरांत जहाजों का चयन अपर समाहर्त्ता, साहेबगंज की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा किया जाय। उक्त समिति की बैठक अपर समाहर्ता कार्यालय, साहेबगंज में आहूत होगी, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज को प्राप्त हुए सभी प्रस्तावों में सन्निहित प्रत्येक जहाज की पृथक-पृथक संवीक्षा करेगी तथा यह विनिश्चय करेगी कि संबंधित जहाज परिचालन योग्य उपयुक्त है या नहीं एवं अपने इस विनिश्चय को अभिलेखित करेगी। उपायुक्त द्वारा इस विषय में जानकारी मांगी गयी कि भाड़े पर दिये जाने वालों जहाजों के मालिकों को भुगतेय राशि का विनिर्धारण किसके द्वारा किया जायेगा।

## धान के बंडल में आग लगने से किसानों को हजारों रुपये का हुआ नुकसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत बोनिडगा गांव में सोमवार को दिन के करीब 2:00 बजे के आसपास मण्डल मुर्मू के धान के पाला में आग लग जाने से करीब 4 बीघा धान जलकर राख हो गया है। आग लगने के कारण को लेकर गांव मे जितने मुंह उतने बातें कही जा रही है। प्रत्यक्ष दर्शीयों ने बताया कि जहां पर यह घटना घटित हुई है, वहां पर एक बहुत बड़ा खलिहान है और उसके आसपास कई सारे और धान के पाला मौजूद था, खलिहान में आसपास धान निकाल रहे लोगों ने जब यह घटना को देखा तो काफी हो हल्ला होने लगा एवं लोग बाल्टी आदि लेकर आग बुझने लगे, पर जब आग विकराल रूप धारण कर लिया तो अंत में दो पंपसेट मशीन के सहायता से गांव के लोगों ने आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि यदि गांव वाले को सही समय पर पता नहीं चलता तो आसपास के और भी कई धान के पाला जल कर खाक हो जाता। इस घटना में धान मलिक को लगभग 50 हजार रुपए के नुकसान होने की बात कही जा रही हैं घटना की पुष्टि के लिए जब अंचल अधिकारी बरहरवा से संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाने के कारण यहां पर उसका पक्ष नहीं रखा जा सका। पंचायत के मुखिया मंडल किसको ने पीड़ित परिवार को अविलम्ब राहत उपलब्ध कराने की मांग किया है।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला स्थापना व अनुकम्पा समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** गोपनीय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक की गई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 11 मामलों को रखा गया। बैठक में उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की।दस्तावेजों में संलग्न आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है,उन आवेदकों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति एक महीने की प्रशिक्षण के उपरांत विभिन्न कार्यालय में पदस्थापित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है। उसको पूर्ण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया। स्थापना की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों का पदस्थापन, स्थानांतरण नहीं किया गया है। वैसे लिपिक संवर्ग के कर्मियों के आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया। बैठक में आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा समेत अन्य उपस्थित थे।

## मशरूम उत्पादन के लिए किसानों को किया गया प्रशिक्षित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चतरा :** कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा में आर्या परियोजना के तहत जिले के पत्थलगडा और गिद्धौर प्रखण्ड के करीब 70 किसानों को मशरूम उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन वैज्ञानिक धर्मा उरांव ने सोमवार को किया। मौके पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए वैज्ञानिक ने कहा कि मशरूम उत्पादन कर किसान स्वरोजगार से जुड़ेंगे। वे दूसरे को भी रोजगार का अवसर दे सकते हैं। उन्होंने मशरूम उत्पादन करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मशरूम उत्पादन से आमदनी में वृद्धि होगी। उन्होनें ने मशरूम के गुण एवं उसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व के बारे में विस्तार से किसानों को बताया। उन्होनें कहा कि मशरूम की खेती के लिए वानस्पतिक प्रवर्धन तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। एक किलो मशरूम बीज से करीब 10 से 15 किलोग्राम बटन मशरूम उगाया जा सकता है। मशरूम की खेती के लिए साफ सफाई काफी जरूरी है। खाद बनाने से पहले ही खाद बनाने के प्रांगण में दो प्रतिशत फॉर्मेलिन का छिड़काव करना चाहिए। उन्होनें कहा कि मशरूम उगाने के लिए वानस्पतिक प्रवर्धन तकनीक का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम शुद्ध कवक जाल संवर्धन बनाया जाता है और फिर उसे उबले हुए गेंहू बाजराए ज्वार, राई आदि के दानों पर उगाया जाता है। इस प्रकार से तैयार किये गये संवर्धन को ही मशरूम बीज और स्पॉन के नाम से जाना जाता है। प्रशिक्षण में वैज्ञानिक विनोद कुमार पाण्डेय ने किसानों को बताया कि वर्तमान परिदृश्य में मशरूम की खेती छोटे किसानों और भूमिहीन किसानों के लिए आय सृजन का अच्छा स्रोत हो सकता है। साथ ही मशरूम पोषण का समृद्ध स्रोत है जो प्रतिरक्षा को बढ़ाता है। प्रशिक्षण के बाद किसानों को मशरूम उत्पादन से संबंधित उपादान का वितरण भी किया गया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केन्द्र चतरा के शिवेन्द्र कुमार दूबे, उपेन्द्र कुमार सिंह, मो. जुनैद आलम, रूपलाल कुमार भोक्ता ने अहम भूमिका निभाई।

### पुलिस ने चार एकड़ भूमि पर लगे पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**चतरा :** चतरा एसपी विकास पांडेय के निर्देश पर राजपुर पुलिस और वनक्षेत्र पदाधिकारी ने थाना क्षेत्र के गाडियां अमकुदर गांव में सोमवार को पोस्ता विरोधी अभियान संयुक्त रूप से चलाया। अभियान का नेतृत्व राजपुर थाना प्रभारी संदीप कुमार गुप्ता और राजपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत राम ने संयुक्त रूप से कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने गांव के इर्द गिर्द लगे खेतो में पोस्ते की फसलों को ट्रैक्टर चलाकर विनष्ट कर दिया गया। पुलिस की इस करवाई से पोस्ते की खेती करने और कराने वालों में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्ते की खेती करने और कराने वालों को चिन्हित किया जा रहा है और इसके बाद अग्रिम करवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि पोस्ता विरोधी अभियान निरंतर चलता रहेगा और किसी भी भी कीमत पर पोस्ता की खेती नहीं करने दिया जायेगा। जो लोग पोस्ता की खेती में संलिप्त पाए जाएंगे उन्हें हर हाल में जेल जाना ही होगा। वहीं राजपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी अजीत राम ने बताया कि जंगल की जमीन पर जो लोग पोस्ते की खेती किए है उन्हे चिन्हित किया जा रहा और उनके ऊपर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जायेगा।


## संक्षिप्त खबरें

### 2009 के विस चुनाव में मारे गये लोगों को हरेलाल महतो ने दी श्रद्धांजलि



**चांडिल :** सोमवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ईचाडीह गांव पहुंचे। जहां उन्होंने 23 दिसंबर 2009 को विधानसभा चुनाव के मतगणना की शाम को सरायकेला से कुकडू लौटते समय राजनीतिक रंजिश में मारे गए ईचाडीह गांव के कालीपदो कुमार, डॉ. धनंजय कुमार, चित्तरंजन कुमार तथा बांदावीर के रामप्रसाद महतो के परिजनों से मुलाकात कर परिवार के सदस्यों का कुशल क्षेम जाना। वहीं हरेलाल महतो ने इन चार लोगों की 15वीं पुण्यतिथि पर इनके बेदी में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान हरेलाल महतो ने कहा कि यह जरूरी नहीं कि सभी लोग एक ही पार्टी या संगठन के बैनर तले काम करें। जिस तरह विभिन्न पार्टियों की भिन्न-भिन्न विचार होते हैं, उसी अनुसार लोग पार्टियों के साथ जुड़ते हैं। इसलिए विचारों में भिन्नता हो, लेकिन मनभेद नहीं हो। लोकतांत्रिक राजनीति में हिंसा की कोई जगह नहीं है। हरेलाल महतो ने कहा कि हम ईचागढ़ वासियों को संकल्प लेना होगा कि किसी भी नेता या पार्टी के मतभेद के कारण लोगों के साथ मनमुटाव नहीं करेंगे। पार्टी अलग- अलग हो सकता है, लेकिन हम सभी का एक ही लक्ष्य होना चाहिए ईचागढ़ विधानसभा का विकास और यहां की खुशहाली। इस मौके पर आजसू पार्टी के कुकडू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, डॉ मनोज कुमार, बसंत पोद्दार, कृष्णा पोद्दार, बबलू महतो, सुनील महतो, मनोज कुमार, बिष्णु कुमार, बुद्धदेव बनर्जी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### बाल संसाधन केंद्र उच्च विद्यालय मिर्जापुर में प्रबंध समिति का हुआ गठन



**बरहरवा:** बाल संसाधन केंद्र बरहरवा के उच्च विद्यालय मिजार्पुर बंगाल में सोमवार को सर्वसम्मति से प्रबंध समिति का गठन हो गया है। मालूम हो कि इससे पहले समिति के गठन के दौरान काफी हो हल्ला होने के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था। उसी को लेकर दोबारा सोमवार को विजय मंडल के अध्यक्षता में विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रबंध समिति की पुनर्गठन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। शिक्षा विभाग के तरफ से आए लोगों ने सबसे पहले समिति के गठन की प्रक्रिया को पढ़कर सुनाया एवं उनके कार्य तथा दायित्व की जानकारी दी। इसके बाद देर तक चली बैठक के बाद 16 सदस्यी समिति का गठन किया गया है। जिसमें जयदूर सेख को अध्यक्ष, नियुती देवी को उपाध्यक्ष, इसके अलावा मामलात शेख, जाकिर शेख, सएमा बीवी, नूरी बीवी, डूबा मंडल, आदि को सदस्य बनाया गया है। इस दौरान शिक्षा विभाग के तरफ से बरहरवा के इंतखाब आलम, विवेक कुमार पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे।

### एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक दवा शिविर सेवा का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** राजमहल प्रखंड अंतर्गत कृषि फार्म तालझारी में सोमवार को डॉक्टर एस एन प्रसाद पोद्दार होम्यो क्लीनिक, साहिबगंज के द्वारा अपने माता-पिता के याद में एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रजापति प्रकाश बाबा एवं डॉक्टर एस एन प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरान्त प्रजापति प्रकाश बाबा के द्वारा डॉक्टर प्रसाद को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डॉक्टर एस एन प्रसाद ने कहा की मै प्रतिवर्ष कहीं ना कहीं माता पिता के याद मे नि:शुल्क होम्योपैथिक सेवा शिविर का आयोजन करते आ रहें है। इस शिविर मे 70-महिला व पुरुष एवं बच्चों को सभी प्रकार के बीमारियों की देख कर बिमारी के अनुरूप नि:शुल्क होम्योपैथिक दवा का वितरण किया गया।होम्योपैथिक के प्रति लोगो में जो गलत भ्रम है लेकिन ऐसी बात नही है होम्योपैथिक दवा धीरे धीरे समय लेकर बीमारियां ठीक करती है साथ ही उन्होने यह भी कहा कि बिमारी के अनुसार परहेज आवश्यक है इस दवा से किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता यह दवा सभी प्रकार के जटिल रोंगो के लीऐ संभव है जो जड़-मुल से नाश करता है। मौके पर डॉ उमा कुमारी, कुंवर टुडू, हर्ष कुमार, विरेन्द्र कुमार उपस्थित रहें।


### स्वतंत्रता सेनानी भजहरी महतो को दी गई श्रद्धांजलि



**पटमदा:** स्वतंत्रता सेनानी सह जमशेदपुर के प्रथम सांसद स्व०भजहरि महतो का सोमवार को राष्ट्र शहीद सम्मान समिति ने कुमीर स्थित शहीद बेदी पर निर्मित स्व. भजहरि महतो की मूर्ति पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुण्यतिथि मनाया गया। भजहरि महतो एक आदर्श पुरुष के साथ गांधीवादी विचार धारा के पथ प्रदर्शक जन नेता थे। उन्होंने कभी भी जातिभेद को नहीं माना। अंग्रजों के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले भजहरि बाबू ने आजाद भारत निर्माण के लिए अहम भूमिका निभाई थी। वे शोषण के विरुद्ध एवं गरीबों, मजदूरों, किसानों के हक के लिए आवाज उठाया। वे बांग्ला भाषा आंदोलन के अग्रणी पंक्ति के नेता थे। इस दौरान राष्ट्र शहीद सम्मान समिति के पूर्व अध्यक्ष छुटुलाल महतो, सचिव भीष्म नाथ महतो, जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, मुखिया दीपक कोड़ा, कश्मार पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेन्द्र कुंभकार, शिक्षक प्रबोध कुमार महतो, वार्ड सदस्य हरलाल महतो, डॉ0 गोराचंद महतो, मनसा राम महतो, संतोष महतो सेवा निवृतशिक्षक मंटू महतो, सेकसिराजउद्दीन, दर्जनों लोग उपस्थित था।

# सेमीकंडक्टर स्टार्टअप माइंडग्रोव टेक्नोलॉजीज ने जुटाए 80 लाख डॉलर

## - कंपनी निवेश का उपयोग अपने विस्तार के लिए करेगी



नई दिल्ली ।

फैबलेस सेमीकंडक्टर डिजाइन स्टार्टअप माइंडग्रोव टेक्नोलॉजिज ने ए श्रृंखला राउंड में 80 लाख डॉलर जुटाए हैं। इस रकम का उपयोग कंपनी अपने कार्यबल का विस्तार करने और अपनी इन हाउस इंजीनियरिंग क्षमताओं को बढ़ाने में करेगी। कंपनी ने यह जानकारी दी है। इस दौर का सह नेतृत्व रॉकेटशिप वीसी और स्पेशियल इन्वेस्ट ने किया। निवेश से कंपनी को अपने पहले चिप के उत्पादन और बिक्री बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इस साल शुरुआत में मई 2024 में कंपनी ने सिक्योर आईओटी पेश किया था, जो भारत का पहला वाणिज्यिक ग्रेड उच्च प्रदर्शन माइक्रोकंट्रोलर एसओसी (सिस्टम ऑन चिप) और 28 एनएम पर तैयार किया गया। इसे उन इलेक्ट्रानिक डिवाइसेज के लिए डिजाइन किया गया है जो घड़ियां, मीटर, ताले और एक्सेस कंट्रोल यूनिट को स्मार्ट में बदल रही हैं। साथ ही साथ प्रिंटर और प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों जैसी पावर डिवाइसों में यह काम आता है। चिप के अगले साल के मध्य तक बाजार में आने की संभावना है। इसके अलावा, माइंडग्रोव को भारत सरकार की सेमीकंडक्टर डिजाइन से जुड़ी प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना के तहत एक नई चिप, विजन एसओसी तैयार करने के लिए भी 15 करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है।

# सरकार की नई योजना: बिना गारंटी मिलेगा 20 लाख तक का होम लोन!

## - केंद्र सरकार जल्द ही नई होम लोन स्कीम का कर सकती है ऐलान

नई दिल्ली ।

सरकार ने मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना और भी आसान बनाने के लिए एक नई योजना शुरू की है। इस स्कीम के तहत बिना गारंटी और कम दस्तावेजों के आधार पर लोगों को 20 लाख रुपये तक का होम लोन प्रदान किया जाएगा। यह योजना खासकर उन लोगों के लिए बनाई जा रही है, जिनके पास नियमित इनकम के प्रमाण नहीं है या जिनके पास संपत्ति गिरवी रखने का विकल्प नहीं है। सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार जल्द ही इस नई होम लोन स्कीम का ऐलान कर सकती है। इस योजना के अंतर्गत ऋण अवधि 30 साल तक और न्यूनतम ब्याज दरों का प्रावधान होगा। लोन राशि पर 70 फीसदी तक की सरकारी गारंटी भी दी जाएगी। इसके साथ ही, 6.5 फीसदी तक की ब्याज सब्सिडी का भी प्रावधान होगा। यह कदम न केवल घर की मांग को बढ़ाएगा, बल्कि लाखों लोगों के घर के सपनों को पूरा करने में मदद करेगा। इस योजना के माध्यम से, आवास सेक्टर को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी और समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।



# प्याज का एक महीने में 50 फीसदी गिरा थोक भाव

## - प्याज की कीमतें 4000 रुपए प्रति क्विंटल से गिरकर 2000 रुपए प्रति क्विंटल हुई



नई दिल्ली ।

देश में पिछले कुछ समय से प्याज के बढ़ते भाव के संकेत के बाद अब इस विषय पर ब्रेक लग गया है। लासलगांव में सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी में प्याज की कीमत एक महीने में 50 फीसदी गिर गई है। पिछले महीने तक जहां प्याज की कीमतें 4000 रुपए प्रति क्विंटल थीं, वहीं रविवार को यह 2000 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। नई खरीफ फसल की आवक से प्याज का मार्केट में भाव गिर रहा है।

व्यापारियों का कहना है कि महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख प्याज उत्पादक क्षेत्रों में नए प्याज की आवक बढ़ने से रेट और भी गिर सकते हैं। प्याज व्यापारियों का कहना है कि खरीफ फसल का प्याज अधिक नमी के कारण लंबे समय तक भंडारित नहीं किया जा सकता, इसलिए किसान भरपूर उत्पादन के बावजूद इसे खुदाई के साथ ही बाजार में ले जा रहे हैं। अच्छी मानसूनी बारिश ने इस साल प्याज समेत अन्य फसलों जैसे टमाटर और आलू के उत्पादन को बढ़ावा दिया है। खरीफ प्याज का क्षेत्रफल इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 27 फीसदी अधिक है। लासलगांव कृषि उत्पाद बाजार समिति के निदेशक ने बताया कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में प्याज की बढ़ती आवक से मंडी भाव गिर रहे हैं। इसके बावजूद, सरकार ने प्याज के निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क लगाया है। निर्यात शुल्क की कटौती की मांग हो रही है और उम्मीद है कि इससे मांग और कीमतें बढ़ सकती हैं। खरीफ फसल की मजबूत आवक से अगले कुछ हफ्तों में खुदरा कीमतों में और नरमी आने की उम्मीद है। यहां भी पुरानी संगतियों के अनुसार प्याज की खुदरा कीमतें 60 रुपए प्रति किलोग्राम से घटकर 40 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई हैं।

# एसआईपी ग्रोथ में इंडेक्स फंड उच्च स्तर पर

## - एक साल में 85 फीसदी की जोरदार बढ़ोतरी




नई दिल्ली ।

इंडेक्स फंड्स ने सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में सबसे तेजी से बढ़ने वाली कैटेगरी के रूप में टॉप स्थान हासिल किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक साल में इस कैटेगरी में 85 फीसदी की जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसी अवधि के दौरान लाइव एसआईपी खातों में भी 80 फीसदी की ग्रोथ देखी गई, जो निवेशकों के बीच पैसिव इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटजी की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक इंडेक्स फंड्स के लिए औसत एसआईपी टिकट साइज व्यापक म्युचुअल फंड उद्योग के समान है। हालांकि, इंडेक्स फंड्स की ग्रोथ रेट 14 फीसदी रही, जो उद्योग की कुल 8 फीसदी की ग्रोथ रेट से काफी अधिक है। जैसा कि नाम से पता चलता है, एक इंडेक्स म्युचुअल फंड उन शेयरों में निवेश करता है जो किसी स्टॉक मार्केट इंडेक्स, जैसे एनएसई निफ्टी, बीएसई सेंसेक्स आदि, को ट्रैक करते हैं। ये पैसिवली मैनेज्ड फंड्स होते हैं, जिसका मतलब है कि फंड मैनेजर उसी अनुपात में उन्हीं सिक्योरिटीज में निवेश करते हैं, जो संबंधित इंडेक्स में होती है, और पोर्टफोलियो कम्पोजिशन में कोई बदलाव नहीं करते। ये फंड उस इंडेक्स के बराबर रिटर्न देने का प्रयास करते हैं जिसे वे ट्रैक करते हैं। सितंबर 2024 तक इंडेक्स फंड्स के कुल एयूएम में से 60 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी खुदरा निवेशकों की है, जबकि बाकी हिस्सा कॉरपोरेट्स और अन्य संस्थानों के पास है। यह दर्शाता है कि रिटेल निवेशक इंडेक्स फंड्स को एक सरल और किफायती निवेश विकल्प के रूप में तेजी से अपना रहे हैं।

# चेन्नई की कंपनी ने अपने कर्मचारियों को गिफ्ट में दी टाटा की कार और बुलेट

## कंपनी ने कहा, इस प्रकार की पहल कार्यकर्ताओं की प्रेरित क्षमताओं को देती है बढ़ावा

तमिलनाडु ।

चेन्नई की लोजिस्टिक कंपनी सरमाउंट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों को खुश करने के लिए एक अनूठा कदम उठाया है। उन्होंने 20 कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्टता की पहचान करते हुए टाटा की कार, एक्टिवा स्कूटी, और रॉयल एनफील्ड बाइक उपहार में दिए हैं। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस महत्वपूर्ण कदम की प्रशंसा की और बताया कि इसका मकसद कर्मचारियों के प्रेरणा और कंपनी के लक्ष्यों में सफलता का सहारा देना है। इस उपहार के साथ, सरमाउंट लॉजिस्टिक्स ने अपनी कर्मचारियों की मेहनत की प्रशंसा की है और उन्हें संगठन में प्रस्तुतिकरण और उत्साह बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया है। कंपनी का विश्वास है कि इस प्रकार की पहल कार्यकर्ताओं की प्रेरित क्षमताओं को बढ़ावा देती है और संगठन को सफलता तक पहुंचाने में मदद करती है। कर्मचारियों की भलाई और संगठन में योगदान को सराहना करना सरमाउंट लॉजिस्टिक्स की प्राथमिकता है। अधिकारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य लॉजिस्टिक्स से जुड़ी चुनौतियों को हल करके सभी व्यवसायों के लिए इसे सरल बनाना है। इस प्रकार सरमाउंट लॉजिस्टिक्स ने कर्मचारियों के प्रदर्शन को सम्मानित करते हुए एक महत्वपूर्ण मुकम्मल उदाहरण प्रस्तुत किया है।



# 2024-25 में पश्चिम बंगाल का राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय से अधिक: रिपोर्ट

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल का एक राजकोषीय व्यय रेटिंग एजेंसी की नजर में 2024-25 वित्त वर्ष की पहली छमाही में इसके पूंजीगत व्यय से अधिक हो गया है। रेटिंग एजेंसी के अनुसार इससे राजस्व व्यय और राजकोषीय व्यय के बीच बढ़ते असंतुलन का पता चलता है, जो भारतीय राज्यों में देखे गए व्यापक रुझानों के अनुरूप है। रेटिंग एजेंसी की ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिम बंगाल ने राजस्व व्यय में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि पूंजीगत व्यय केवल 7.7 प्रतिशत बढ़ा है। रिपोर्ट में इस वृद्धि की जिम्मेदार कारण चुनावी वादों के लिए मुफ्त उपहार, आय सहायता और ऋण माफी को लागू करना बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में पश्चिम बंगाल के राजस्व व्यय मजबूत रहा है और यह अन्य राज्यों की तुलना में उत्तम है। कुल मिलाकर, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में अपने बजटीय राजस्व व्यय का 41.5 प्रतिशत उपयोग किया है, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही की तुलना में थोड़ा अधिक है।

# इंडिया सीमेंट्स के शेयर में 11 फीसदी का उछाल

## - इंडिया सीमेंट के शेयरों में पिछले एक साल में 47.12 फीसदी की तेजी आई

**नई दिल्ली।** इंडिया सीमेंट्स के शेयर ने सोमवार को बीएसई पर 11 फीसदी बढ़कर 376.30 रुपए पर पहुंच गया। इस तेजी का कारण भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट के इंडिया सीमेंट्स में 32.72 फीसदी इक्विटी हिस्सेदारी को मंजूरी दे दी गई है। इस खबर का असर अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों पर भी पड़ा, जिन्होंने 1.4 फीसदी की बढ़ोतरी करके 11,585.40 रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। इंडिया सीमेंट्स की टॉप सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक ने इंडिया सीमेंट्स के प्रमोटर्स और अन्य शेयरहोल्डर्स से 10.14 करोड़ शेयरों को खरीदने की मंजूरी दी थी, जो एक प्राइमरी एक्विजिशन है। कंपनी ने सार्वजनिक शेयरधारकों को 390 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर कंपनी के 8.06 करोड़ शेयर हासिल करने के लिए ओपन ऑफर भी दिया। इसमें अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में भी वृद्धि हुई और कंपनी ने हाल ही में सीसीआई की मंजूरी प्राप्त की। इंडिया सीमेंट सॉउथ इंडिया की बड़ी सीमेंट कंपनियों में से एक है और इसके शेयरों में पिछले एक साल में 47.12 फीसदी की तेजी आई है। अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर चार्ट पर अपने सभी अहम एक्सपोनेंशियल मूविंग एवरेज से काफी ऊपर है और ट्रेंडलाइन के आंकड़ों के अनुसार इसका आरएसआई मिड-रेंज लेवल पर है।

# मक्का से चमकेगी किसानों की किस्मत

**नई दिल्ली ।** ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए खेती की विविधता में बदलाव की बहस हमेशा सम्मोहित करती रही है। सभी क्षेत्रों में किसानों के लिए यह एक सबसे महत्वपूर्ण विषय बन गया है। दुनिया भर में खानपान के लिए मांग का ताजा अध्ययन करते हुए विशेषज्ञों ने आगामी समय में किसानों के लिए अच्छे नतीजे देने के लिए अनाज की विविधता में रूचि दिखाई। मक्के और गन्ने के इथेनॉल प्रोडक्ट्स की पेशकश किसानों के लिए नए दरवाजे खोल सकती है। इंडो एग्री फ्यूचर फूड समिट में विशेषज्ञों ने एक मायने में उत्पन्न होने वाली समस्याओं की चिंता जताई। वे मानते हैं कि आने वाले समय में अनाज की मांग की पूर्ति करना एक विपरीत चुनौती हो सकता है। यहां तक कि खेती का रकबा भी घट रहा है, जो खानपान के स्रोतों पर दबाव डाल सकता है। इस समस्या का समाधान किसानों की खेती में विविधता लाने में ही है। दुनिया भर के किसानों के लिए, खाद्य प्रसंस्करण पर जोर देना और नए बायो प्रोडक्ट्स के विकसित करना एक साथ काम करने के लिए एक अच्छी शुरुआत हो सकता है।

# प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण ढांचे में सुधार की मांग: सीआईआई

## पीएसएल ढांचे में उभरते क्षेत्रों को शामिल किए जाने की सिफारिश

**नई दिल्ली ।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने भारत के प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण (पीएसएल) ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार किए जाने का अनुरोध किया है। उद्योग संगठन ने सुझाव दिया है कि इससे देश की उभरती आर्थिक प्राथमिकताओं के साथ बेहतर तालमेल हो सकता है। सीआईआई ने उभरते हुए क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए अधिक विकास वित्त संस्थानों (डीएफआई) की स्थापना का भी आह्वान किया है। प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण में बैंकों को अपने ऋण का एक हिस्सा महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे कृषि, शिक्षा, आवास और छोटे उद्योगों के लिए रखना होता है। सीआईआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीएसएल ढांचा सफल रहा है, लेकिन इसे नए सिरे से दुरुस्त करने की जरूरत है। उन्होंने भी जोर दिया कि पीएसएल आवंटन में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विभिन्न क्षेत्रों के बदलते योगदान और उनके विकास की क्षमता नजर आनी चाहिए। सीआईआई ने पीएसएल ढांचे में उभरते क्षेत्रों को शामिल किए जाने की सिफारिश की है, जिससे सतत विकास सुनिश्चित हो सके। उद्योग संगठन ने बुनियादी ढांचे और नवोन्मेषी विनिर्माण पर ही ध्यान देने को भी दिया है। सीआईआई की प्रस्तावित श्रृंखला में उद्योग संगठन ने ऋण वितरण में परिणाम-आधारित व्यवस्था में बदलाव की भी सिफारिश की है। उसका कहना है कि विकासात्मक परिणामों पर ज्यादा ध्यान देने पर जोर दिया जाए। इस प्रपोजल का मकसद भारत के विकास में महत्वपूर्ण उच्च विकास वाले क्षेत्रों को समर्थन करना है, जिससे देश का आर्थिक उद्यमिता और स्थिरता बनाए रह सके।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। आज सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से भी बाजार उछला है। निचले स्तर पर शेयरों की लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला।

इसके अलावा, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में तेज लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला।

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से आईटीसी, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक सबसे अधिक लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में जोमैटो, मारुति, नेस्ले, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व और टाटा मोटर्स शामिल हैं।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 499 अंक की तेजी के साथ 78,540 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 166 अंक की बढ़त के साथ 23,753.45 के स्तर पर बंद हुआ।

आज के कारोबार में निफ्टी के जिन शेयरों में सबसे अधिक बढ़त हुई उसमें जेएसडब्ल्यू स्टील पहले नंबर पर रही। ये 2.15 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 937 के लेवल पर बंद हुए जबकि आईटीसी 2.07 फीसदी बढ़कर 474 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं हिंडाल्को के शेयर 1.85 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 634 के स्तर पर बंद हुआ, इंडसइंड बैंक 1.75 फीसदी उछाल के साथ 946 के स्तर पर बंद हुआ जबकि ट्रेंट के शेयर 1.68 फीसदी की बढ़त के साथ ही 6,946 के स्तर पर बंद हुए।

वहीं सबसे अधिक की गिरावट हीरो मोटोकोप के शेयरों में आई है। इसके शेयर आज 1.50 फीसदी नीचे आकर 4,275 के लेवल पर बंद हुए, जबकि मारुति 0.84 फीसदी नीचे आकर 10,810 के लेवल पर बंद हुए।

इसके बाद, एचसीएल टेक के शेयर 0.55 फीसदी नीचे आकर 1,901 के स्तर पर बंद हुए, जबकि एचडीएफसी लाइफ के शेयर 0.53फीसदी की गिरवट के साथ 620.50 के स्तर पर बंद हुए। बजाज फिनसर्व के शेयर 0.43 फीसदी गिरावट के साथ 1,563 के स्तर पर बंद हुए।


आज के कारोबार में बैंकिंग क्षेत्र में अच्छी बढ़त दिखी। बैंक निफ्टी 1.10 फीसदी उछलकर 51,318 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी मेटल 0.89 फीसदी बढ़ोतरी के साथ 8,891 के लेवल पर बंद हुआ। इसके बाद,निफ्टी फॉर्मा 0.31 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 22,572 के लेवल पर बंद हुआ. निफ्टी आईटी इंडेक्स में 0.13 फीसदी की तेजी आई है और यह 43,828 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी ऑटो 0.10 फीसदी की गिरावट के साथ 22,558 के स्तर पर बंद हुआ.

अन्य एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हॉन्ग कॉन्ग का हैंगसेंग बढ़त में, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजारों में शुक्रवार को तेजी थी। इससे पहले, पिछले पांच कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 4,091.53 अंक टूटा था, जबकि एनएसई निफ्टी 1,180.8 अंक के नुकसान में रहा था।

इससे पहले आज सुबह बाजार बड़े उछाल के साथ खुले। एक्सचेंज के दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त देखी है। अन्य बाजारों में तेजी, मेटल स्टॉक्स में खरीदारी और अमेरिका के मुद्रास्फीति आंकड़े अच्छे रहने के चलते बाजार में उछाल देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंक चढ़कर 78,488.64 पर खुला। इसी तरह निफ्टी-50 भी 150 से ज्यादा अंक का उछाल लेकर 23,738.20 अंक पर खुला।

# कचरा रिसाइकिल उद्योग: विकास के लिए एक नई दिशा

## 11 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार; 2030 तक तीन लाख करोड़ हो जाएगा इंडस्ट्री का आकार



**हैदराबाद ।** रीसस्टेनिबिलिटी लिमिटे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि देश के शहरी क्षेत्रों में हर दिन तीन लाख टन कचरा उत्पन्न हो रहा है, जिसमें से केवल 20 फीसदी ही रिसाइकल हो रहा है। इसका मतलब है कि कचरा रिसाइकल उद्योग में बड़ी संभावनाएं हैं। स्वच्छता अभियान और जनता की जागरूकता ने कचरा रिसाइकल के विकास के लिए एक नया मोड़ बनाया है। कंपनियां पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कचरा रिसाइकल क्षमता को बढ़ाने के लिए नई तकनीकों में भारी निवेश कर रही हैं। रीसस्टेनिबिलिटी के अनुसार, इस उद्योग का आकार 2030 तक तीन लाख करोड़ रुपये तक बढ़ने की संभावना है, जो वर्तमान में 60,000 करोड़ रुपये है। इसके साथ ही कचरा राइसकल उद्योग में 1.25 लाख नौकरियां हैं, जिनसे 2030 तक 11 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकता है। राष्ट्रीय व्यापक कचरा रिसाइकल कंपनियां जैसे हैदराबाद में स्थित रीसस्टेनिबिलिटी और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में बहुमुखी कचरा रिसाइकल प्रोजेक्ट्स की योजना कर रही हैं। ये कंपनियां केवल कचरा का रिसाइकल न करके, बल्कि उससे अन्य उत्पादों का निर्माण भी कर रही हैं। उपरोक्त जानकारी के माध्यम से प्रकट हो रहा है कि कचरे का उपयोग करके वनस्पतियों की सुरक्षा और पर्यावरण की संरक्षा के लिए इन कंपनियों ने प्रेरित कार्रवाई शुरू की है।

# टेस्ला ने फिर गाडियों को तकनीकी खामियों के कारण किया रिकॉल

नई दिल्ली ।

एक बार फिर टेस्ला कंपनी ने अपनी गाड़ियों में तकनीकी खामियों के चलते रिकॉल किया है। इस रिकॉल में मॉडल 3, मॉडल वाय और साइबरट्रक जैसे लोकप्रिय मॉडल शामिल हैं। इस बार कंपनी ने टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) में खराबी की वजह से अमेरिका में 6.94 लाख से अधिक वाहनों को वापस बुलाया है। रिकॉल का कारण टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम की चेतावनी लाइट का काम न करना है। यह लाइट टायर के हवा के प्रेशर में गड़बड़ी की स्थिति में ड्राइवर को सतर्क करती है। चेतावनी लाइट के न जलने से टायर में कम या अधिक हवा होने का पता नहीं चल पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, अधिक प्रेशर से टायर फटने की भी आशंका रहती है। टेस्ला ने घोषणा की है कि इस समस्या को ओवर-द-एयर (ओटीए) सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए हल किया जाएगा। यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से गाड़ियों के सॉफ्टवेयर को अपडेट कर देगी, जिससे किसी भौतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होगी।

रिकॉल मैनेजमेंट फर्म बीझीकार की रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की पहली तीन तिमाहियों में अमेरिका में जितने वाहन रिकॉल किए गए, उनमें से 21 प्रतिशत टेस्ला के थे। इस साल साइबरट्रक को ही छह बार बाजार से वापस बुलाया गया है। लगातार हो रहे रिकॉल से टेस्ला की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, कंपनी का दावा है कि वह अपने सॉफ्टवेयर अपडेट्स के जरिए समस्याओं को जल्दी हल करने में सक्षम है।




# जीएसटी काउंसिल अब पुरानी कार बेचने पर भी वसूलेगा टैक्स

## - 18 फीसदी जीएसटी लागू किया जाएगा




**नई दिल्ली ।** जीएसटी काउंसिल ने हाल ही में एक नया नियम लागू किया है, जिसके अनुसार अब कारों की बिक्री पर 18 फीसदी जीएसटी लागू किया जाएगा। इसका अर्थ है कि कार के खरीद मूल्य और बिक्री मूल्य के बीच के मार्जिन पर जीएसटी लागू होगा। यदि कोई व्यक्ति कार खरीदता है और उसे उसे कम कीमत पर बेचता है, तो भी टैक्स वसूला जाएगा। इस नियम से वाहन उद्योग और व्यापारियों के बीच चर्चा हो रही है। जबकि जीएसटी काउंसिल इसे पारदर्शिता और सटीक टैक्स वसूली के लिए एक कदम बताता है, तो कई व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने इसे सवालों से घेर दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह नियम जीएसटी के माध्यम से है, न कि कैपिटल गेन टैक्स से। यह नया नियम संपत्ति के लाभ या नुकसान पर वस्तु और सेवा पर कर लगाने का है, जिससे आम लोगों और व्यापारियों के बीच असमंजस का सिलसिला जारी है।

# सी.एम नीतीश की 15वीं प्रगति यात्रा की शुरूआत

## 359 विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे 781.54 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

**मुख्यमंत्री का यह दौरा पश्चिम चंपारण के विकास के लिए अहम साबित हो सकता है।**

**30 लाख रुपए की लागत वाली एक और योजना का उद्घाटन भी इस मौके पर किया जाएगा।**

**जीविका दीदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों का भी निरीक्षण करेंगे। इनमें कास के बर्तन, कान के आभूषण, सोलर लाइट बल्ब शामिल**

**बेतिया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर और मझौलिया में अपनी 15वीं प्रगति यात्रा की शुरूआत करेंगे। इस दौरान वे 781.54 करोड़ रुपए की लागत से 359 विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा पश्चिम चंपारण के विकास के लिए अहम साबित हो सकता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि चंपारण ने हमेशा उन्हें प्रेरित किया है और यहां की धरती से उनकी न्याय यात्रा भी शुरू हुई थी, जिसने राज्य में 'जंगलराज' को खत्म किया और विकास की नई दिशा दी। घोटवा टोला में शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर स्थित घोटवा टोला में पावर सब-स्टेशन का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना पर 139 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने 171.58 करोड़ रुपए की लागत से 39 अन्य विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। 30 लाख रुपए की लागत वाली एक और योजना का उद्घाटन भी इस मौके पर किया जाएगा।मझौलिया में उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम मुख्यमंत्री ने मझौलिया के धोकराहां पंचायत के शिकारपुर गांव में 59 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इन योजनाओं पर 34.72 करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई है। इनमें मनरेगा पार्क, पुस्तकालय, अमृत तालाब, SDRF भवन और खुला जिम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने यहां 545.24 करोड़ रुपए की लागत से 300 योजनाओं का शिलान्यास भी किया। जीविका दीदियों के उत्पादों का निरीक्षण सी.एम नीतीश धोकराहां में जीविका दीदियों द्वारा बनाए गए उत्पादों का भी निरीक्षण करेंगे। इनमें कास के बर्तन, कान के आभूषण, सोलर लाइट और LED बल्ब शामिल थे। मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण मिल रहा है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं।समीक्षा बैठक और सुरक्षा व्यवस्था मुख्यमंत्री ने बेतिया कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इस बैठक के लिए कलेक्ट्रेट को नया रूप दिया गया। इसमें डेस्क और LED टीवी की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के लिए 2 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। कलेक्ट्रेट को पूरी तरह छावनी में तब्दील कर दिया गया। हर स्थान पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाएं मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।





कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस के साथ स्वास्थ्यकर्मी और पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार के अनुसार, हेलिपैड और कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

## अज्ञात बाइक से टक्कर लगने से युवक की मौत

**औरंगाबाद।** जिले के रामनगर चौमूहाना के पास एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने पैदल जा रहे एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक सड़क से काफी दूर जा गिरा। जिससे उनका सर फट गया और स्थानीय लोगों ने जख्मी युवक को दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। घटना के बाद मौके से बाइक सवार बाइक लेकर फरार हो गया। जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। मृतक के पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के बालूगंज निवासी नेपाली कुमार के 22 वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में किया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना के एस आई चंदन कुमार दास दल बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया करवाई घर लौटने के दौरान हुआ हादसा मृतक की पत्नी सुमन कुमारी ने बताया कि उनके पति राजमिस्त्री का कार्य करते थे। रविवार को दाउदनगर थाना क्षेत्र के रामनगर में राज मिस्त्री का कार्य करने के लिए गए हुए थे। रात्रि में घर लौटने के दौरान तेज रफ्तार से आ रही से आ रही अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।



## जिलास्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

### 500 प्रतिभागियों के 9 राउंड में होगा खेल, अंतरराष्ट्रीय ऑर्बिटर की देखरेख में कार्यक्रम

**छपरा।** सारण खेल महोत्सव के तहत रविवार को जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन खेल भवन परिसर में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले भर के 500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सारण फाउंडेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर, शिक्षाविद मनोज संकल्प और अंतरराष्ट्रीय चेस ऑर्बिटर अरविंद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शतरंज प्रतियोगिता का रोमांचक आगाज रविवार दोपहर से शुरू हुई प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। खेल भवन परिसर में अलग-अलग राउंड में मुकाबले आयोजित किए गए। प्रतियोगिता का आयोजन अंतरराष्ट्रीय चेस ऑर्बिटर अरविंद सिंह की देखरेख में हुआ। सारण फाउंडेशन की पहल सारण फाउंडेशन के संयोजक शैलेंद्र सेंगर ने बताया कि सारण खेल महोत्सव का दूसरा चरण शतरंज प्रतियोगिता के साथ शुरू हुआ है, जो दो दिनों तक चलेगा। प्रतियोगिता में 9 राउंड खेले जाने हैं, जिनमें रविवार को चार राउंड पूरे हुए। सोमवार को पांच राउंड खेले जाएंगे। प्रतिभाओं को मिलेगी पहचान सेंगर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सारण के उभरते खिलाड़ियों को मंच देना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। विजेताओं को मिलेगा सम्मान प्रतियोगिता के समापन पर सारण खेल महोत्सव समिति द्वारा विजेताओं को नगद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। खेल महोत्सव के माध्यम से नई ऊर्जा सारण खेल महोत्सव का आयोजन सारण के खिलाड़ियों में नई ऊर्जा भरने और उन्हें बड़े मंचों के लिए तैयार करने का एक प्रयास है। इस आयोजन को खिलाड़ियों और दर्शकों से भरपूर सराहना मिल रही है।




आर.जे.डी एक बार फिर

## सी.एम नीतीश को रखने को तैयार

### आर.जे.डी ने कहा - बड़ा खेल अभी बाकी हैं, आगे देखिए सब बदलेगा

**हाजीपुर ।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में राजनीतिक बयान तेज है। सवाल इस बात को लेकर जोरो से उठने लगा है क्या विधानसभा चुनाव से पहले चाचा भतीजे की जोड़ी एक बार फिर से साथ आने वाली है। इस सवाल को हवा मिल रहा है बिहार में राजनीतिक पार्टियों और नेताओं के तेजी से बदलते राजनीतिक मिजाज की वजह से चर्चा है की नीतीश कुमार NDA से नाराज है। नाराजगी की वजह बताई जा रही है आंबेडकर को लेकर अमित शाह के बयान और उस के बाद के तल्ख होते राजनीतिक माहौल को और उससे बड़ी वजह माना जा रहा है BJP के उस ताजा स्टैंड को लेकर जिसको लेकर अमित शाह ने साफ किया था की बिहार में मुख्यमंत्री के चेहरे के लिए नीतीश कुमार का नाम फिक्स नहीं है और मुख्यमंत्री का नाम चुनाव के बाद तय किया जाएगा।इस बदलते राजनीतिक माहौल में अब आर.जे.डी ने भी जो ब्यान दिया है उससे सवाल उठने लगा है क्या वाकई बिहार में कोई बड़ा खेला होने वाला है। तेजस्वी यादव पार्टी नेताओं के साथ हाजीपुर में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे कार्यक्रम के दौरान ही राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने इस बड़े खेला की तरफ इशारा किया है।आर.जे.डी ने नीतीश कुमार के साथ आने के सवाल पर कहा है की पार्टियों के बीच के मतभेद से ज्यादा महत्वपूर्ण है राष्ट और लोकतंत्र और राजनीती में सम्भावनाओ के सभी दरवाजे खुले रहते है। राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के साथ आने की खबरों और उससे जुड़े सवाल पर पहले तो सस्पेंस मचाया की आगे आगे देखिये होता है।

क्या फिर अगले सवाल पर साफ साफ बता दिया की बदले राजनीतिक माहौल में अगर राष्ट्र और लोकतंत्र को बचाने के लिए दोनों साथ आते है तो कोई अचरज नहीं होना चाहिए।



## प्रेमिका ने भागकर की शादी, जारी किया वीडियो


**बेतिया।** में सोमवार को एक प्रेमी-प्रेमिका का वीडियो सामने आया है। 47 सेकंड के वीडियो में प्रेमिका अपने घरवालों से अपनी शादी करने की बात बोल रही है। साथ ही घरवालों से ससुराल वालों के खिलाफ कुछ भी नहीं करने की अपील कर रही है। युवती का कहना है कि मैं इनको भगाकर अपने साथ लाई हूं। बहुत प्यार करती हूं। इनके साथ ही जीना-मरना है। आगे युवती वीडियो में प्रेमी के साथ उसके घर वालों के ऊपर खतरा होने की बात भी कहती है। सुरक्षा की गुहार भी लगाती नजर आ रही है। वीडियो में उसका प्रेमी भी दिख रहा है। हालांकि वह कुछ भी नहीं बोल रहा। जानकारी के अनुसार लड़की का नाम निक्की कुमारी (22) और लड़के का नाम रामपूजन कुमार (23) है।18 दिसंबर को दोनों घर से भागे थे निक्की कुमारी और रामपूजन कुमार एक ही गांव के रहने वाले हैं। दोनों 18 दिसंबर को घर से भाग गए थे। स्थानीय लोगों के अनुसार निक्की गौनहा थाना क्षेत्र के भितहरवा आश्रम की निवासी है। रामपूजन भी उसी गांव का रहने वाला है। निक्की के माने तो दोनों के बीच आठ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब निक्की के घर वाले जब उसके प्रेम प्रसंग के बारे में जान गए तो इससे नाराज होकर निक्की ने 18 दिसंबर को घर से भागने का फैसला लिया। इसके बाद वीडियो जारी कर प्रशासन से पति और ससुराल वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करने की गुहार लगाई है।



## संक्षिप्त डायरी

### वकील के घर लूट मामले में 2 बदमाश गिरफ्तार

**पटना।** हाईकोर्ट के वकील अरविंद उज्वल के फ्लैट में लूट मामले में पुलिस ने 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। न्यू पुनाइचक रत्न टॉवर स्थित फ्लैट से 17 दिसंबर को दिनदहाड़े फाइल, 10 लाख की ज्वेलरी और कैश की लूट हुई थी। इस घटना के बाद हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने नाराजगी जताते हुए पुलिस को जल्द कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया था। एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह और पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्र वर्मा ने कहा था कि पुलिस लुटेरों को गिरफ्तार कर कैश, गहने और दस्तावेज बरामद करे। केवल गिरफ्तारी से काम नहीं चलने वाला है। अगर दो दिनों में ऐसा नहीं हुआ तो यह मामला हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पास ले जाया जाएगा। मंगलवार 17 दिसंबर को दोपहर करीब 2 बजे बदमाश फ्लैट का कॉल बेल बजाकर पूछा एडवोकेट सर हैं क्या। तब घर में वकील अरविंद उज्वल की दिव्यांग बेटी अकेली थी, जिसे बदमाशों ने बंधक बना लिया। वह चिल्ला नहीं सके, इसलिए मुंह पर कपड़ा बांध दिया था। घटना के समय वकील अरविंद उज्जवल घर में नहीं थे। उनकी पत्नी सुनीला अरविंद छत पर गई थी। वकील अरविंद उज्जवल की पत्नी सुनीला अरविंद ने बताया था कि 'हम छत पर गेहूं सुखाने गए थे। इसी दौरान दो लड़के फ्लैट में घुस गए। मेरी दिव्यांग बेटी फ्लैट के अंदर थी, दोनों ने अंदर से दरवाजा बंद कर दिया था। गहने और करीब 1 लाख कैश लेकर फरार हो गए।'



### चार बच्चों की मां के सिर में मारी गोली, मौत

**गया।** में पति ने अपनी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। बुलेट सिर में लगी है। पुलिस पहुंची तो मौके पर खून पसरा हुआ था। मृतका की पहचान संतोष चौधरी की पत्नी पूनम चौधरी (30) के रूप में हुई है। हत्या के बाद ससुराल वाले फरार हैं। हत्या के पीछे क्या कारण ये अभी क्लियर नहीं है पर दंपती में आपसी विवाद की आशंका जताई जा ही है। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड टीम की मदद ली जा रही है। मृतका चार बच्चों की मां थी। सबसे छोड़ा बच्चा एक महीने का ही था। घटना शनिवार रात फतेहपुर थाना क्षेत्र के गुलजार बिगहा की है। आज रविवार शाम वजीरगंज कैंप डीएसपी सुनील कुमार पांडेय ने फतेहपुर पुलिस से घटना की बारीकी से जानकारी ली। वारदात के सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया। सूत्रों के अनुसार रात में पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। इसी दौरान गोली चली। परिजन महिला को अस्पताल ले जा रहे थे, पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। दोनों के बीच हाथापाई भी हुई थी, इसी दौरान संतोष ने फायरिंग कर दी। थाना प्रभारी ने कहा कि अभी तक लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



### अंडा में नशीला दवा मिला कर खिलाया, फिर लगाई आग

**सहरसा।** में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को अरेस्ट किया है। शनिवार को यहां एक व्यक्ति का अधजला शव मिला था। मामला बसनहीं थाना में सिमरी-बख्तियारपुर क्षेत्र का है। पुलिस ने मुख्य आरोपी लक्ष्मण यादव, पिता दशरथ यादव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। गिरफ्तार लक्ष्मण यादव ने ये भी बताया कि इजमाईल संथाली टोला में एक महिला से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। पांच दिन पहले मृतक जेठा टुड्डू (49) ने लक्ष्मण यादव को महिला के घर से निकलते हुए देख लिया था। उसने इस बारे में संथाली टोला में सभी लोगों को बता दिया था। इसी को लेकर वह आक्रोशित था। आरोपी लक्ष्मण यादव ने ये भी बताया कि मृतक जेठा टुड्डू मेरे से पैसे की डिमांड किया था। वो पैसे देने के बहाने जेठा टुड्डू को लगमा बाजार लेकर गया। आमलेट खिलाने के लिए अंडा दुकान पर ले गया। अंडे में नशीली दवा मिला दिया। आरोपी लक्ष्मण यादव, जेठा टुड्डू को लेकर अपने बासा पर ले गया, फिर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। शव के जलने के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसे फिर आग में बुझा दिया। एसडीपीओ मुकेश ठाकुर ने बताया कि बसनही थाना की पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति का शव इजमाईल संथाली टोला और बसनही गांव के बीच एक पगडंडी के रास्ते में पड़ा हुआ है।सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। शव को बरामद किया था। उसके बाद FSL की टीम को बुलाकर जांच करवाई गई थी। जांच के क्रम में मृतक की पहचान जेठा टुड्डू के रूप में हुई थी। ये इजमाईल संथाली टोला का रहने वाला था। इस मामले को लेकर बसनही थाना में कांड दर्ज कर मामले की जांच की गई। एसडीपीओ मुकेश ठाकुर के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम गठित की गई थी। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वैज्ञानिक, तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी को अरेसट कर लिया।



## भोजपुर में 2925 लीटर विदेशी शराब के साथ ड्राइवर गिरफ्तार

**भोजपुर।** पुलिस ने 2925 लीटर विदेशी शराब,दो मोबाइल,एक फास्ट टैग,दो मोबाइल के साथ ट्रक और चालक को गिरफ्तार किया है। शराब की खेप नए साल में खपाने के लिए उत्तर प्रदेश से लाई जा रही थी। विदेशी शराब जीरा के बोरा से ढ़ककर लाइ जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी खेप जब्त की गई। बिहिया थाना में कांड संख्या 398/24 धारा30(ए) बिहार मध्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2018 के तहत केस दर्ज किया गया है। जिसकी जानकारी जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह ने दी।एसडीपीओने बताया कि पटना से गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक आरा की ओर जा रहा है। जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब है। उक्त सूचना के सत्यापन,अवैध शराब की बरामदगी और शराब तस्कर की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें बिहिया थानाध्यक्ष एवं थाना के अन्य पदाधिकारी के द्वारा आराबक्सर नेशनल हाईवे अमराई नवादा पेट्रोल पंप के पास सघन वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक को रोका गया। ट्रक की तलाशी की गई तो ट्रक के अंदर कई बोरे में भूसी के नीचे भरी मात्रा में शराब छिपाकर ले जाया जा रहा था।



# पिकअप ने 13 लोगों को कुचला, 5 की मौत

## चश्मदीद बोला- साइड देने को लेकर झगड़ा हुआ था, ड्राइवर वापस आया और लोगों को रौंद दिया

**पूर्णिया।** में एक पिकअप ने 13 लोगों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि इसमें 3 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मरने वालों में एक 7 साल का बच्चा भी है। हादसा रविवार रात 10 बजे के करीब हुआ। वहीं आज सुबह इलाज के दौरान 2 लोगों की जान चली गई। घायलों को ग्रामीणों की मदद से पहले स्थानीय अस्पताल में एडमिट कराया गया था। फिलहाल 8 लोगों को इलाज के लिए पूर्णिया GMCH में एडमिट कराया गया। घायलों ने कहा कि 'एक बाइक वाले से साइड देने को लेकर हुए विवाद के बाद पिकअप का ड्राइवर वापस आया और लोगों को रौंद डाला। वो नशे में धुत था।' घटना धमदाहा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धोकवा की है। वारदात के वक्त पिकअप को तेज रफ्तार में देख मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति हो गई थी। कहा जा रहा है कि कुछ लोगों ने तो भागकर अपनी जान बचाई। हादसे की जानकारी मिलते ही धमदाहा थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मासूम समेत तीनों लोगों की लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, वारदात के बाद से चालक घर छोड़कर फरार है। घटना के चश्मदीद और घायल ट्विंकल कुमार ने बताया कि 'पिकअप ड्राइवर सोनू की साइड को लेकर गांव के ही एक युवक से कहासुनी और गाली गलौज हुई थी। वो बाइक से था। शोर शराबे की आवाज सुनकर वार्ड पार्षद समेत स्थानीय अपने घरों बाहर निकले, जिसके आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।' 'यहां पहुंचे लोगों ने पिकअप चालक सोनू कुमार को समझाकर किसी तरह घर भेज दिया। कुछ देर बाद ही पिकअप चालक सोनू गाड़ी लेकर आया और तेज रफ्तार में सड़क के पास खड़े लोगों को रौंद दिया। हादसे को अंजाम देकर पिकअप चालक सोनू गांव के ही कालीबाग से धमदाहा की ओर फरार हो गया।' घायल ने बताया कि 'आरोपी ड्राइवर सोनू शराब के नशे में था।' पुलिस फिलहाल आरोपी पिकअप चालक की खोजबीन कर रही है। मृतक अखिलेश कुमार मुनि के चाचा बिट्टू कुमार मुनि ने बताया कि अखिलेश 5 भाई था।







# टूटे हुए कांच के टुकड़ों का कुछ इस तरह से करें रियूज

**अक्सर हम सभी टूटे हुए कांच के टुकड़ों को फेंक देते हैं। लेकिन अब जब भी आपको टूटे हुआ कांच मिले तो उसे फेंकने की बजाय उसका नए तरीके से इस्तेमाल करें। आप कांच के टुकड़ों से कई चीजें बना सकती हैं और पुरानी चीजों को नया लुक भी दे सकती हैं। जी हां, यह एक दम सच है। आज हम आपको बताएंगे कि आप टूटे हुए कांच के टुकड़ों से आप क्या-क्या बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इसके बारे में।**

## फ्रेम बनाएं

अगर आप टूटे कांच को फेंक देती हैं तो अगली बार ऐसा न करें क्योंकि आप टूटे हुए कांच से घर की दीवारों को सजा सकती हैं। जी हां, आप कांच के टूटे हुए टुकड़ों से एक बेहद ही सुंदर फ्रेम बना सकती हैं। यह फ्रेम आपके घर की दीवारों की खूबसूरती बढ़ाएगा। साथ ही कुछ सावधानियां बरतते हुए आप आसानी से कांच से फ्रेम बना सकती हैं। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका।

### आवश्यक सामान

- कैनवास
- कांच के टूटे हुए टुकड़े
- फैब्रिक पेंट
- ग्लू

### बनाने का तरीका

- कांच के टूटे हुए टुकड़ों से फ्रेम बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक कैनवास चाहिए होगा। आप कैनवास का साइज अपने घर की दीवार के हिसाब से चुन सकती हैं।
- इसके बाद फ्रेम को अट्रैक्टिव लुक देने के लिए आपको कांच के टुकड़ों को पेंट करना होगा।
- कांच के टुकड़ों को अलग-अलग कलर्स से पेंट कर लें।
- पेंट करने के बाद उन्हें सूखने के लिए कुछ देर हल्की धूप में रख दें।
- जब कांच पर पेंट सूख जाएं इसके बाद व्हाइट कैनवास पर इन्हें ग्लू की मदद से चिपका लें।
- आप चाहें तो कांच के टुकड़ों को किसी पैटर्न में भी चिपका सकती हैं। इससे आपका फ्रेम मीनिंगफुल लगेगा
- लीजिए तैयार है आपका कांच के टुकड़ों से बना फ्रेम।

## टेबल टॉप सजाएं

अगर आप फर्नीचर पुराना हो गया है तो आप अपने टेबल की टॉप को कांच के टुकड़ों से सजा सकती हैं। इससे आपके टेबल टॉप को नया लुक मिल जाएगा और अब आप दोबारा इसका इस्तेमाल कर पाएंगी। चलिए जानते हैं कैसे सजाएं कांच के टुकड़ों से टेबल टॉप को।

### आवश्यक सामान

- कांच के टुकड़े
- ग्लू
- टेबल

### बनाने का तरीका

- अगर आपका टेबल पुराना हो गया है तो उसे नया लुक देने के लिए आप कांच के टुकड़ों से टेबल के टॉप को सजा सकती हैं।
- इससे आपके टेबल को एक नया लुक मिलेगा।
- टेबल टॉप को सजाने के लिए सबसे पहले लकड़ी के टेबल पर ग्लू की मदद से कांच के टुकड़ों को चिपका लें।
- आप कांच के टुकड़ों को किसी भी तरीके से चिपका सकती हैं।
- लीजिए तैयार है आपका नया टेबल टॉप।

## गमला सजाएं

अब आपको बाजार से मंहगे और सजावटी गमले खरीदने की जरूरत नही होगी क्योंकि अब आप बेहद ही कम पैसे खर्च करके आसानी से घर पर गमले को सजा सकती हैं। आप कांच के टुकड़ों से गमला भी सजा सकती हैं। इसके लिए बस आपको कोई पुराना गमला चाहिए होगा। चलिए जानते हैं इसे कैसे बनाया जाता है।



### आवश्यक सामान

- गमला
- कांच के टुकड़े
- फ्रैबिक कलर्स
- ग्लू

### बनाने का तरीका

- गमले को नया लुक देने के लिए सबसे पहले उसे अच्छे से साफ कर लें।
- इस बात का ध्यान रखें कि गमले के बाहरी हिस्से पर किसी भी प्रकार की गंदगी जमी नही होनी चाहिए।
- इसके बाद कांच के टुकड़ों को एक ही कलर से पेंट कर लें।
- एक ही रंग आपके गमले को और भी सुंदर बनाएंगे।
- पेंट करने और सूखने के बाद ग्लू की मदद से एक-एक करके कांच के टुकड़ों को गमले पर चिपका लें।
- इस प्रकिया को तब तक दोहराएं जब कि आप पूरे गमले पर कांच के टुकड़े नहीं चिपका लेती हैं।
- लीजिए तैयार है आपका खूबसूरत गमला।

## इन बातों का रखें खास ध्यान

- आपको कांच के टुकड़ों को पकड़ने के लिए गलव्स का इस्तेमाल करना चाहिए।
- इन कांच से बनी चीजों को अपने बच्चों की पहुंच से दूर रखें।
- इस बात का ध्यान रखें कि जब आप कांच के टुकड़ों से चीजें बना रही हों तो आपके आस- पास लोग न हों।



# आपके पसंदीदा रंग में छिपा है आपके व्यक्तित्व का राज

**हर व्यक्ति का अपना पसंदीदा रंग होता है। पसंदीदा न होने पर भी, हर किसी की रंगों के लिए कुछ प्राथमिकताएं जरूर होती हैं। आमतौर पर हर कोई अपनी पसंद के रंग के हिसाब से ही कपड़े पहनता है। रंग का चुनाव ऐसा होता है जो आपके बारे में बहुत कुछ बताता है कि आप कैसे कार्य करते हैं, आपका व्यक्तित्व कैसा है, आपका स्वभाव कैसा है और दूसरे आपको कैसे देखते हैं। वैसे जरूरी नहीं है कि आपके व्यक्तित्व का रंग वही हो जो आप हमेशा पहनते हैं, यह आमतौर पर वह रंग होता है जो आपको सबसे ज्यादा उत्साहित करता है। लेकिन ये वास्तविकता है कि किसी भी व्यक्ति का पसंदीदा रंग उसके बारे में बहुत कुछ बयां करता है।**

## काला रंग

यदि आपको काला रंग पसंद है, तो इस बात की तरफ इशारा करता है कि आप स्वभाव से शर्मीले हैं लेकिन जब भी स्थिति की आवश्यकता हो, अपने मन की बात कहने में विश्वास करें। आप आसानी से निराश नहीं होते हैं और जीवन की हर बाधा को दूर करने का प्रयास करते हैं। आप शक्ति और नियंत्रण के लिए प्रयास करते हैं, आप अपनी बातों को गोपनीय रखने पर जोर देते हैं और किसी के सामने खुली किताब की तरह नहीं आते हैं। केवल करीबी दोस्त और रिश्तेदार ही जानते हैं कि आपके जीवन में क्या महत्वपूर्ण है। आप अपने आस-पास और अपने द्वारा की जाने वाली चीजों में भी निर्मलता बनाए रखना पसंद करते हैं।

## लाल रंग

लाल रंग आमतौर पर खतरे का संकेत देता है। हालांकि, रंगों का अर्थ विभिन्न पहलुओं में अलग-अलग होता है। अगर आपको लाल रंग पसंद है तो बताता है कि आप बाहरी दुनिया को पसंद करने वाले स्वभाव के हैं। आप आसानी से दोस्त बना सकते हैं और अजनबियों से बात कर सकते हैं। आप अपना जीवन एक राजा या रानी की तरह जीने में विश्वास रखते हैं। आप बिना किसी डर के अपने सपनों (जानें सपनों का मतलब) को समर्पित रहते हैं और उनके पीछे भागते हैं। इतना ही नहीं आप हर हाल में अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश करते हैं।

## गुलाबी रंग

आपका व्यक्तित्व आकर्षक है और आप अपने आस-पास के लोगों को सहज महसूस कराते हैं। आप स्वभाव से भावुक हैं और अपनी भावनाओं का सामना करने से नफरत करते हैं। आप अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन को संतुलित बनाए रखना पसंद करते हैं क्योंकि आप दोनों को समान रूप से महत्व देते हैं। आप सपने देखने वाले स्वतंत्र उत्साही स्वभाव के व्यक्ति हैं।

## नीला रंग

आपकी पसंद के रंग के हिसाब से ऐसा हो सकता है कि जब आप बहुत ही मधुर और मृदुभाषी दिखने की कोशिश करते हैं, तो लोगों को यह नहीं पता होता है कि आपके पास एक और पक्ष है जहां आप कठिन परिस्थितियों में अपने लिए खड़े हो सकते हैं। आप वफादार हैं और दोस्तों और परिवार के बहुत करीब हैं। आप स्वभाव से बहुत अधिक संवेदनशील भी हैं और नाटकीय परिस्थितियों को प्रोत्साहित नहीं करते हैं।

## हरा रंग

यदि आपका पसंदीदा रंग हरा है तो आप एक स्वतंत्र उत्साही व्यक्ति हैं और जीवन में रोमांच का आनंद लेते हैं। आप एक अत्यंत सामाजिक, अविश्वसनीय, स्नेही और वफादार व्यक्ति हैं। हालांकि, आप अक्सर बेचैन रहते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप एक चतुर व्यक्ति हैं, जो व्यापार प्रवृत्तियों के बारे में सहज समझ रखते हैं।

## सफेद रंग

आप हर चीज में अच्छाई देखना पसंद करते हैं। आप एक ऐसे व्यक्ति हैं जो लोगों को शांत कर सकते हैं और स्वयं शांत रहने में विश्वास करते हैं। आप अक्सर अपने शब्दों को सावधानी से चुनते हैं और हर कोई आपके बारे में बहुत कुछ नहीं जानता है। आप एक दयालु आत्मा हैं और लोगों की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, भले ही वे अजनबी क्यों न हों।

## पीला रंग

यह परिभाषित करता है कि आप एक बहुत ही दिलकश स्वभाव के व्यक्ति हैं। आप आशावादी हैं और गलत होने वाली चीजों को छोड़ने से इंकार करते हैं। आप बहुत ज्यादा भरोसेमंद हैं और हमेशा जीवन के उज्जवल पक्ष को देखते हैं। आप गौरवशाली हैं और किसी भी जगह पर अपनी राय देने से डरते नहीं हैं। आपके व्यक्तित्व की वजह से लोग आपकी कंपनी पसंद करते हैं।

## पर्पल कलर

आप एक कहानीकार हैं और दूसरे लोगों के विचार और राय सुनना पसंद करते हैं। आप स्वभाव से होशियार और मजाकिया हैं। आपको लोगों को सलाह देना पसंद है और आप इसे अपने दिल से पसंद करते हैं। आप स्वभाव से स्वतंत्र हैं और अपने आप में ऐसी क्षमता रखते हैं जो आपको दूसरों से अलग बनाती है।

इस तरह आपके पसंद के रंगों से आपके व्यक्तित्व का पता लगाया जा सकता है। हालांकि ये एक सामान्य अवधारणा है और हर एक व्यक्ति के हिसाब से अलग प्रभाव डालती है।





# बच्चे का हौसला बनें

**सारा साल पढ़ाई स्कूल जाने के बाद बच्चों में जहा फाइनल एग्जाम का डर बना रहता है, वहीं इस बात की खुशी भी होती है कि वह नई क्लास में जाने वाले हैं। इसी के साथ पेरेंट्स को यह परेशानी सताती है कि कहीं इस बार पढ़ाई में उनके बच्चे के आगे कोई और स्टूडेंट न निकल जाए। अव्वल आने की इस होड़ में पेरेंट्स द्वारा बनाया गया दवाब उनके लिए मानसिक परेशानी बन जाता है। ऐसे में बच्चो को डांट-फटकार कर पढ़ाने की बजाए उनकी प्रॉब्लम को समझने की जरूरत है। कई बार तो कुछ पेरेंटस बच्चों को न पढ़ने पर सजा भी देते हैं, जो कि बिल्कुल गलत बात है। मनोविज्ञानिक भाषा में इस समस्या को एंग्जाइटी डिसऑर्डर कहते हैं। बच्चे को इसमें धकेलने की बजाए इससे निकालने की कोशिश करें।**

## एंग्जाइटी डिसऑर्डर

बहुत से बच्चों में यह समस्या देखने को मिलती है। इस समस्या के कारण उनका स्वभाव बहुत ही चिड़चिड़ा हो जाता है, जिसके कारण वह जो कुछ भी परीक्षा के लिए याद करते है वह सब कुछ भूल जाते हैं। फेल होने का डर, आत्मविश्वास में कमी भी इसी समस्या की निशानी है। कई बार तो तनाव से ग्रसित बच्चे घर से स्कूल के लिए निकल जाते हैं लेकिन स्कूल पहुंचते ही नहीं। इसी वजह से कुछ बच्चे गलत संगत में भी फंस जाते हैं। ऐसे में माता-पिता को उसे डांट कर पढ़ाने की बजाए प्यार से समझाने की जरूरत है। पढ़ाई में आने वाली मुश्किलों के लिए डांटें नहीं बल्कि उनकी मदद करें। इन तरीकों से तनाव रहित कर सकते हैं।

## टाइम-टेबल को दें अहमियत

अगर आप चाहते है कि आपके बच्चे परीक्षा के दिनों में घबराएं नही तो आप शुरू में ही उनकी पढ़ाई का टाईम-टेबल बनाएं ताकि समय रहते उनका पाठ्यक्रम पूरा कर सकें। जिससे बाद में उन्हें स्लेबस दोहराने का भी टाईम मिल जाए। इसे अपनाने से उन्हें परीक्षा के दिनों में किसी तरह का डर नहीं रहेगा और वह जो भी याद करेंगे, उसे कभी भी भूलगा नहीं।

## पेपर पैटर्न को समझना जरूरी

एग्जाम में बैठने से पहले बच्चों को पेपर का तरीका समझने की बहुत जरूरत होती है। इससे बच्चे को किसी तरह की कंफ्यूजन नहीं रहेगी। ऐसे में आप बच्चे को पिछली बार का पैटर्न पेपर हल करने को दें। इस से भी उनका तनाव बहुत कम होगा। फाइनल परीक्षा में उसे किसी तरह की घबराहट नहीं होगी।

## परीक्षा में जाने से पहले

डेट शीट आ जाने पर खुद भी बच्चे के साथ कमर कस लें। उसे पौष्टिक आहार खिलाएं ताकि किसी तरह की कमजोरी उसके प्रदर्शन में बाधा न बने। दूध, ड्राई फ्रूट, दही, सूप, सलाद आदि बैस्ट हैं। उस पर किसी तरह का दवाब न डालें, कुछ भी नया पढ़ाने की कोशिश न करें। ऐसा करने से वह पहला पढ़ा भी भूल सकता है। पढ़ाई के अलावा थोड़ा हंसी-मजाक, गेम्स या फिर उसका फेवरेट प्रोग्राम भी देखने को दें लेकिन इसका समय सीमित होना बहुत जरूरी है। इससे वह परीक्षा अच्छे से दे पाएगा।

## परीक्षा शुरू होने पर

सबसे पहले परीक्षा में वही प्रश्न का जबाव देने की सलाह दें जो उन्हें अच्छी तरह से आता हो। बच्चें प्रश्न पत्र को पढ़ने में हड़बड़ी न करें। अगर आपको किसी प्रश्न का जबाव नहीं आता। उस पर उलझे रहने की बजाए अगले सवाल को हल करें। सारा पेपर हल करने पर इसे जमा करने से पहले एक बार जांच लें। समय सीमा के बारे में बच्चे को बताना भी बहुत जरूरी है।





# साड़ी के साथ स्टाइल की जा सकती हैं यह डिफरेंट स्टाइल बेल्ट

**अगर आप एक सिंपल तरीके से साड़ी को पहन रही हैं और उसमें भी अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसके साथ बेल्ट को स्टाइल करें। साड़ी के साथ बेल्ट का चलन पिछले कुछ समय से काफी बढ़ गया है। जिसके कारण आप कई तरह की बेल्ट्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं।**

साड़ी हमेशा ही भारतीय महिलाओं के स्टाइल का एक अहम हिस्सा रही है। चाहे घर हो या ऑफिस, महिलाएं इसे हर जगह पहनना पसंद करती हैं। साड़ी आउटफिट के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से बेहद आसानी से स्टाइल कर सकती हैं और इस तरह आपको हर बार एक न्यू लुक मिलता है। हालांकि, अगर आप एक सिंपल तरीके से साड़ी को पहन रही हैं और उसमें भी अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसके साथ बेल्ट को स्टाइल करें। साड़ी के साथ बेल्ट का चलन पिछले कुछ समय से काफी बढ़ गया है। जिसके कारण आप कई तरह की बेल्ट्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। तो आज हम आपको कुछ ऐसी बेल्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो साड़ी के साथ बेहद अच्छी लगती हैं और आप भी उसे आसानी से कैरी कर सकती हैं।

## लेदर बेल्ट

अगर आप एक स्टाइल एक्सपेरिमेंट करना चाहती हैं तो ऐसे में आप लेदर बेल्ट को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाएं। आमतौर पर, लेदर बेल्ट को जींस या पैंट सूट के साथ पेयर किया जाता है। लेकिन अगर आप साड़ी में अपने स्टाइल को यूनिक बनाना चाहती हैं तो लेदर बेल्ट को स्टाइल करें। हालांकि, लेदर बेल्ट को साड़ी के साथ पहनते समय ध्यान दें कि आपकी साड़ी का कलर भी थोड़ा लाइट ही हो।

## वाइड बेल्ट

अगर आप अपनी बेल्ट को ही अपने ओवर ऑल लुक में सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप एक वाइड बेल्ट को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। साड़ी के साथ वाइड बेल्ट देखने में काफी अच्छी लगती हैं। इन वाइड बेल्ट में आप मैचिंग बेल्ट से लेकर एंब्रायडिड बेल्ट का ऑप्शन चुन सकती हैं।

## मैचिंग बेल्ट

यह एक ऐसा लुक है, जो अमूमन महिलाओं को इन दिनों काफी पसंद आ रहा है। इस लुक में आप अपनी साड़ी से मैचिंग बेल्ट को स्टाइल करें। आमतौर पर, इस लुक में आपकी साड़ी से मैचिंग ब्लाउज होता है और उसी मैचिंग फैब्रिक व कलर की बेल्ट को आप साथ में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह आपको बेल्ट में एक सटल लुक मिलता है, जो देखने में काफी अच्छा लगता है।

## एंब्रायडिड बेल्ट

अगर आप किसी पार्टी के लिए रेडी हो रही हैं तो ऐसे में आप एंब्रायडिड बेल्ट के ऑप्शन को चुन सकती हैं। यह बेल्ट आपके लुक को बेहद स्टनिंग बनाता है। इस बेल्ट की मदद से एक सिंपल साड़ी को भी डिजाइनर लुक दे सकती हैं। आप चाहें तो फ्रिल साड़ी के साथ भी एंब्रायडिड बेल्ट को स्टाइल कर सकती हैं।

## थिन सिल्वर बेल्ट

यह आपको एक बेहद ही एलीगेंट लुक देता है। इस लुक में आप प्लेन साड़ी के साथ भी थिन सिल्वर बेल्ट को स्टाइल कर सकती हैं। इसे आप केजुअल्स से लेकर पार्टी तक में आसानी से कैरी कर सकती हैं। इस बेल्ट की खासियत यह है कि इसे किसी भी तरह की साड़ी के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है।

## ब्लैक बेल्ट

अगर आप एक ऐसी बेल्ट की तलाश में हैं जो हर तरह की साड़ी के साथ जचे तो ऐसे में आप ब्लैक बेल्ट को अपनी साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। आप ब्लैक बेल्ट में भी डिफरेंट स्टाइल के ऑप्शन को चुन सकती हैं। खासतौर से, रेड कलर साड़ी के साथ ब्लैक बेल्ट बेहद ही स्टनिंग लुक देती है।

# भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को रिकार्ड 211 रनों से हराया

**बड़ोदरा (एजेंसी)।** स्मृति मंधाना (91), हरलीन देओल (44) और प्रतिका रावल (40) की शानदार बल्लेबाजी के बाद रेणुका सिंह (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को रिकार्ड 211 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में 1-0से बढ़त बना ली है।

भारत के 314 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 11 के स्कोर अपने चार विकेट गवां दिये। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और किआना जोसेफ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई। डिएंड्रा डॉटिन (आठ) और रशादा विलियम्स (तीन) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद शमैन कैंपबेल और आलिया ऑलेन ने पारी संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में रेणुका ने आलिया ऑलेन (13) को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद रेणुका ने शबीका गजनबी (तीन) बोल्ड कर अपना चौथा और भारत के लिए छठा विकेट झटका। जायडा जेम्स (नौ), करिश्मा रामहैरक (11), शमिला कॉनेल (आठ) और शमैन कैंपबेल (21) रन बनाकर आउट हुई। ऐफी फ्लेचर ने टीम के लिए सर्वाधिक (नाबाद 24) रनों की पारी खेली। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम को26.2 ओवर में 103 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला रिकार्ड 211 रनों से जीत लिया। भारत की ओर रेणुका सिंह ने पांच विकेट लिये। प्रिया मिश्रा को दो विकेट मिले। तितास साधु और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की भारतीय सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 110रनों की साझेदारी की। 24वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने प्रतिका रावल (40) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 32वें ओवर में जायडा जेम्स ने स्मृति मंधाना को आउट कर भारतीय टीम को दूसरा झटका दिया। स्मृति मंधाना अपने शतक के करीब थी। उन्होंने 102 गेंदों में 13 चौके लगाते हुए (91) रनों की पारी खेली। हरलीन देओल ने 50 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (44) रन बनाये। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 23 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (34) रन बनाये। ऋचा घोष 13 गेंदों में (26), जेमिमाह रॉड्रिग्स 19 गेंदों में (31) रन बनाकर आउट हुई। आखिरी ओवरों में जायडा जेम्स ने चार विकेट झटकर भारतीय टीम को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। दीप्ति शर्मा 12 गेंदों में (14) रन बनाकर नाबाद रही।



भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 314 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर जायडा जेम्स ने आठ ओवरों में 24 रन देकर पांच विकेट झटके। हेली मैथ्यूज को दो विकेट मिले। डिएंड्रा डॉटिन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# 2025 जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल 2025 में भारत जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें। यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। '' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था।

# रोहित में आत्मविश्वास की कमी, वह खुद पर संदेह करते हैं : संजय मांजरेकर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के करीब आते ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने आलोचनाओं से घिरे कप्तान रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली पर पुनर्विचार करने को कहा है। इस साल टेस्ट क्रिकेट में निरंतरता के लिए संघर्ष कर रहे शर्मा को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के अभियान में सार्थक योगदान देने के लिए अपने दृष्टिकोण को फिर से समायोजित करने की आवश्यकता है, जो वर्तमान में 1-1 से बराबर है।

2024 में टेस्ट क्रिकेट में रोहित का फॉर्म निराशाजनक रहा है। 13 मैचों में उनका औसत 26.39 है, जो उनके आम तौर पर विश्वसनीय मानकों से काफी कम है। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रृंखला के पहले टेस्ट से चूक गए लेकिन एडिलेड में गुलाबी गेंद के टेस्ट के लिए लौटने के बाद दो पारियों में केवल 9 रन ही बना सके। ब्रिसबेन के बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट में उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी की और अपने एकमात्र आउटिंग में सिर्फ 10 रन बनाए।

मांजरेकर ने कहा, 'उसने वह बड़ा खेल खेला है। दक्षिण अफ्रीका में उसने एक पारी में ऐसा खेला था, जिसमें एक छोटा लक्ष्य था और पीछे चले गए, और रोहित शर्मा वास्तव में अच्छा दिखे। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच में गेंदबाजों से वह जूझ रहे हैं, सभी शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं, उन लोगों का सामना करना आसान नहीं है क्योंकि उनके शॉट वास्तव में उच्च जोखिम वाले शॉट हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी गेंदबाजों को परेशान करने के लिए ऐसा करने की कोशिश की, लेकिन आक्रामक शॉट खेलते हुए आउट हो गए।'

मांजरेकर ने कहा, 'उसमें आत्मविश्वास की कमी है और वह खुद पर संदेह करता है। जब वह न्यूजीलैंड के खिलाफ उस घरेलू श्रृंखला में खेले और भारतीय पिचों पर उनका डिफेंस टूट रहा था, तो यह थोड़ा चौंकाने वाला था।' मांजरेकर के अनुसार, शर्मा की ठोस रक्षात्मक नींव पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थता टेस्ट क्रिकेट में महंगी पड़ रही है। उन्होंने रोहित के मौजूदा संघर्षों की तुलना 2021 के इंग्लैंड दौरे के दौरान उनके प्रदर्शन से की, जहां उन्होंने अनुशासन और रक्षा-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ बल्लेबाजी की। 2021 में रोहित ने इंग्लैंड में एक असाधारण टेस्ट सीरीज खेली, जिसमें उन्होंने 42 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 75 रनों से हराया

**बेलिंगटन (एजेंसी)।** एश्ले गार्डनर (74), फोबे लिचफील्ड (50) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद एनाबेल सदरलैंड, अलाना किंग (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने सोमवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड को 75 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। एनाबेल सदरलैंड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया के 290 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए बेला जेम्स और अमेलिया केर की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 43 रन जोड़े। नौवें ओवर में सदरलैंड ने बेला जेम्स (24) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिय 63 रनों की साझेदारी हुई। 20वें ओवर में सदरलैंड ने सूजी बेट्स (53)को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में अमेलिया केर (22) रनआउट होकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद कप्तान सोफी डिवाइन (25), ब्रूक हैलीडे (27) रन बनाकर आउट हुई। मैडी ग्रीन 35 गेंदों में (39) रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड के निचले क्रम का कोई भी बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 43.3 ओवर में 215 के स्कोर पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए एनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग ने तीन-तीन विकेट लिये। किम गर्थ और डार्सी ब्राउन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।





इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एलिसा हीली और फोबे लिचफील्ड की ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े। 15वें ओवर में अमेलिया केर ने हीली (39) को आउट कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। फोबे लिचफील्ड (50) को रोजमेरी मैयर ने आउट किया। एलीस पेरी (14), बेथ मूनी (दो), एनाबेल सदरलैंड (42)रन बनाकर आउट हुई। एश्ले गार्डनर ने 62 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (74) रनों की पारी खेली। ताहलिया मैकग्राथ, किम गार्थ (10-10) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 49 ओवर में 290 के स्कोर पर समेट दिया।


न्यूजीलैंड की ओर से अमेलिया केर ने चार और रोजमैरी मेयर ने तीन विकेट लिये। सोफी डिवाइन ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

# रोहित शर्मा ठीक, मेलबर्न टेस्ट में खेलेंगे : आकाशदीप

मेलबर्न । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा है कि कप्तान रोहित शर्मा ठीक हैं और 26 दिसंबर से यहां होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलेंगे। इससे पहले रविवार को अभ्यास के दौरान रोहित के अलावा बल्लेबाज केएल राहुल और स्वयं आकाशदीप को भी चोट लगी थी पर उन्होंने मीडिया से बात करने के दौरान कहा कि इस प्रकार की चोट लगती रहती है और ये भी खेल का एक हिस्सा है। इसमें चिन्ता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा, जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसी चोटें तो लगती रहती हैं। मुझे लगता है ये अभ्यास विकेट सफेद गेंद के लिए थी, यही वजह थी कि कई बार गेंद नीचे रह रही थी। लेकिन ये सब अभ्यास सत्र में सामान्य बात है, किसी भी तरह की कोई गंभीर समस्या नहीं है। रोहित को रविवार को अभ्यास के दौरान घुटने में गेंद लगी थी जिसके बाद वह आइस पैक लगाकर बैठे दिखे थे। रोहित और राहुल के अलावा अभ्यास सत्र में यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली और शुभमन गिल भी नई गेंद से अभ्यास करते दिखे। रोहित स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर रहे थे, जहां वह पुल शॉट खेलने के प्रयास में चोटिल हो गये। अभ्यास सत्र खत्म होने तक रोहित ठीक नजर आ रहे थे और वह आराम से कोच और टीम के साथियों के साथ बात करते हुए चल रहे थे। वहीं राहुल को दाहिने हाथ पर और आकाश दीप को भी बल्लेबाजी के दौरान हाथ में चोट लगी थी। लेकिन मीडिया से बात करने के बाद उन्होंने इस चोट को मामूली करार दिया।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में शुभमन पर बेहतर प्रदर्शन का दबाव रहेगा

मेलबर्न । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की नजरें यहां एमसीजी मैदान पर 26 दिसंबर बॉक्सिंग डे पर शुरु हो रही चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में बेहतर प्रदर्शन पर रहेंगी। शुभमन अब तक इस सीरीज में एक बार भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाये हैं। एशियाई देशों के बाहर अब तक उनका रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है जिससे भी वह बेहतर करना चाहेंगे। साल 2022 के बाद से ही एशिया के बाहर उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। शुभमन ने साल 2021 ब्रिसबेन टेस्ट के बाद से ही 16 पारियों में 17.80 की औसत से 267 रन बनाए हैं। साल 2021 में गिल ने 146 गेंदों में 91 रन की दमदार पारी खेली थी लेकिन उसके बाद से ही उनका



बल्ला खामोश है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में शुभमन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं लेकिन तीन पारियों में वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट गिल ने नहीं खेला था। लेकिन दूसरे टेस्ट में वह अतिम ग्यारह का हिस्सा थे और सिर्फ 59 रन ही बना सके। पहली पारी में 31 और दूसरी पारी में उन्होंने 28 रन ही बनाए। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के शुरुआती तीन मैच खेले जा चुके हैं। पर्थ में खेला गया पहला टेस्ट भारत ने जीता जबकि उसके बाद एडिलेड टेस्ट में उसे हार झेलनी पड़ी तो गाबा टेस्ट ड्रॉ रहा। वहीं भारतीय बल्लेबाज इस सीरीज में अभी तक विफल रहे हैं। शुभमन की खराब फॉर्म भी टीम के लिए चिंता का विषय बन गई है। आने वाले समय को देखते हुए भारतीय क्रिकेट को शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल जैसे युवा खिलाड़ियों से ही उम्मीदें रहेंगी। शुभमन में सभी को टीम का भविष्य नजर आता है। यही कारम है कि उन्हें टीम में लगातार अवसर मिलते रहते हैं।

# पाकिस्तान ने वर्षा बाधित मैच में दक्षिण अफ्रीका को 36 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** सैम अयूब (101) की शतकीय, बाबर आजम (52) और कप्तान मोहम्मद रिजवान (53) की अर्धशतकीय पारियों के बाद सुफिया मकिम की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने रविवार को वर्षा बाधित तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 36 रनों से हरा दिया। इसी जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपना नाम कर ली।

309 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सात ओवर में 44 रन पर अपने नो विकेट गंवा दिए। कप्तान तेम्बा बवूमा (आठ) और टोनी डीजॉर्जी (26)रन बनाकर आउट हुये। रासी वान दर दुसें (35) और एडन मारक्रम (19) रन बनाकर आउट हुये। द. अफ्रीका की ओर से हेनरिच क्लासेन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। क्लासेन 43 गेंद में 12चौके और दो छक्के लगाते हुए (81) रन बनाए। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे द. अफ्रीका के नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। मार्को यानसन (26) और कगिसो रबाड़ा (14) रन बनाकर आउट हुये। कोरिन बोश ने (नाबाद 40) रनों की पारी खेली। द. अफ्रीका 42 ओवर में 271 रन बना सका और उसे डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 36 रनों से हार का सामना करना पड़ा।



पाकिस्तान के लिए इस मैच में पर्दापण करने वाले सुफियान मुकीम ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिये। शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को दो-दो विकेट मिले। मोहम्मद हसनैन और सैम अयूब ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इस मैच में जीत दर्ज करते ही पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को उसी के घर में क्लीन स्वीप करने वाली विश्व की पहली टीम बन गई। पाकिस्तान के सैम अयूब को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच और 'प्लेयर ऑफ सीरीज' से नवाजा गया। इससे पहले कल देर रात पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 309 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के कारण मैच को 47 ओवर का कर दिया गया था। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अब्दुल्लह शफीक (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 114 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में वेना मफाका ने बाबर आजम (52) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने कप्तान ने भी सैम का साथ पकड़ लिया। 35वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने सैम अयूब को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को तीसरी सफलता दिलाई। अयूब ने 94 गेंदों में 13 चौके और दो छक्कों की मदद से (101) रनों की पारी खेली। मोहम्मद रिजवान ने 52 गेंदों में पांच चौके एक छक्का लगाते हुए (53)रन बनाये। आगा सलमान ने 33 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (48) रन बनाये। शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) को रबाड़ा ने अपना शिकार बनाया। तय्यब ताहिर (28) और मोहम्मद हसनैन (चार) रन बनाकर आउट हुये। इन दोनों को मार्को यानसन ने आउट किया। नसीम शाह पांच रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने निर्धारित 47 ओवरों में नौ विकेट पर 308 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाड़ा ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया। ब्योर्न फोर्टेन और मार्को यानसन ने दो-दो विकेट लिये। वेना मफाका और कॉर्बिन बॉश ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## पाक क्रिकेटर अयूब ने दक्षिण अफीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में शतक लगाकर बनाया रिकार्ड

जोहानसबर्ग । पाकिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में 94 गेंदों में 101 रन बना दिये। उन्होंने अपनी इस पारी में 13 चौके लगाए और 2 छक्के लगाये। यह इस युवा बल्लेबाज के एदिवसीय करियर का तीसरा शतक है। सैम ने पहले मैच में भी शतकीय पारी खेली थी। इस खिलाड़ी ने अपने तीनो शतक इस साल विदेशी धरती पर लगाई है। इस प्रकार इस युवा ने अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के एक रिकार्ड की बराबरी की है। इस प्रकार सैम ने एक साल में विदेशी धरती पर एकदिवसीय शतक लगाने के मामले में विराट की बराबरी की है। कोहली ने इससे पहले साल 2018 और 2019 में विदेश में तीन एकदिवसीय शतक लगाये थे। कोहली के अलावा महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 2001, राहुल द्रविड़ ने 1999, मोहम्मद हफीज ने 2011 और सलीम इलाही ने साल 2002 में विदेशी धरती पर तीन एकदिवसीय शतक लगाये हैं। एक साल में विदेश में सबसे अधिक एकदिवसीय शतक का रिकार्ड रोहित के नाम दर्ज है। उन्होंने 2019 में 6 शतक लगाये थे। उनके बाद सनथ जयसूर्या ने साल 2006 और कुमार संगाकारा ने साल 2015 में पांच-पांच शतक लगाये थे। वहीं सैम के अलावा पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक लगाया। ये उनका एकदिवसीय में 34 वां अर्धशतक है। उनके अब 120 एकदिवसीय पारियों में 5957 रन और उन्हें 6000 रन पूरे करने के लिए केवल 43 रनों की ही जरुरत है।


# सिंधु , वैंकट के साथ शादी के बंधन में बंधीं



उदयपुर । भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने रविवार को यहां अपने मंगेतर वेंकट दत्ता साई के साथ शादी के बंधन में बंध गयीं। सिंधु और वेंकट की शादी पारंपरिक तरीके से परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में हुई। सिंधु के पति वेंकट हैदराबाद में आई टी कंपनी पॉसाइडेक्स टेक्नोलॉजीज के कार्यकारी निदेशक हैं। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शादी में उपस्थित थे और उन्होंने सोशल मीडिया में शादी की पहली तस्वीर साझा की है। शेखावत ने लिखा, कल शाम उदयपुर में ओलंपियन सिंधु और वेंकट दत्ता साई के विवाह समारोह में शामिल होकर बहुत खुशी हुई। इस जोड़े को उनके नए जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद। जश्न अभी जारी है क्योंकि यह जोड़ा 24 दिसंबर को सिंधु के गृहनगर हैदराबाद में रिसेप्शन पार्टी आयोजित करेगा। सिंधु के पिता ने कहा कि दोनों परिवार एक-दूसरे से अच्छी तरह परिचित हैं, लेकिन शादी की योजना एक महीने के भीतर ही बन गई। जोड़े ने यह तारीख इसलिए चुनी क्योंकि सिंधु अगले साल से शुरू होने वाली ट्रेनिंग और प्रतियोगिताओं में व्यस्त रहेंगी।

# ट्रेविस हैड पर अंकुश लगाना होगा : शास्त्री

मेलबर्न । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि भारतीय गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हैड पर अंकुश लगाना होगा। हैड ने अब तक इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो शतक लगाये हैं और सबसे अधिक रन बनाये हैं। शॉर्ट बॉल को जल्दी पहचानने की क्षमता के कारण ही वह बड़े शॉट लगाने में सफल हुए हैं। इस सीरीज की अपनी पहली पारी में 11 रन पर आउट होने के बाद से ही हेड ने अपने अगले तीन मैचों में 89, 140 और 152 रन बनाए हैं। उन्होंने गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि टेस्ट में भी अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर 1-1 से बराबरी हासिल की थी। शास्त्री ने कहा कि मुझे लगता है कि वह बहुत चतुर क्रिकेटर है। मैंने उन्हें तीन साल पहले देखा था पर अब लगता है कि उनमें काफी सुधार हुआ है। विशेष रूप से वह जिस तरह शॉर्ट गेंदों को खेलते हैं। पहले वह इस गेंद को खेलने के लिए तैयार रहते थे पर अब उन्होंने इसे छोड़ना भी सीख लिया है। गेंद की 'लाइन एवं लेंथ को जल्दी से परखने की क्षमता हैड को सही स्ट्रोक खेलने का समय देती है। शास्त्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमेशा शॉर्ट गेंद पर बड़ा शॉट लगाना होता है। वह या तो इसे छोड़ने या बड़े शॉट लगाने के लिए तैयार रहते हैं और अगर गेंद मिडिल या ऑफ स्टंप है, तो वह इसे स्कायर के सामने भी मारते हैं। जब वह लय में होते हैं तो उन्हें रोकना कठिन हो जाता है। शास्त्री ने कहा कि वह लेंथ अच्छी तरह पकड़ लेता है। यह उनकी सबसे बड़ी ताकत है। और उनके पास ऑफसाइड के लिए शानदार शॉट होते हैं। इसलिए उन्हें रोकना मुश्किल है। इसके साथ ही वह सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के लगभग हर बल्लेबाज के लिए कठिन रहा है पर हैड ने उनका भी सामना आसानी से किया है। शास्त्री ने कहा कि हम सभी जानते थे कि वह खतरनाक है, इसलिए उसे जल्द से जल्द रोकना जरुरी है।



# मोहम्मद शमी को झटका, बड़े टूर्नामेंट से बाहर, बीसीसीआई ने भी कर दिया कंफर्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे 2 टेस्ट मैचों में चयन के लिए फिट नहीं माना गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को बताया कि बाएं घुटने की सूजन की चिंताओं के कारण उन्हें फिलहाल ऑस्ट्रेलिया नहीं भेजा जाएगा। शमी एड़ी की चोट और उसके बाद की सर्जरी के कारण एक साल खेल मैदान से दूर रहे थे। उन्होंने इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए वापसी कर 7 विकेट लिए थे। वह सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में भी खेले और 11 मैचों में 7.85 की इकॉनमी रेट से 9 विकेट लिए, जिसमें हैदराबाद के खिलाफ 3-21 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।

बीसीसीआई के खेल विज्ञान प्रमुख नितिन पटेल, शक्ति और कंडीशनिंग कोच निशांत बोरदोलोई, चयनकर्ता अजय रात्रा और एसएस दास शमी की फिटनेस पर नजर जमाए हुए थे। शमी के घरेलू क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन के कारण उनके ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे में शामिल होने की खबरें सामने आई थीं लेकिन इसी बीच बीसीसीआई के संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया के शमी के फिटनेस अपडेट ने इस तेज गेंदबाज की ऑस्ट्रेलिया में आखिरी दो टेस्ट मैच खेलने की सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

सैकिया ने कहा कि शमी के जोड़ों पर बढ़ते भार के कारण उनके बाएं घुटने में मामूली सूजन देखी गई है। लंबे समय के बाद मैदान पर वापसी करना और लगातार ओवर करने के कारण ऐसी सूजन आ ही जाती है। वर्तमान चिकित्सा मूल्यांकन के आधार पर, बीसीसीआई मेडिकल टीम ने निर्धारित किया है कि उनके घुटने को गेंदबाजी भार के नियंत्रित प्रदर्शन के लिए अधिक समय की आवश्यकता है। नतीजतन, उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शेष दो टेस्ट के लिए विचार के लिए उपयुक्त नहीं माना गया है।

सैकिया ने यह भी कहा कि शमी बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मेडिकल स्टाफ के मार्गदर्शन में लक्षित ताकत और कंडीशनिंग का काम करना जारी रखेंगे। शमी को 21 दिसंबर को हैदराबाद में बंगाल के पहले विजय हजारे ट्रॉफी लीग चरण के मैच से आराम दिया गया था और सैकिया ने कहा कि 50 ओवर की प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी उनके बाएं घुटने की प्रगति पर निर्भर करेगी।

ब्रिस्बेन टेस्ट समाप्त होने के बाद भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शमी की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से शमी की प्रगति पर अपडेट देने को कहा। लेकिन बीसीसीआई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शमी ऑस्ट्रेलिया नहीं जाएंगे, ऑस्ट्रेलिया में भारत के तेज गेंदबाजी विकल्प जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा बने रहेंगे।



## एक नजर

### नेपाल-चीन के बीच प्रस्तावित रेलमार्ग पर हलचल तेज

**काठमांडू:** नेपाल और चीन के बीच बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव कार्यान्वयन समझौते पर हालिया हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों के मध्य रेलमार्ग निर्माण पर हलचल तेज हो गई है। इस समझौते में चीन की सीमा करूंग से काठमांडू को जोड़ने के लिए रेलमार्ग निर्माण की परियोजना को शामिल किया गया है। दोनों देशों के विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े उच्चस्तरीय कर्मचारियों की मौजूदगी में हुई चर्चा में रेलवे परियोजना की प्री–फिजिबिलिटी स्टडी के दौरान आने वाली समस्याओं और समाधानों की तलाश की गई। नेपाल परिवहन मंत्रालय के सचिव केशव कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम चीन के शंघाई पहुंची है। शर्मा के साथ इस टीम में परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव भीमार्जुन अधिकारी, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, कानून मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव शामिल हैं शंघाई में शुक्रवार से शुरू हुई बैठक रविवार तक चली। चीन की टीम ने बताया कि काठमांडू–केरुंग रेलवे का निर्माण चुनौतीपूर्ण है। इस बैठक में काठमांडू करूंग रेलमार्ग के प्री फिजीबिलिटी अध्ययन में शामिल चीनी राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी चाइना रेलवे फर्स्ट सर्वे एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट के तकनीशियनों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में सहभागी परिवहन मंत्रालय के संयुक्त सचिव भीमार्जुन अधिकारी ने कहा कि इस पूरे रेलमार्ग पर 98 प्रतिशत हिस्सा पहाड़ी होने के कारण निर्माण लागत काफी महंगी होने वाली है।

### जमीनी विवाद में हुए गोलीकांड में पिता-पुत्र की मौत

**ऊना:** हरोली थाना के अंतर्गत आते गांव लोअर भदसाली में हुए सनसनीखेज गोलीकांड में पिता–पुत्र की मौत हो गई। इनके गांव के ही एक युवक ने पिता–पुत्र को गोलीमारकर मौत के घाट उतार डाला। गोलीकांड में पिता–पुत्र की मौत से गांव में मातम पसर गया है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने सलोह से भदसाली को जाने वाले रास्ते को सीज कर दिया है। वहीं एसपी ऊना राकेश सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा करके मौके का जायजा लिया है। मृतकों की पहचान संजीव कुमार(51) पुत्र जगीर सिंह व रविंद्र कुमार(26) पुत्र संजीव कुमार निवासी वार्ड नंबर एक लोअर भदसाली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी दीपक कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मृतक मौजूदा ग्राम पंचायत प्रधान का पति व पुत्र है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इन दोनों धड़ों का आपस में जमीनी विवाद चल रहा था। सोमवार को जब 26 वर्षीय रविंद्र कुमार अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से जा रहा था तो आरोपी ने भदसाली स्कूल के पास इनकी गाड़ी को रोका और रविंद्र पर रायफल से फायर कर दिया।

### संभल में चौथे दिन भी जारी रहा एएसआई का सर्वे

**मुरादाबाद:** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की चार सदस्यीय टीम का सर्वे लगातार चौथे दिन सोमवार को भी जारी रहा। सर्वे के दौरान संभल के प्राचीन नैमिषारण्य तीर्थ में एक और प्राचीन कुआं सामने आया है, जिसमें करीब 20 फुट पर पानी मिला है। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि पुराने समय में इस कुएं में 20 फुट नीचे ही पानी था, जबकि वर्तमान में संभल में जल स्तर 100 फुट से ज्यादा नीचे है। अधिकारियों ने बताया कि एएसआई ने शुक्रवार और शनिवार को संभल में छह तीर्थ स्थलों और 19 कुओं का सर्वे किया था। रविवार को चंदौसी तहसील के प्राचीन बावड़ी में खुदाई की, जिसमें प्राचीन बावड़ी मिली। संभल के 19 प्राचीन कुओं और 68 तीर्थों का वर्णन तमाम धर्मग्रंथों में मिलता है।

# राष्ट्र निर्माण और वैदिक शिक्षा के प्रचार का कार्य कर रहा स्वामी श्रद्धानंद का गुरुकुल : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**हरिद्वार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्राचीन गुरूकुल कांगड़ी में अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द के 99वें बलिदान दिवस पर आयोजित राष्ट्रभक्त महायज्ञ में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने देश की समता के लिए जो प्रयास और संघर्ष किया, वह स्मरण करने का दिन भी है। स्वामी श्रद्धानंद महाराज ने 20वीं सदी के प्रारंभ में भारत में स्वतंत्रता और वैदिक शिक्षा का एक ऐसा आंदोलन खड़ा किया था, जिसने कट्टरपंथियों की और अंग्रेजों की नींव हिलाने का काम किया था। स्वामी श्रद्धानन्द के विचारों से प्रभावित होकर, हजारों की संख्या में दूसरे धर्म के लोगों ने पुनः सनातन को अपनाया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धानंद महाराज ने 1902 में हरिद्वार की पवित्र धरती पर गुरुकुल रूपी बीजरोपित किया था, जो आज एक विशाल वट वृक्ष बनकर पूरी दुनिया को वैदिक शिक्षा का प्रकाश एवं शिक्षा देने का काम कर रहा है। यह विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है बल्कि राष्ट्र निर्माण और वैदिक संस्कृति के प्रचार प्रसार का भी एक मजबूत स्तंभ है। इस विश्वविद्यालय की शिक्षा प्रणाली में जहां एक ओर गौतम, कपिल, कणाद, जैमिनी आदि ऋषियों के जीवन दर्शन का पूरा समावेश है, वहीं दूसरी ओर राष्ट्रवाद की भावना का तत्व भी विद्यमान है। इसी विश्वविद्यालय से हजारों शिक्षार्थियों ने विश्व बन्धुत्व का भाव लेकर शिक्षा धर्म और समाज सेवा के क्षेत्र में एक वैश्विक पहचान स्थापित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश कुटुंबकम की भावना से एक पृथ्वी-एक परिवार और एक भविष्य की अवधारणा को वैश्विक मंचों पर साकार कर रहा है। आज भारत की हर उस बात को जो दुनिया के हित में है, मानवता के हित में है, जो प्रधानमंत्री द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है, उन्हें पूरी दुनिया अपना रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना काल में 100 से भी अधिक देशों को हमारी सरकार ने कोविड वैक्सीन उपलब्ध कराने का काम किया था। योग एवं आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर ले जाने, मानवता के एक सूत्र में पिरोने का कार्य प्रधानमंत्री ने किया है। उन्होंने कहा कि प्रधामंत्री के मार्गदर्शन, सहयोग से राज्य सरकार भी प्रदेश में सनातन संस्कृति के उन्नयन, संरक्षण, संवर्धन के लिए लगातार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। केदारनाथ के पुनर्निर्माण, बद्रीनाथ धाम का मास्टर प्लान पर तेजी से कार्य हुए हैं। मानसखंड मंदिर माला मिशन पर कार्य किया जा रहा है।

# बेंगलुरु में कथाकार भगवानदास मोरवाल और शिक्षाविद घनश्याम शब्द पुरस्कारों से पुरस्कृत

एजेंसी



**बेंगलुरु :** दक्षिण की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था शब्द ने रविवार को अपने 27वें वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार अर्पण समारोह में एक लाख रुपये के ह्यअज्ञेय शब्द सृजन सम्मानह्व से मूर्धन्य कथाकार भगवानदास मोरवाल को नवाजा। इसके साथ ही 21 हजार रुपये का दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं नलगोंडा गवर्नमेंट कॉलेज के प्राचार्य डॉ घनश्याम एस को प्रदान किया गया। सम्मानित विभूतियों को नकद राशि के अलावा अंगवस्त्रम, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति फलक एवं श्रीफल भी भेंट किए गए। अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान ग्रहण करते हुए कथाकार मोरवाल ने कहा कि एक सर्जक में ऐतिहासिक निरपेक्षता और अपने लोक जीवन की समझ का होना निहायत जरूरी होता है। शब्द संस्था ने अपना प्रतिष्ठित अज्ञेय शब्द सृजन सम्मान देकर मेरी ऐतिहासिक निरपेक्षता और समझ पर मुहर लगायी है। शिक्षाविद डॉ घनश्याम ने दक्षिण भारत शब्द हिंदी सेवी सम्मान ग्रहण करते हुए कहा कि मूल्यों के क्षरण के आज के समय में पारदर्शिता, प्रेम, परिश्रम और पवित्रता से काम लेना होगा। उन्होंने शब्द के कार्यों की प्रशंसा करते हुए पुरस्कार राशि संस्था को लौटा दी और राशि को शब्द के भावी कार्यक्रमों में उपयोग करने का आग्रह किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रख्यात कन्नड़ कथाकार हम्पा नागराजय्या ने कहा कि साहित्य की संगति के लिए सहृदय होना बहुत जरूरी है। शब्द प्रकाश भी है और ज्योति भी, लेकिन शब्द सबसे अधिक अर्थयुक्त तब होता है, जब निःशब्द होता है। यही शब्द व्यंजित होता है। साहित्यकार इसी शब्द की साधना करता है। समारोह की शुरूआत में शब्द के अध्यक्ष डॉ श्रीनारायण समीर ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि शब्द के पुरस्कारों का ध्येय साहित्य और साहित्यकार को समाज के विचार-केंद्र में लाने और समादृत करने का प्रयास है।

### सराफा बाजार में सपाट स्तर पर सोना, चांदी के भाव में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली :** घरेलू सरार्फा बाजार में आज सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में बदलाव नहीं होने की वजह से देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 77,600 से लेकर 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,150 से लेकर 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज भी 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## बाबा साहब के नाम पर छलावापूर्ण राजनीति करने वालों से सावधानी जरूरी : मायावती



एजेंसी

**लखनऊ :** संसद में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर बहुजन समाज पार्टी 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन करने की घोषणा की है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इस शांतिपूर्ण आंदोलन की सफल बनाने सर्वसमाज के लोगों से अपील की है। बसपा प्रमुख ने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री ने संसद में जिस तरह से बाबा साहब पर विरोधी टिप्पणी की है, उसे वापस लें। लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आयी है। अमित शाह के बयान को वापस लेने की माँग को लेकर बसपा मंगलवार को देश भर में जिला मुख्यालयों पर शान्तिपूर्ण धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की सर्वसमाज से अपील की है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि बाबा साहब का जिस तरह से अपमान हुआ है, उससे उनके करोड़ों अनुयाइयों को ठेस पहुंची हैं। इससे यह साबित होता है कि कांग्रेस और भाजपा आदि कोई भी उनका सच्चा हितैषी नहीं। सबकी नीयत, नीति में खोट है। ऐसे में बाबा साहब के नाम पर छलावापूर्ण राजनीति करने वालों से सावधानी जरूरी है।

# बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग ला रहा है 25 से 27 दिसंबर तक फ्लैट 50% की छूट

एजेंसी

**मुंबई :** इस दिसंबर, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग फैंस और फैशन प्रेमियों को साल के सबसे बड़े सेलिब्रेशन में शामिल होने का न्योता दे रहा है भाई का बड्डेः वेटलिफ्टिंग तो बनता है। बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग के ब्रांड एंबेसडर सलमान खान अपने जन्मदिन पर 25 से 27 दिसंबर तक सभी कलेक्शन पर फ्लैट 50% छूट के साथ इसे खास बना रहे हैं। सलमान खान की बड़ी पर्सनालिटी को देखते हुए, उनका बर्थडे उनके फैंस के लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है। इस साल, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग इस सेलिब्रेशन को एक शॉपिंग महोत्सव में बदल रहा है, जहां स्टाइल और उद्देश्य का अनूठा मेल देखने को मिलेगा। ग्राहक लेटेस्ट कलेक्शन पर शानदार छूट का आनंद ले सकते हैं और अपने पसंदीदा स्टार के खास दिन को बीइंग ह्यूमन के स्टाइल में मना सकते हैं।

**4 नए परफ्यूम स्प्रे का लॉन्च**

इस फेस्टिविटी को और खास बनाने के लिए, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग इस सीजन में 4 नए परफ्यूम स्प्रे लॉन्च कर रहा है। सलमान खान की करिश्माई पर्सनालिटी और उनकी अपील से प्रेरित ये परफ्यूम हर फैन के स्टाइल को सूट करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। ये परफ्यूम गिफ्ट देने के लिए परफेक्ट हैं या अपने डेली लाइफ में ताजगी का अहसास जोड़ने के लिए।

आयान अग्निहोत्री, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग ने कहाः

यह कैंपेन सिर्फ एक सेल नहीं है यह सलमान मामू के समर्थकों के साथ जुड़ने और उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद कहने का तरीका है। यही सही समय है हमारे 4 नए परफ्यूम स्प्रे को लॉन्च करने का, जो भाई के टाइमलेस करिश्मा को रिफ्लेक्ट करता है। विवेक संधवार, सीओओ, बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग ने कहाः

भाई का बड्डेः वेटलिफ्टिंग तो बनता है। सिर्फ सलमान खान के जन्मदिन का जश्न नहीं है; यह उदारता और खुशी की भावना का उत्सव है, जिसे हमारा ब्रांड अपनाता है। इस कैंपेन के जरिए, हम बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग में अपने ग्राहकों को सेलिब्रेशन के सेंटर में लाने के लिए उत्साहित हैं।

# एनएचआरसी ने बिजली का झटका लगने से दो श्रमिकों की मौत को लेकर तमिलनाडु सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने त्रिची में बिजली का झटका लगने से दो श्रमिकों की मौत पर तमिलनाडु के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है। एनएचआरसी ने एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया है कि 18 दिसंबर को तमिलनाडु उत्पादन एवं वितरण निगम (टैंगेडको) के साथ अनुबंध पर मजदूर के रूप में काम करने वाले दो व्यक्तियों की तमिलनाडु के त्रिची के केके नगर में ओलैयूर रिंग रोड के पास एक हाई टेंशन ओवरहेड विद्युत लाइन की मरम्मत करते समय बिजली का झटका लगने से मृत्यु हो गई। आयोग ने पाया है कि मीडिया रिपोर्ट की जानकारी यदि सत्य है, तो यह बिजली विभाग की ओर से की गई घोर लापरवाही को दर्शाती है जिसके परिणामस्वरूप दो मजदूरों की मृत्यु हो गई। आयोग ने यह भी कहा है कि राज्य में पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है और आयोग के लिए चिंता का विषय है। आयोग ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के अंदर इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आशा व्यक्त की गई है कि रिपोर्ट में इस घटना के संबंध में दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट की स्थिति और दोनों पीड़ितों के परिजनों को दिए गए मुआवजे के बारे में विवरण को शामिल किया जाएगा। आयोग ने यह भी जानकारी मांगी है कि राज्य सरकार और तमिलनाडु उत्पादन एवं वितरण निगम ने वे कौन-से कदम उठाए व प्रस्तावित किए हैं ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

प्रारंभिक जांच के अनुसार, मरम्मत कार्य के दौरान केबल की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बंद नहीं की गई थी। कर्मचारी सुरक्षात्मक उपकरणों के बिना ही काम कर रहे थे। पिछले साल तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले में इसी तरह की एक घटना में ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते समय एक कर्मचारी की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। पिछले महीने चक्रवात फेंगल के दौरान एक प्रवासी कर्मी की भी करंट लगने से मौत हो गई थी और उसका शव मुथियालपेट में एक एटीएम के पास मिला था।

## संक्षिप्त खबरें

### शिमला में सीजन की दूसरी बर्फबारी, पर्यटकों में खुशी की लहर



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली और राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो गया है, वहीं निचले और मैदानी हिस्सों में घने बादल छाए हुए हैं। खासकर राजधानी शिमला में हल्की बर्फबारी हो रही है। इससे सर्दी का प्रकोप और भी तेज हो गया है। शिमला के प्रसिद्ध रिज मैदान और मॉल रोड पर बर्फ के सफेद फाहे गिर रहे हैं, जिससे यहां का दृश्य बेहद खूबसूरत बन गया है। बाहरी राज्यों से उमड़े पर्यटक बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं। इसके अलावा शिमला से सटे पर्यटन स्थल कुफरी और नारकण्डा में भी हल्की बर्फबारी हो रही है। यह बर्फबारी पर्यटकों के लिए एक शानदार तोहफा साबित हो रही है क्योंकि यहां आने वाले सैलानियों के चेहरे खुशी से चमक रहे हैं। शिमला में बर्फबारी के बाद पर्यटकों का तांता लगना शुरू हो गया है और वे बर्फबारी के इस मनोरम दृश्य का आनंद लेने के लिए यहां पहुंचे हैं। शिमला में विंटर सीजन की ये दूसरी बर्फबारी है। इस बार शिमला में 15 दिनों के बाद दूसरी बार बर्फबारी हो रही है जिससे पर्यटकों को सर्दियों का भरपूर मजा लेने का मौका मिल रहा है। यह बर्फबारी शिमला और आसपास के पर्यटन स्थलों के लिए एक बहुत अच्छा संकेत है क्योंकि इससे पर्यटन उद्योग को संजीवनी मिलती है। खासकर दिसंबर के महीने में बर्फबारी का मौसम पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र होता है। शिमला के होटल, रिसॉर्ट्स और अन्य आवासीय सुविधाओं में इन दिनों जबरदस्त बुकिंग हो रही है। यहां क्रिसमस और न्यू ईयर की छुट्टियों के दौरान पर्यटकों की संख्या में और भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस समय शिमला में करीब 80 फीसदी होटल पहले ही सैलानियों से पैक हो चुके हैं। शिमला की बर्फबारी न सिर्फ पर्यटकों के लिए एक खास अनुभव है, बल्कि यह स्थानीय व्यापारियों और होटलों के लिए भी एक अच्छा अवसर साबित हो रहा है। सैलानियों के आने से यहां के होटल व्यवसाय और पर्यटन से जुड़े अन्य उद्योगों को मजबूती मिल रही है। बर्फबारी के कारण शिमला और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों की आमद बढ़ने से रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ हो रहा है।

### 10 यात्रियों को ले जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त बचाव कार्य जारी



**ब्रासीलिया :** दक्षिणी ब्राजील के पर्यटक शहर ग्रैमाडो में 10 यात्रियों को ले जा रहा एक छोटा विमान दुकानों से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नागरिक और रक्षा अधिकारियों ने सभी यात्रियों के मारे जाने की आशंका जताई है। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है।

रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के सार्वजनिक सुरक्षा कार्यालय के अनुसार,विमान कथित तौर पर पहले एक इमारत की चिमनी से टकराया फिर एक घर की दूसरी मंजिल को तोड़ते हुए एक फर्नीचर की दुकान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद विमान का मलबा पास के एक सराय तक भी पहुंचा। इलाके के अधिकारियों ने बताया कि इस दुर्घटना में अब तक 15 लोगों को शहर के अस्पताल में ले जाया गया है। इनमें ज्यादातर लोग दुर्घटना के बाद लगी आग और उसके धुएं में दम घुटने से पीड़ित थे। वहीं शहर के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दुर्भाग्य से, शुरूआती रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि विमान में सवार लोग जीवित नहीं बचे। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है।

### अभिनेता मुस्ताक खान अपहरण कांड का मुख्य अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार



**बिजनौर :** फिल्म अभिनेता मुस्ताक खान के अपहरण कांड में फरार मुख्य आरोपित को सोमवार सुबह मण्डावर रोड पर मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव कुमार बाजपेयी ने बताया कि मुठभेड़ में पकड़ा गया इनामी बदमाश की पहचान बिजनौर के नई बस्ती निवासी लवी उर्फ सुशांत उर्फ हिमांशु के रूप में हुई है। पुलिस की गोली से घायल होने पर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तार बदमाश लवी के साथ एक और बदमाश था, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। एएसपी सिटी ने अभिनेता मुस्ताक खान के इवेंट मैनेजर शिवम यादव ने बीती 09 दिसंबर को थाना शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इसमें अभिनेता मुस्ताक अहमद खान के अपहरण में सार्थक चौधरी उर्फ विक्की, साबुद्दीन अजीम, शशांक कुमार, शिया व आकाश उर्फ गोला उर्फ दीपेंद्र सहित अन्य साथियों के नाम का खुलासा हुआ था। इस मामले में 25 हजार के इनामी बदमाश आकाश उर्फ गोला उर्फ दीपेंद्र सहित पांच आरोपितों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एएसपी ने बताया कि सोमवार सुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अपहरण काण्ड के मुख्य अभियुक्त लवी उर्फ सुशान्त अपने मौसरे भाई शुभम के साथ मण्डावर रोड स्थित जैन फार्म हाउस में किसी से मिलने जा रहा है। इस पर कोतवाली पुलिस ने स्वाट और सर्विलांस सेल की मदद से आरोपित को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दावा किया है कि लवी चौधरी ने अभिनेता का अपहरण कर बिजनौर शहर के मोहल्ला चाहशीरी के एक मकान में छिपाकर रखा था। परिजनों से एक करोड़ रुपये की डिमांड की गई थी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902